राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़

11 रांची में इंग्लैंड-भारत के बीच....

शिबू सोरेन को दिल्ली हाईकोर्ट से झटका... 12

वर्ष : 11 | अंक : 280 | पटना, गुरुवार, 22 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

अधिकतम तापमान 23°C
न्यूनतम तापमान 18°C

बाजार

सोना 64,110

चांदी 75,200

सेंसेक्स 72,623

निफ्टी 22,055

संक्षिप्त खबरें

कानूनविद् फली एस नरीमन का निधन, पीएम ने जताया शोक

नई दिल्ली। देश के जाने-माने कानूनविद् और सुप्रीम कोर्ट के अनुभवी वरिष्ठ वकील फली एस नरीमन का बुधवार को सुबह 95 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने दिल्ली में आखिरी सांस ली। नरीमन का वकील के तौर पर 70 साल से ज्यादा का अनुभव रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फली एस नरीमन के निधन पर शोक जताया है। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर लिखा है, श्री फली नरीमन ने अपना संपूर्ण जीवन आम नागरिकों को न्याय सुलभ कराने के लिए समर्पित कर दिया। उनके निधन से मुझे दुख हुआ है। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। उसकी आत्मा को शांति मिलें। नवंबर 1950 में फली एस. नरीमन बॉम्बे हाई कोर्ट में वकील के तौर पर रजिस्टर्ड हुए। उन्हें 1961 में वरिष्ठ वकील का दर्जा दिया गया। बॉम्बे हाई कोर्ट के बाद नरीमन ने 1972 से सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस शुरू की। वे मई 1972 में भारत के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल नियुक्त हुए।

किसानों पर पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस ने बुधवार को हरियाणा की सीमा से लगती शंभू सीमा पर प्रदर्शनकारी किसानों द्वारा सीमा तोड़ने की कोशिश पर आंसू गैस के गोले दागे। हालांकि, किसान नेता प्रदर्शनकारियों से शांति बनाए रखने की अपील करते रहे। एमएसपी की कानूनी गारंटी तथा अन्य मांगों को लेकर राष्ट्रीय राजधानी की ओर निकले किसान पंजाब से हरियाणा में प्रवेश करने की फिराक में हैं। वे अपने साथ गैस मास्क, बुलडोजर और भारी मशीनें लेकर आये हैं। हरियाणा पुलिस ने अर्थमूवर मशीनों और बुलडोजरों के मालिकों को चेतावनी देते हुए कहा है, आपको आपराधिक रूप से उत्तरदायी ठहराया जा सकता है। एक्स पर एक पोस्ट में पुलिस ने कहा कि इन मशीनों का इस्तेमाल सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए किया जा सकता है, जो एक गैर-जमानती अपराध है। पुलिस ने चेतावनी दी, पोकलेन और जेसीबी के मालिक तथा संचालक, कृपया प्रदर्शनकारियों को अपने उपकरणों की सेवाएं प्रदान न करें। कृपया इन मशीनों को विरोध स्थल से हटा लें। इन मशीनों का इस्तेमाल सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए किया जा सकता है। यह एक गैर-जमानती अपराध है और आपको आपराधिक रूप से उत्तरदायी ठहराया जा सकता है। पंजाब और हरियाणा के किसानों का एक बड़ा जमावड़ा हरियाणा की सीमाओं पर जारी है।

स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त चुनाव कराना आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता : आयुक्त

आयुक्त की अपील- बिना किसी डर के वोट करने जाएं

प्रातः किरण

पटना। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर निर्वाचन आयोग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। तैयारियों की समीक्षा को लेकर भारत निर्वाचन आयोग दो दिवसीय बिहार दौरे पर है। इस दौरान मुख्य निर्वाचन आयोग ने सूबे के सभी राजनीतिक दलों के अलावा प्रदेश के आला अधिकरियों के साथ चुनाव को लेकर समीक्षा की। समीक्षा के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त चुनाव कराना निर्वाचन आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। लोगों से अपील करता हूं कि वे बिना किसी डर के वोट करने जाएं। निर्वाचन आयोग मतदाताओं को हर तरह की सुविधाएं मुहैया कराएगी। वहीं, आयुक्त ने बिहार में कम वोटिंग पर चिंता जताई। कहा कि बिहार में वोटिंग का औसत राष्ट्रीय औसत से कम रहा है, जबकि बिहार एक जागरूक राज्य है। उन्होंने कहा कि बिहार में कम मतदान चिंता का विषय है क्योंकि यह वह भूमि है जहां माना जाता है कि लोकतंत्र का जन्म हुआ और जहां के नागरिक अभी भी राजनीतिक रूप से अधिक जागरूक हैं। उन्होंने कहा कि 2019 में यह न केवल राष्ट्रीय औसत से कम था बल्कि देश में कम मतदान के मामले में दूसरे स्थान पर रहा था। जम्मू-कश्मीर में सबसे कम मतदान प्रतिशत दर्ज किया गया था। सीईसी ने कहा कि मतदान में सुधार सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।

उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जहां यह विशेष रूप से कम मतदान हुआ था। उन्होंने कहा कि हमने देखा है कि 2019 में शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत कम था।

राज्य में 16 विधानसभा क्षेत्र हैं जो मुख्य रूप से शहरी हैं। इनमें से 12 में (शहरी विधानसभा क्षेत्रों का 75 प्रतिशत) मतदान राज्य के औसत 57.33 प्रतिशत से कम था। बुधवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि बिहार में 7.64 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 4 करोड़ पुरुष और 3.6 करोड़ महिलाएं हैं। 21,680 मतदाता 100 साल से अधिक उम्र के हैं। 9.26 लाखों पहली बार के मतदाता हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि इस बार ईवीएम की सारी जानकारी राजनीतिक दलों को दी जाएगी। राजनीतिक दलों को हर मूवमेंट की जानकारी होगी। निर्वाचन आयोग ने उम्मीदवारों को प्रचार करने पर भी अपडेट दिया है। उम्मीदवार को अब प्रचार करने के लिए 5 की जगह 14 गाड़ियों की सुविधा होगी। इसी के साथ निर्वाचन आयोग की नजर उम्मीदवार के खर्च पर भी होगी। चुनाव आयोग ने सभी अधिकारियों को चुनाव में होने वाले खर्च पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया इस बार के चुनाव में ट्रांसपेरेंसी नजर आए, इसके लिए पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि बिहार के ग्रामीण इलाकों के बुथों पर वेब कास्टिंग की व्यवस्था की जा रही है, ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी पर नजर रखी जा सके। मीडिया को संबोधित करते हुए राजीव कुमार ने बताया कि कुछ राजनीतिक दलों ने चुनाव की अवधि छोटा रखने की मांग की थी। जिस पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इतने बड़े देश में चुनाव प्रक्रिया को छोटा रख पाना इतना आसान नहीं होता है। वहां सारी व्यवस्था करना पड़ता है। सीईसी ने ईवीएम की इस्तेमाल को जायज ठहराते हुए कहा कि इस साल 70 देशों में चुनाव होने हैं। कुछ जगहों पर चुनाव हुए हैं, वहां क्या स्थिति रही है, इससे सभी वाकिफ हैं।

सुदूर क्षेत्र से पटना पहुंचने के लिये 5 घंटे के लक्ष्य पर किया जा रहा काम

सीएम नीतीश ने ग्रामीण कार्य विभाग की 3618 योजनाओं का किया उद्घाटन

प्रातः किरण, वरीय संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को एक अणे मार्ग स्थित संकल्प में रिमोट के माध्यम से ग्रामीण कार्य विभाग की 4446.188 करोड़ रुपये की लागत की 3590 पथों एवं 28 पुलों यानी कुल 3618 याजनाओं का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत 1735.814 करोड़ रुपये लागत की 1583 पथों एवं 11 पुलों, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ परत नवीनीकरण कार्यक्रम अन्तर्गत 2576.070 करोड़ रुपये की 1977 पथों तथा राज्य योजना अन्तर्गत 134.304 करोड़ रुपये की 30 पथों एवं 17 पुलों का उद्घाटन किया गया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2005 में सरकार में आने के बाद से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में राज्य में कई सड़कों एवं पुलों का निर्माण कराया गया। राज्य के किसी भी सुदूर क्षेत्र से राजधानी पटना पहुंचने के लिये 6 घंटे के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया है और अब 5 घंटे के लक्ष्य पर काम किया जा रहा है। ग्रामीण कार्य विभाग के अन्तर्गत भी कई ग्रामीण पथों एवं पुलों का निर्माण किया गया है। ग्रामीण कार्य विभाग का बजट जो वर्ष 2007-08 में लगभग 1390 करोड़ रुपए था वह वर्ष 2023-24 में बढ़कर 11569 करोड़ रुपए हो गया। ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना, ग्रामीण टोला सम्पर्क निश्चय योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कम आबादी वाले बसावटों एवं टोलों में आवासित सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टिकोण से पिछड़े हुये ग्रामीणों को सुलभ सम्पर्कता प्रदान करने के लिये इन योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री का यह निर्देश रहा है कि जो नई सड़कें बनायी जाती हैं, उनका नियमित रूप से रख-रखाव भी होता रहे ताकि आमजनों को बारहमासी सुगम सम्पर्कता का लाभ मिलता रहे। क्षतिग्रस्त महत्वपूर्ण पथों के उन्नयन हेतु मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना 2023 से प्रारंभ की गयी है ताकि निर्धारित समय अवधि में सड़कों का पुनर्निर्माण, सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण किया जा सके और लोगों का आवागमन हमेशा सुलभ बना रहे। कार्यक्रम में ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने मुख्यमंत्री को हरित गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं पर आधारित एक लघु फिल्म की प्रस्तुति दी गई।

हमारी सरकार ने बहुत कुछ काम किया: नीतीश

विस में विपक्ष सदस्यों के नारेबाजी पर सीएम ने जताई नाराजगी

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बुधवार को विधानसभा में विपक्षी सदस्यों द्वारा उनके खिलाफ मुदार्बाद के नारे लगाये जाने पर नाराजगी जतायी। दरअसल, विधानसभा में बुधवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने एक भाजपा विधायक द्वारा मंगलवार को कथित तौर पर असंसदीय शब्दों का प्रयोग किये जाने के मुद्दे पर उनसे माफी की मांग करते हुए हंगामा करना शुरू कर दिया। कई विपक्षी सदस्य वेल में आ गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सदन अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने सभी से अपनी सीट पर लौटने की अपील की, लेकिन उसे भी अनसुनी कर दिया। विपक्षी सदस्यों के मुदार्बाद के नारे पर मुख्यमंत्री अपनी सीट से खड़े हो गये और विपक्षी सदस्यों की जमकर खिंचाई की। उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ मुदार्बाद के नारे लगाते रहो। मैं तुम्हें जिंदाबाद कहूंगा। लेकिन याद रखना अगले चुनाव में आप में से ज्यादातर लोग फिर से निर्वाचित नहीं हो पाएंगे। तब आप अपना समय अपने निर्वाचन क्षेत्रों में शोर मचाने में बिता सकते हो। जनता दल यूनाइटेड अध्यक्ष ने कहा, हमारी सरकार ने बहुत कुछ किया है। लेकिन आप लोग जब भी सत्ता में आए गलत काम किए। मैं सब कुछ ठीक करने जा रहा हूं। वहीं, शिक्षा विभाग के अपर सचिव के खिलाफ विपक्षी सदस्यों के नारेबाजी पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष को एक ईमानदार अधिकारी को हटाने की मांग करने का अधिकार नहीं है। यह मांग पूरी तरह गलत है वैसे अधिकारी है जो इधर-उधर का धंधा नहीं करते हैं। इसके बाद सीएम नीतीश ने कहा कि स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई सुबह 10 बजे से शुरू होगी। मगर शिक्षकों को 15 मिनट पहले स्कूल आना होगा। टीचर बच्चों के स्कूल आने से 15 मिनट पहले आएंगे और उनके जाने के 15 मिनट बाद स्कूल से निकलेंगे।

लखीसराय-सिकंदरा मुख्य मार्ग पर ट्रक व ऑटोरिक्शा के बीच भिड़ंत

ट्रक और ऑटो रिक्शा की टक्कर में नौ की मौत, पांच घायल

प्रातः किरण

लखीसराय। लखीसराय जिले में रामगढ़ चौक आउट पोस्ट ओपी क्षेत्र के बिहरौरा गांव में लखीसराय-सिकंदरा मुख्य मार्ग पर मंगलवार रात डेढ़ बजे एक ट्रक और ऑटोरिक्शा के बीच हुई सीधी टक्कर में ऑटो चालक समेत नौ युवक की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि 21 फरवरी को रात्रि करीब 01:30 बजे रामगढ़ चौक ओपी स्थित बिहरौरा के समीप लखीसराय-सिकंदरा मुख्य मार्ग पर गलत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक की ऑटोरिक्शा से टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में ऑटो में सवार कुल चौदह लोगों में से आठ की मौके पर ही मौत हो गई जबकि ऑटो चालक समेत छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। सूत्रों ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लखीसराय सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां ऑटो चालक मनोज कुमार 28 वर्ष की इलाज के दौरान मौत हो गई।

वह लखीसराय के रहने वाले थे। चिकित्सकों ने शेष पांच घायलों को आरंभिक इलाज के बाद बेहतर उपचार के लिए पटना चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल रेफर कर दिया। सूत्रों ने बताया कि मृतकों की पहचान रोहित कुमार 24 वर्ष , विनय कुमार 24 वर्ष, रामू कुमार 23 वर्ष, दीवाना कुमार 23 वर्ष, अनुज कुमार 22 वर्ष, किशन कुमार 21 वर्ष, राजवीर कुमार 21 वर्ष और मोनू कुमार 18 वर्ष के रूप में की गई है। ये आठ लोग मुंगेर जिले में जमालपुर थाना क्षेत्र के जांघेरा गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। साथ ही घायलों में साहिल कुमार 17 वर्ष, सावन कुमार 18 वर्ष, सागर कुमार 18 वर्ष, संजीत कुमार 22 वर्ष और ऋतिक कुमार 24 वर्ष शामिल है। ये सभी लोग लखीसराय से कैटरिंग का काम करके वापस मुंगेर लौट रहे थे। अभी तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मुंगेर जिला अंतर्गत जमालपुर प्रखंड का केशोपुर नया टोला (जहांगीरा) वार्ड संख्या 35 में घटना की सूचना मिलते ही कोहराम मचा गया। सभी तरफ से चीख पुकार मच गई। लोग अपनों के विषय में जानकारी लेने के लिय फोन से सम्पर्क साधने लगे। सभी लखीसराय निकल गए।

पीएम व सीएम ने हादसे में हुई मौत पर जताया दुख

नई दिल्ली। लखीसराय में सड़क दुर्घटना में हुई लोगों की मौत पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुख जताया है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से एक्स पर किए गए एक पोस्ट के मुताबिक मोदी ने कहा, बिहार के लखीसराय में हुआ सड़क हादसा अत्यंत दुखद है। इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव सहायता में जुटा है। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लखीसराय के रामगढ़चौक थाना के बिहरौरा गांव के पास हुयी भीषण सड़क दुर्घटना में मृत 8 लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दुर्घटना काफी दुःखद है और मैं इस घटना से मर्माहत हूँ। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने के शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने गंभीर रूप से घायल लोगों के समुचित इलाज का निर्देश देते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

पूर्वी लद्दाख में शांति बनाए रखने पर सहमति

प्रातः किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत और चीन पूर्वी लद्दाख में जमीन पर शांति बनाए रखने पर सहमत हुए हैं। चुशुल-मोल्डो सीमा पर कोर कमांडर स्तर की 21वें दौर की बैठक के दौरान दोनों पक्ष इस पर राजी हुए। विदेश मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि बैठक सोमवार को हुई। मंत्रालय ने कहा, पिछले दौर की चचाओं में भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में शांति बहाली के लिए एक आवश्यक आधार के रूप में पूर्वी लद्दाख में एलएसी (वास्तविक सीमा रेखा) के साथ शेष क्षेत्रों में पूरी तरह संघर्ष रोकने की मांग की गई थी। दोनों पक्षों ने अपने दृष्टिकोण साझा किए। यह बातचीत मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई। दोनों पक्ष प्रासंगिक सैन्य और राजनयिक तंत्र के माध्यम से भविष्य में भी संचार बनाए रखने पर सहमत हुए हैं। उन्होंने इस बीच सीमावर्ती क्षेत्रों में जमीन पर शांति बनाए रखने के लिए भी प्रतिबद्धता जताई है।

नहीं रहे मशहूर रेडियो उद्घोषक अमीन सयानी, पीएम व सीएम ने जताया दुख

प्रातः किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। मशहूर रेडियो उद्घोषक अमीन सयानी का हार्ट अटैक से निधन हो गया है। 91 साल की उम्र में मुंबई में उन्होंने अंतिम सांस ली। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया। इस घटना से परिवार के लोग काफी सदमे में हैं। वही एंटरटेनमेंट की दुनिया में भी सन्नाटा छा गया। उनके निधन की सूचना मिलने के बाद रिश्तेदार मुंबई के लिए रवाना हो गये

हैं। रिश्तेदारों के आने के बाद अंतिम संस्कार 22 फरवरी को होगा। उन्होंने ऑल इंडिया रेडियो को लोकप्रिय बनाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने रेडियो की दुनिया में बड़ा नाम कमाया। रेडिया की दुनिया में आवाज के जादूगर कहे जाने वाले दिग्गज रेडियो उद्घोषक के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा सहित कई राजनेताओं ने दुख जताया। अमीन सयानी को श्रद्धांजलि देते हुए पीएम मोदी ने ट्वीट किया कि अमीन सयानी जी की सुनहरी आवाज में एक आकर्षण और गर्मजोशी थी। जिसने उन्हें पीढ़ियों से लोगों का प्रिय बनाया। अपने काम के बदौलत उन्होंने इंडियन ब्रॉडकास्टिंग में क्रांति लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपने लिस्नर्स के साथ एक खास ब्रांड बनाया। उनकी जाने से दुखी हूं। भगवान उनकी आत्मा को शांति दें। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि मशहूर रेडियो उद्घोषक अमीन सयानी जी का निधन दुःखद। स्व अमीन सयानी जी को रेडियो की दुनिया में आवाज का जादूगर कहा जाता था।

दोनों सदनों में केके पाठक के मुद्दे पर हंगामा

पटना। बिहार विधानसभा में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक को हटाने की मांग को लेकर विपक्ष ने बुधवार भारी हंगामा किया। हंगामें के बीच सदन की पहली पाली की कार्यवाही चलती रही। बाद में स्पीकर ने दोपहर दो बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया। विधानसभा के बाद विधान परिषद में केके पाठक को लेकर सत्ताधारी दल और विपक्ष एक साथ आ गए और केके पाठक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

3 मार्च को पटना में महागठबंधन की होगी महारैली

राहुल, लालू, दीपंकर, डी राजा व येयूरी सहित कई नेता होंगे शामिल

प्रातः किरण

पटना। राजधानी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आगामी 3 मार्च को महागठबंधन की जन विश्वास महारैली होगी। इस महारैली में राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, भाकपा माले के कॉ दीपांकर भट्टाचार्या, सीपीआई के कॉ डी राजा, सीपीआई एम के कॉ सीताराम येयूरी सहित सभी दलों के प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। राजद प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस बात की जानकारी दी गयी। कांग्रेस के

प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने इस दौरान दावा किया कि इस महारैली में 10 लाख लोग शामिल होंगे। वहीं, राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने कहा कि पूरा बिहार इंडिया गठबंधन के साथ है। 3 मार्च को भारी संख्या में लोग गांधी मैदान पहुंचेंगे। रैली की तैयारी में महागठबंधन के तमाम लोग जुटे हैं। राजद के प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दीकी ने कहा कि जिस प्रकार का विश्वासघात किया गया उसे लेकर बिहार की जनता गुस्से में हैं और बिहार में परिवर्तन चाहती है। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कृपानाथ पाठक, भाकपा माले के पोलित ब्यूरो सदस्य कॉमरेड मीना तिवारी, वरिष्ठ नेता केडी यादव, कॉमरेड अभ्युदय, सीपीआई के राज्य सचिव कॉ रामनरेश पाण्डेय, सीपीआई नेता कॉ जानकी पासवान, कॉ रामबाबू कुमार, सीपीआई एम के कॉ. सर्वोदय शर्मा, कॉमरेड अरूण कुमार, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, भोला यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष वृषिण पटेल, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू की उपस्थिति में बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि लोकतंत्र एवं संविधान बचाने के लिए दिनांक 03 मार्च को पटना के गांधी मैदान में जन विश्वास महारैली आयोजित किया जायेगा।

इस्तीफा **इस्तीफे के संबंध मे विधानसभा सचिवालय की ओर से जारी की गई अधिसूचना**

बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने दिया इस्तीफा

प्रातः किरण

पटना। विधानसभा के उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस संबंध में विधानसभा सचिवालय की ओर से अधिसूचना जारी की गयी है। अधिसूचना में सचिवालय की ओर से महेश्वर हजारी का इस्तीफा स्वीकार किये जाने की जानकारी दी गयी है। विधानसभा सचिवालय के पत्र में कहा गया है कि उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने खुद अपने पद का त्याग कर दिया है। इसके साथ ही राजनीति में अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। बताया जा रहा है कि उन्हें नीतीश मंत्रिमंडल में जगह मिल

सकती है। जदयू नेताओं के अनुसार महेश्वर हजारी को जल्द ही नीतीश सरकार में मंत्री बनाया जायेगा। इस वजह से ही उन्होंने उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया है। महेश्वर हजारी पहले भी नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में भवन निर्माण मंत्री रह चुके हैं।

नरेंद्र नारायण यादव होंगे नए उपाध्यक्ष, आज करेंगे नामांकन!

पटना। बिहार विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी के इस्तीफे के बाद जदयू कोटे से विधायक नरेंद्र नारायण यादव विधानसभा के उपाध्यक्ष होंगे। उपाध्यक्ष पद के लिए नरेंद्र नारायण यादव आज अपना नामांकन दाखिल करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद खुद उन्होंने इसकी जानकारी दी है। महेश्वर हजारी के इस्तीफे के बाद खाली हुए विधानसभा उपाध्यक्ष पद के लिए नरेंद्र नारायण यादव गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नरेंद्र नारायण यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जो उनके ऊपर भरोसा जताया है निश्चित तौर पर उसपर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका हर निर्णय हमारे लिए आदेश होता है और जो भी जिम्मेदार दी है, हम उसे जिम्मेदारी को निभाएंगे। नरेंद्र नारायण यादव मधेपुरा के आलमनगर विधानसभा से जेडीयू के विधायक हैं। नरेंद्र नारायण यादव बिहार सरकार में पंचायती राज मंत्री रह चुके हैं। इसके साथ ही साथ साल 2005 से 2015 तक विभिन्न विभागों में कैबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं। मधेपुरा के बालाटोला के रहने वाले नरेंद्र नारायण यादव का काफी लंबा राजनीतिक करियर रहा है।

संक्षिप्त खबरें

नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया है

दानापुर खगौल। नगर के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति संस्था सूत्रधार ने खगौल स्थित आर्यभट निकेतन के परिसर में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली द्वारा भारत रंग महोत्सव के 25 वर्ष पूरे होने पर सूत्रधार ने खगौल में भव्य आयोजन किया' लोक गायक गुलशन पांडे एवं राजेश कुमार ने हिदुस्तान की महिमा का बखान करते हुए मधुर गीत के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की ' नाट्य प्रस्तुति रंगकर्मी नवाब आलम के निर्देशन में हुई ' सोने की चिड़िया कहलाने वाले भारत का गौरव बढ़ाना है, विकसित भारत के सपनों को साकार करना है ' पूरा विश्व एक परिवार, वसुधैव कुटुंबकम के संदेश को अपनाने का आह्वान नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से किया गया लो आ गई सोने की चिड़िया गाने की मधुर ध्वनि ने सबका मन मोह लिया ।

कार और बाइक के टक्कर में एक की मौत, एक घायल

फतुहा।बुधवार को फोरलेन ओवरब्रिज पर एक कार व बाइक की आमने सामने टक्कर हो गयी। इस घटना में जहां बाइक की परखच्चे उड़ गए, वहीं बाइक पर सवार एक 19 वर्षीय युवक की मौत हो गयी तथा बाइक पर सवार दो अन्य लोग घायल हो गये। मृतक की पहचान मसाढ़ी पंचायत के सतौली गांव निवासी सत्येंद्र यादव के 19 वर्षीय पुत्र मितरंजन कुमार के रुप में हुई है। घायलों में अथमलगोला थाना क्षेत्र के गंज पर निवासी 34 वर्षीय मिंटू कुमार तथा बिहारशरीफ के पतुआना गांव निवासी 23 वर्षीय दीनानाथ कुमार के रुप में हुई है। मृतक मितरंजन घायल मिंटू का भांजा है तथा घायल दीनानाथ कुमार मिंटू का ही एक रिश्तेदार बताया जा रहा है। तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर मृतक मितरंजन के घर सतौली जा रहे थे। फोरलेन ओवरब्रिज पर एक कार गलत दिशा से घुस गया और सामने से आ रही बाइक से टकरा गयी। घायल दोनों को बेहतर इलाज के लिए पटना भेज दिया गया। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन सीएचसी पहुंच गए। सीएचसी परिसर में ही परिजनों की क्रंदन गूंजने लगी।

अखंड कीर्तन को लेकर निकाली कलश यात्रा

फतुहा। बुधवार को सोनारु स्थित शिव मंदिर में दो दिवसीय अखण्ड कीर्तन को लेकर कलश यात्रा निकाली गयी। यह कलश यात्रा में 401 महिलाएं कलश पात्र लेकर शिवमंदिर से स्थानीय त्रिवेणी संगम पहुंची। त्रिवेणी संगम से कलश पात्र में गंगाजल भरकर वापस सोनारु स्थित शिव मंदिर लौट गयी। इस मौके पर आयोजकों के साथ साथ गांव के गणमान्य लोग मौजूद थे।

पुस्तकालय से समरसेबल मोटर की हुई चोरी

फतुहा। फतुहा हाईस्कूल से सरिया चोरी करने के बाद चोरों ने अब बगल में स्थित वाणी पुस्तकालय में घुसकर समरसेबल मोटर की चोरी कर ली। चोरों ने इस घटना को अंजाम पीछे हाईस्कूल के तरफ से पुस्तकालय के छत पर चढ़कर दिया है। चोर मोटर को उखाड़कर ले गये हैं। इस सन्दर्भ में वाणी पुस्तकालय के सरंक्षक दयानंद यादव ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है। शिकायत के आलोक में पुलिस मामले की छानबीन करने में जुटी है। विदित हो कि दो दिन पहले फतुहा हाईस्कूल से चोरों ने सरिया चोरी कर ली थी।

शराब के साथ दो गिरफ्तार, आर्म्स एक्ट का फरार धराया

पटना सिटी (प्राकि)। मालसलामी थाना पुलिस ने दोपहिया वाहन पर शराब ले जाते एक को दबोचने का काम किया है। मथनीतल मुहल्ला में सूरज पासवान स्कूटी पर शराब लेकर जा रहा था। पुलिस ने रोक कर जांच किया, तो देसी शराब पाया गया। उसके पास से सौ लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। वहीं एक अन्य युवक को एक बोतल शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। दूसरी ओर आर्म्स एक्ट में फरार साबरचक हाता का रहने वाला सन्नी कुमार को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा नौ वांरटी को मालसलामी थाना की पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

जलसा में की गई दस्तारबंदी

पटना सिटी (प्राकि)। कुरआन को कंठस्थ कर हाफिज बने मो इमरान रजा की हाफिज दस्तारबंदी खानकाह वारगाहे इश्क तकिया शरीफ, मितन घाट में हुई, यहां के सज्जादानशीं सैय्यद शाह ख्वाजा आमिर शाहिद की अध्यक्षता में मदरसा इश्क अबुल ओलाइया में आयोजित कार्यक्रम में मुफ्ती सैयद एहसानुल हक एमादी, सद्दाम हुसैन एमादी एवं मौलवी फारूख शामिल हुए। लगभग 12 वर्ष पहले मदरसा की स्थापना हजरत सैय्यद शाह ख्वाजा रुकुनुद्दीन अहमद उर्फ बड़े सरकार ने की थी।

तार के करेंट से सफाई मित्र की मौत, दो जख्मी में एक अतिगंभीर

लोगों का फूटा आक्रोश, सड़क जाम कर किया हंगामा, एनएच 30 जाम कर मांगा मुआवजा हाईटेंशन तार टूटने से हादसा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अगमकुआं थाना क्षेत्र के नंदलाल छपरा के पास बुधवार को चाय-नाश्ता करने के दौरान हाईटेंशन कवर्ड तार टूट कर गिर गया। इसकी चपेट में आने से नगर निगम के दैनिक सफाई मित्र मिथिलेश कुमार की करेंट लगने से मौत हो गई। उसे बचाने को पहुंचे दो कर्मी अजय कुमार और विक्की कुमार उर्फ बीकू मांझी भी जख्मी हो गया। दोनों जख्मी को पुलिस ने इलाज के लिए पीएमसीएच में भर्ती कराया है।

मृत युवक वैशाली जिला के हाजीपुर के बलवा कबाड़ी टोला खुर्द के रहने वाले रमेश पासवान के पुत्र हैं। परिजनों ने बताया कि नाला उड़ाही कार्य के दौरान मिथिलेश हाजिरी बना कर नाश्ता करने गया था। इसी दौरान यह हादसा नंदलाल छपरा के पास हो गया। घटना से आक्रोशित लोगों ने एनएच 30 को जाम कर

दिया और हंगामा करना शुरू कर दिया। सूचना मिलने के बाद अगमकुआं और रामकृष्णा नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। आक्रोशित लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया गया। लगभग एक घंटे के बाद सबों ने सड़क जाम को हटाने का काम किया। इसके बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेजा गया। करेंट से घायल को इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा जा चुका था। रोड जाम रहने के कारण से वाहनों का परिचालन दोनों ओर बाधित हो गया था। थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने सिंह ने बताया कि मृतक के आश्रितों को राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना व कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत सहायता राशि प्रदान की गई है।

मामले में जांच-पड़ताल और कार्रवाई की जा रही है। आक्रोशित लोग विद्युत विभाग को दोषी मानते हुए परिवार को चार लाख मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। वार्ड संख्या 46 के पार्षद प्रतिनिधि सनोज ठाकुर ने बताया कि तीनों दैनिक सफाई मित्र नाला उड़ाही के काम में लगे हुए थे। कंकड़बाग विद्युत कार्य प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता प्रसन्न जीत कुमार ने बताया कि कवर्ड केबल तार के टूटने से घटना हुई है। कवर्ड तार भारी होता है, मगर यह उतना भारी नहीं था कि टूट कर गिर जाए। संभव है कोई मशीन न, हाइवा या किसी भारी वाहन से टकराया जरूर होगा। उक्त तार के गिरने और उसके संपर्क में आने से एक की मौत हुई है और दो के घायल होने की सूचना है। तार कैसे टूटा और सफाई मित्रों को करंट कैसे लगा, इसकी जांच की जा रही है। फिलहाल मृतक के परिवार को नियमानुसार चार लाख की राशि प्रदान साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड के द्वारा मानवता के आधार पर प्रदान की गई है। इस बाबत बिना कागजात को देखे मुआवजा की राशि प्रदान की गई है।

खुशरूपुर प्रखंड की निर्विरोध उप प्रमुख बनीं नीतू

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। खुसरूपुर प्रखंड के नगर पंचायत समिति के उप प्रमुख के पद पर श्रीमती नीतू कुमारी निर्विरोध निर्वाचित हुई हैं। उन्हें निवार्ची पदाधिकारी सह सिटी एसडीओ गुंजन कुमारी ने निर्वाचन से संबंधित प्रमाण पत्र प्रदान किया। साथ ही उन्हें पद की शपथ भी दिलाई गई। मिली जानकारी के अनुसार पंचायत समिति के दस सदस्य हैं। इनमें से छह सदस्य ही अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय कक्ष में बुधवार को मौजूद हुए। इनमें पंचायत समिति के सदस्य नरेश रविदास, श्रीमती नीतू कुमारी, अंजू देवी, चंदरिया देवी, शैलेंद्र जमादार और परशुराम पासवान थे। उपस्थित सदस्यों में से एकमात्र श्रीमती नीतू कुमारी ने उप प्रमुख पद के लिए नामांकन किया। कागजात की जांच के बाद श्रीमती नीतू को निर्विरोध उप प्रमुख पद के लिए निर्वाचित घोषित किया गया। इसके बाद निवार्ची पदाधिकारी सह सिटी एसडीओ गुंजन सिंह के द्वारा उन्हें निर्वाचन से संबंधित प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही उन्हें पद की शपथ भी दिलाई गई।

जन से जुड़ने की कोशिश, जनता कर नहीं रही विश्वास : प्रभाकर मिश्र

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने तेजस्वी यादव की जन विश्वास यात्रा पर तंज कसाक है। उन्होंने कहा कि फिल्म बॉबी का एक मशहूर गीत है, 'झूठ बोले कौवा काटे, काले कौवे से डरियो...'। यह गीत तेजस्वी यादव के चाल, चलन और चरित्र पर पूरी तरह फिट बैठता है। तेजस्वी यादव इन दिनों घूम-घूम कर बएसर-पऐर की बात कर रहे हैं। वे जन का विश्वास पाने को यात्रा पर निकले हैं और जनता उन पर विश्वास नहीं कर रही है। तेजस्वी यादव को यह मालूम होना चाहिए कि झूठ बोलने पर कौवा कान काटे या न काटे, बिहार की जनता उनके झूठ को समझती है। श्री मिश्र ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि तेजस्वी यादव घूम-घूम झूठ बोल रहे हैं और दुष्प्रचार कर रहे हैं। मंगलवार को माता जानकी की जन्मभूमि सीतामढ़ी को झूठ बोल कर अपवित्र किया और बुधवार को बापू के सत्याग्रह भूमि पर झूठ बोला। नतीजा जनता ने देखा, जब माता सीता का श्राप लगा और मंच ही भरभरा कर बैठ गया। तेजस्वी झूठ बोलने की मशीन हैं और राजद झूठ बोलने की फैक्ट्री। श्री मिश्र ने कहा कि तेजस्वी को चाहिए था कि अपनी यात्रा में अपनी पार्टी और अपने माता-पिता के शासनकाल की एक-एक करतूतों को जनता के सामने रखते, तो यह बकवास यात्रा सचमुच में जन विश्वास यात्रा होती और वे जनता के विश्वास को जीत पाते। लेकिन, तेजस्वी में इतना दम कहां है।

आयुक्त रवि के निदेश पर पटना शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया

पटना। आयुक्त, पटना प्रमंडल, कुमार रवि के निदेश पर लगातार पाँचवे दिन पटना शहर में अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाया गया। विभिन्न नगर निकायों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस पर आयुक्त लगातार नजर रखे हुए हैं एवं नियमित समीक्षा कर रहे हैं। प्रशासन, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन, राजस्व, पथ निर्माण, स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशाम, पुल निर्माण निगम, दूरसंचार, वन प्रमंडल, विद्युत सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी अतिक्रमण हटाओ अभियान में शामिल हैं। जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार पटना नगर निगम के नूतन राजधानी अंचल में ग्यारह बजे पूर्वाह्न से तीन बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। यहाँ बोरिंग रोड चौराहा से एसकेपुरी पार्क के दोनों तरफ अतिक्रमण हटाया गया।

प्राण प्रतिष्ठा व शनि शांति महायज्ञ पर अनुष्ठान

प्रात : किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। मेहंदीगंज स्थित श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी में श्री राम जानकी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर धार्मिक अनुष्ठान किया गया। इसके बाद आरती व अखंड कीर्तन हुआ।

दूसरी ओर कंगन घाट पर शनि शांति महायज्ञ अनुष्ठान को लेकर अयोध्या के मणि पर्वत रघुनंदन कुंज से आए संत श्री श्री 108 नागा बाबा उर्फ तेलपानी बाबा के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान हुआ। यज्ञ गुरुवार तक चलेगा। आयोजन को लेकर राजनाथ मुखिया, वकील राय, राजेंद्र राय, राजीव राय, टुनटुन राय, उमेश राय, रामनाथ राय, जोगिंदर राय, बिरजू बाबा, पूर्व डीएसपी विजय कुमार यादव, डॉ राजीव गंगौल, राजेश शुक्ला टिल्लू, विकास राज जायसवाल सक्रिय हैं। आयोजन में गोपाल कृष्ण शास्त्री ने प्रवचन किया। आचार्य अजय तिवारी, ऋषभ दास, परमहंस दास व अरविंद सिंह की देखरेख में धार्मिक आयोजन हुआ।

दो पक्षों के बीच हुई जमकर फायरिंग व रोड़ेबाजी

प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। बीते रात नदी थाना क्षेत्र के आलमपुर में दो पक्षों के बीच जमकर फायरिंग व रोड़ेबाजी की गई। हालांकि इस घटना में किसी की हताहत होने की सूचना नहीं है। सूचना मिलते ही नदी थाना एसएचओ राजु कुमार अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे लेकिन दोनों पक्षों के सभी आरोपी फरार हो गये। पुलिस घंटों मामले की छानबीन करती रही लेकिन इस सन्दर्भ में किसी ने कुछ नही बताया। पुलिस को घटनास्थल से एक भी खोखा बरामद नही हुआ। बताया जाता है कि कच्चीदरगाह व आलमपुर के लड़कों के बीच बीते दिन सरस्वती पूजा के विसर्जन में पुरानी विवाद को लेकर झड़प हो गयी थी।

बीते मंगलवार की रात की यह फायरिंग व रोड़ेवाजी की घटना इसी विवाद का उपज है। नदी थाना एसएचओ राजु कुमार ने बताया कि इस सन्दर्भ में किसी पक्ष के द्वारा कोई लिखित शिकायत दर्ज नही करायी गयी है। यदि शिकायत दर्ज करायी जाती है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

सुरेश देवी के प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर नगर के अंतर्गत नगर परिषद कार्यालय के पास नवनिर्मित सुरेश देवी के प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे।24 फरवरी को होने वाले कार्यक्रम को लेकर नगर परिषद तैयारी में जुट गई है। कार्यपालक पदाधिकारी जगन्नाथ यादव और स्व सुरेश देवी के भाई के पोते संजय कुमार ने बताया कि दादी जी के प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 24 फरवरी को किया जाएगा। बता दें कि अगस्त क्रांति में सचिवालय पर तिरंगा फहराने के दौरान सात शहीदों में एक राजेन्द्र सिंह थे जिनकी प्रतिमा नगर परिषद के पास लगाया गया था।परिजनों के काफी प्रयास के बाद शहीद सिंह के पत्नी सुरेश देवी का प्रतिमा भी उनके बगल में बनाया गया था। महीनों से बने प्रतिमा अनावरण का बाट जोह रहा था।

दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर आयोजित किया संगोष्ठी

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर पटना में दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन ने अपने कार्यालय परिसर में संगोष्ठी का आयोजन किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिन्हा ने किया।

सिन्हा ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि मां, मातृभूमि एवं मातृभाषा का दूसरा कोई विकल्प नहीं होता है, इसलिए सभी व्यक्ति को अपनी मातृभाषा से प्रेम करना चाहिए और सम्मान

करना चाहिए। उन्होंने कहा किविश्व में भाषाई एवम सांस्कृतिक विविधता को बढ़ावा देने के लिए और मातृभाषा के प्रति जागरुकता लाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। आज आधी भाषाएं खतरे में हैं। कारण है कि आज हमारे बच्चे, हमारी युवा पीढ़ी अपनी मूल भाषा से काफी दूर हैं।

उक्त अवसर पर दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन के निदेशक राकेश दत्त मिश्र ने कहा कि संस्था हिन्दी के विकास के लिए जगह-जगह संगोष्ठी एवं परिचर्चा का आयोजन लगातार करेगी।उक्त अवसर पर संगोष्ठी में राकेश दत्त मिश्र, सुनीता पांडेय, सुबोध कुमार सिंह, जितेन्द्र कुमार सिन्हा, प्रेम सागर पांडेय एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

क्रॉस सिटी शाखा के गोविंद अध्यक्ष व तारा सचिव चुने

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की उप शाखा पटना सिटी की आमसभा और प्रबंध समिति का चुनाव पिछले दिनों हो गया। अनुमंडल पदाधिकारी सह उपाध्यक्ष इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी, पटना सिटी गुंजन सिंह के नेतृत्व में चुनाव संपन्न हुआ। इसमें 19 सदस्यों ने प्रबंध समिति के चुनाव में भाग लिया। इससे से पूर्व की तरह 13 सदस्यों को चुना गया। श्री नीतिन कुमार के उपस्थित नहीं रहने के कारण उनके नाम पर विचार नहीं किया गया। श्री कमल नयन श्रीवास्तव, श्री पारस जैन, श्री विनोद किसलय ने मतदान के पूर्व अपना नाम वापस ले लिए। श्री प्रभात कुमार वर्मा को तीन मत प्राप्त हुए और श्री रविशंकर प्रीत को पांच मत प्राप्त हुए। इसके बाद 13 सदस्यों का चुनाव हुआ। इसमें श्री गोविन्द कानोडिया, प्रदीप कुमार बरेलिया, संदीप

ड्रोलिया, श्रीमती तारा झुनझुनवाला, रमेश कुमार अंबष्ठ, अवधेश कुमार सिन्हा, डॉ सैयद सिकंदर अली खां, श्रीमती सरोज जयसवाल, संजय ड्रोलिया, रंजीत कुमार बिमल, राजेश चौधरी, आकाश ड्रोलिया और राजेश कानोडिया प्रबंध समिति के लिए चुने गए। प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा आपस में पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। इसमें चेयरमैन गोविन्द कानोडिया, वाइस चेयरमैन प्रदीप बरेलिया, कोषाध्यक्ष संदीप ड्रोलिया, सचिव श्रीमती तारा झुनझुनवाला। वाईस चेयरमैन के लिए दो प्रत्याशियों प्रदीप बरेलिया और श्रीमती सरोज जायसवाल ने भाग लिया।

दिव्य आवाज के जादुई शहंशाह थे अमीन सयानी : डॉ ध्रुव

पटना सिटी। भारतीय समाज का शायद ही ऐसा कोई कलाकार, गायक, नर्तक हो, जो अमीन सयानी साहेब को नहीं जानता हो। बिनाका गीत माला कार्यक्रम सुनने के लिए लोग दिल में श्रद्धा और आंखों में प्यार बसाए रहते थे। कलाकार चाहते थे कि उसका स्टेज शो हो और उसमें उद्घोषक अमीन साहेब हों, तो कार्यक्रम में चार चांद लग जाएगा। ऐसी शख्सियत के मालिक और जादुई आवाज के शहंशाह थे अमीन साहेब। इनके असामायिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुए शिक्षाविद, अभिनेता डॉ ध्रुव कुमार ने भावांजली अर्पित की।गायक अनिल रश्मि ने कहा कि ऐसा फनकार युगों तक धरती पर अवतरित नहीं होगा। इनकी कमी चिरंतकाल तक खलेगी। कलाकारों में शोक की लहर है। शोक जताने वाले में आलोक चोपड़ा, ओम प्रकाश चौबे, पप्पू गुप्ता, नेक आलम, विपिन मंडल, जितेंद्र कुमार पाल, आलोक चौबे, संजीव प्रियदर्शी, रीना मेहता, सुरभि, सीमा तृप्ति ने भी उनके प्रति संवेदना प्रकट की।

संयुक्त किसान मोर्चा की किसान गोष्ठी संपन्न हुई

प्रात : किरण संवाददाता

जहानाबाद । शंभू बॉर्डर पर किसानों के ऊपर लाठी चार्ज और आंसू गैस से हमला बंद करो,किसानों से किया वादा मोदी पूरा करो, किसानों के मसीहा स्वामी सहजानंद सरस्वती को भारत रत्न दो, सी-2 के आधार पर लागत का ढेर गुणा दाम की कानूनी गारंटी सभी प्रकार के कर्जा से किसानों की मुक्ति, सभी फसलों का फसल बीमा और उत्तर कोयल नहर परियोजना को अविलंब चालू करो सहित अन्य मांगों को लेकर कोऑपरेटिव बैंक जहानाबाद के प्रांगण में संयुक्त किसान मोर्चा की किसान गोष्ठी जनक देव सिंह उर्फ गांधी जी रविंद्र कुमार और रामचंद्र आजाद की संयुक्त अध्यक्षमंडली में संपन्न हुई ।गोष्ठी को संबोधित करते हुए बिहार राज्य किसान सभा के महासचिव अशोक प्रसाद सिंह ने कहा कि अंबानी अडानी का दलाल अर्थशास्त्री गोदी मीडिया के द्वारा देशवासियों को भ्रमित कर रहे है कि एम एस पी की कानूनी गारंटी से देश में राजकोषीय आपदा आ जाएगी। जबकि सच्चाई यह है कि

एम एस पी नहीं लागू होगा तो गांव स्मशान बन जाएगा। भूखे पेट किसान बहुत दिनों तक खेती नहीं कर पाएंगे। बल्कि मोदी जी के स्मार्ट सिटी में कॉपोरेट के रहमों करम पर गंदी बस्तियों में बसने को मजबूर होंगे। जनमुक्ति आंदोलन के महासचिव हरिलाल यादव ने किसानों की गंभीर स्थिति पर चर्चा करते हुए, किसान आंदोलन को तेज करने का हवन किया। भारतीय किसान मजदूर विकास संगठन के नेता प्रमोद कुमार ने कहा कि किसान कृषि कार्य के द्वारा पर्यावरण को शुद्ध करता है और कॉपोरेट प्राकृतिक दोहन कर पर्यावरण को गंभीर रूप से दूषित कर रहा है। जलवायु परिवर्तन से हो रहे फसलों के नुकसान की भरपाई कॉपोरेट पर टैक्स लगाकर किया जाए।प्रगतिशील किसान संघ के नेता रामचंद्र सिंह आजाद ने किसानों की हो रही लूट पर आक्रोश व्यक्त करते हुए बिहार में आंदोलन को तेज करने का आह्वान किया । गोष्ठी को किसान नेता अंबिका प्रसाद, बैजनाथ शर्मा,जर्मन सिंह,डॉक्टर नरेंद्र शर्मा और दयानंद वर्मा आदि ने संबोधित किया।

शिवरात्रि के दिन 8 मार्च 2024 को स्वामी सहजानंद सरस्वती की जयंती जहानाबाद मे स्वामी जी के संग्रहालय में 11बजे दिन से आयोजित करने का फैसला लिया तथा उसमें गया,जहानाबाद एवं अरवल जिला से हजारों किसान सम्मिलित होंगे। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर स्वामी सहजानंद सरस्वती स्मारक से किसानों का प्रतिरोध मार्च निकला जो अंबेडकर चौक जहानाबाद पहुंचकर गगन भेदी नारा लगाते हुए किसानों की मांगे पूरा करो, मोदी वादा खिलाफी बंद करो,किसानों का दुश्मन मोदी हाय हाय,कॉपोरेट का दलाल मोदी हाय हाय, अंबानी अडानी की सरकार नहीं चलेगी नहीं चलेगी, मोदी की तानाशाही नहीं चलेगी आदि नारा लगाते हुए नरेंद्र दामोदर दास मोदी का पुतला दहन कर अपने गुस्से का इजहार किया।

सी.आर.सी. पटना द्वारा 100 बेड छात्रावास भवन का उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

पटना । समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यागजन सशक्तिकरण केन्द्र, (सीआरसी) पटना, राष्ट्रीय गतिशील दिव्यांगजन संस्थान, कोलकाता के अधिनस्थ एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सी. आर.सी. पटना के प्रांगण में 100 बेड छात्रावास भवन जिसमें दो आगन्तु कक्ष, एक प्रबंधक कक्ष, 50 बालक एवं 50 बालिका आवासन एवं भोजनालय जिसकी लागत 1058.55 लाख, का केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार, के कर कमलों द्वारा यर्युवल उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर राज्य मंत्री ए. नरायणस्वामी, राज्य मंत्री कुमारी प्रतिमा भौमिक, केन्द्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले, सांसद रविशंकर प्रसाद, सचिव भारत सरकार राजेश अग्रवाल, संयुक्त सचिव भारत सरकार राजीव शर्मा, संयुक्त सचिव भारत सरकार राजेश यादव एवं उद्घाटन स्थल पर उपस्थित श्रवण कुमार मंत्री

समाज कल्यान विभाग बिहार, दीघा क्षेत्र विधायक संजीव चौरसिया, एन. आई.एल.डी. निदेशक डॉ ललित नारायण, सी.आर.सी. पटना निदेशक प्रियदर्शिनी, नोडल अधिकारी सी. आर.सी. पटना प्रवीन कुमार, संस्थान के अन्य अधिकारी एवं कमचारी व शिक्षक प्रशिक्षणार्थी इस उद्घाटन समारोह में उपस्थित रहें।

उद्घाटन समारोह व छात्रावास भवन की उपयोगिता एवं समावेशी विकास को देखते हुये एन.आई.एल.डी. निदेशक डॉ ललित नारायण द्वारा विचार व्यक्त किया गया कि यह पुनर्वास छात्रावास बिहार जैसे विकासशील प्रदेश में दिव्यागजनों के पुनर्वास एवं समावेशी विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह प्रदेश भर के दूर-दराज के क्षेत्रो से आने वाले दिव्यांगजन को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने व समाज में सामान्य जन के साथ मिल कर कार्य करने का दिव्यांगजनों को एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। संस्थान की निदेशक महोदया प्रियदर्शिनी ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुये व्यक्त किया एवं विशवास जताया कि यहां पर शिक्षण-प्रशिक्षण प्राप्त करके सभी प्रशिक्षणार्थी दिव्यांगजन पुनर्वास के क्षेत्र में अपना पूर्ण योगदान करके प्रदेश व देश का नाम रोशन करेंगे।

सांसद रविशंकर प्रसाद द्वारा वर्चुवल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित करते हुये व्यक्त किया गया कि सी.आर.सी. पटना को मैं पूर्व से भली भांति जानता हूँ, सी.आर.सी. पटना पुरे प्रदेश के दिव्यांगजनों हेतु सराहनीय कार्य कर रहा है। अभी मैं पटना से बाहर हूँ जैसे ही पटना आऊंगा सी.आर.सी. पटना/छात्रावास का भ्रमण कर जो भी दिव्यांगजनों के हित में होगा उसे पूर्ण करने का जरूर प्रयास करूंगा।

साथ ही मंत्री समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार श्रवण कुमार जी कार्यक्रम में उपस्थित होकर भारत सरकार द्वारा किये जा रहे दिव्यांगजनों हेतु इस प्रकार के कार्य को देखकर यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षणार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए दिव्यांग लोगो के साथ कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। और बिहार सरकार द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। 100 बच्चों हेतु उपलब्ध कराये गये छात्रावास हेतु भारत सरकार को धन्यावाद ज्ञापित किया। इस तरह के सराहनीय कार्य हेतु संस्थान को धन्यावाद देतु हुयें सराहना किया।

एम्स में भारतीय जैव चिकित्सा विज्ञान अकादमी के 12 वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी की घोषणा

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। एम्स-पटना आईएबीएसकॉन -2024 टीम ने 23 से 25 फरवरी तक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-पटना में जैव रसायन विभाग द्वारा भारतीय जैव चिकित्सा विज्ञान अकादमी के कक्वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी की घोषणा की। 2024 में अनुवाद विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए भारतीय बायोमेडिकल साइंसेज अकादमी की स्थापना की गई है। अकादमी को भारत सरकार के सोसायटी अधिनियम 1860 के तहत पंजीकरण संख्या 2826-2011-2012 के साथ पंजीकृत किया गया है। एम्स-पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो. (डॉ.) गोपाल कृष्ण पाल के सम्मानित नेतृत्व और आयोजन अध्यक्ष प्रो. साधना शर्मा के सक्षम नेतृत्व में, यह भव्य आयोजन बायोमेडिकल विज्ञान के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक सभा होने का वादा करता है। सम्मेलन का केंद्रीय विषय, "जैव चिकित्सा अनुसंधान में प्रगतिः रणनीतियाँ और अनुप्रयोग", अत्याधुनिक अनुसंधान और इसके व्यावहारिक अनुप्रयोगों के महत्व को रेखांकित करता है। विशेष रूप से, यह पहली बार है कि चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में इस तरह का कोई अंतरराष्ट्रीय आयोजन बिहार में हो रहा है, जो प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों और चिकित्सकों के साथ बातचीत का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है।

लगातार तीन दिनों तक चलने वाला यह सम्मेलन महत्वपूर्ण शैक्षणिक महत्व रखता है, जो प्रतिभागियों के लिए आठ क्रेडिट पॉइंट (बीसीएमआर) प्रदान करता है। वैज्ञानिक सत्रों के अलावा, क्षेत्र के प्रसिद्ध विशेषज्ञों द्वारा "साक्ष्य आधारित चिकित्सा में अवलोकन अध्ययन के मेटा-विश्लेषण" पर एक प्री-कॉन्फ्रेंस सीएमई (सतत चिकित्सा शिक्षा) आयोजित की जाएगी। नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज द्वारा प्रायोजित इस सीएमई में चार क्रेडिट प्वाइंट (बीसीएमआर) हैं।

आयोजन के हिस्से के रूप में चिकित्सा शिक्षा पर एक प्री-कॉन्फ्रेंस कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी, जो संकायों के लाभ के लिए बनाई गई है। आईएबीएसकॉन-2024 टीम बायोमेडिकल क्षेत्र में पेशेवरों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान, सहयोग और नेटवर्किंग की सुविधा प्रदान करने के अवसर से उत्साहित है। हम एक सफल और प्रभावशाली सम्मेलन की आशा करते हैं जो बायोमेडिकल अनुसंधान की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

प्राकृतिक खेती अपनाने से दोगुनी हो सकती है आय:आर्लेकर

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के स्थापना दिवस समारोह में बोलें राज्यपाल

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के 24वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय कृषि मेला सह जनजातीय कृषक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए किसानों का समृद्ध होना आवश्यक है। प्राकृतिक खेती को अपनाने से उनकी आय दुगुनी हो सकती है। उन्होंने कहा कि किसानों के परिश्रम से ही हमें खाने को अन्न मिलता है। वे प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर खेती करना जानते हैं और खेत ही उनका प्रयोगशाला होता है। हमारे पूर्वजों द्वारा खेतों में रासायनिक खादों का प्रयोग नहीं करने के बावजूद अच्छी उपज होती थी, परन्तु बाद में इनके प्रयोग से जमीन की उर्वरा शक्ति का ह्रास होने लगा। रासायनिक खाद खरीदने के लिए किसान कर्ज के जाल में फँसते चले गए। हमें इस दुष्चक्र से बाहर निकलने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि प्राकृतिक खेती से जमीन की उर्वरा शक्ति एवं कृषि उत्पादकता दोनों में वृद्धि होती है। इस खेती के लिए देशी गाय का गोबर, गोमूत्र एवं स्थानीय रूप से उपलब्ध अन्य चीजों से निर्मित खाद का उपयोग किया जाता है। इस खेती में लगभग 27 प्रतिशत कम लागत आता है जबकि उत्पादकता में 52 प्रतिशत की वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि आईसीएआर, कृषि विश्वविद्यालयों एवं अन्य संबंधित संस्थानों द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाना चाहिए तथा इसके लिए किसानों को आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन किया जाना चाहिए। इस अवसर पर राज्यपाल ने कृषि पुस्तिका का विमोचन किया। उन्होंने स्थापना दिवस व्याख्यान के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली के उप महानिदेशक डॉ सुरेश कुमार चैधरी एवं बेहतर कृषि कार्य के लिए किसानों को भी सम्मानित किया। उन्होंने पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम को डॉ चौधरी के अतिरिक्त बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति डॉ रामेश्वर सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना के निदेशक डॉ अनुप दास, प्रभागाध्यक्ष, डीएसईई व आयोजन सचिव डॉ उज्जवल कुमार एवं अन्य पदाधिकारीगण, अटारी, जोन-प्टए पटना के निदेशक डॉ अंजनी कुमार, विभिन्न संस्थानों के पदाधिकारीगण, कृषि वैज्ञानिकगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

मोदी मतलब द मास्टर ऑफ डेवलपिंग इंडिया है : सम्राट

- भाजपा एनआरआई सेल द्वारा आयोजित द मोदी कॉन्क्लेव में बोलें उपमुख्यमंत्री

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि आज दुनिया में बच्चा बच्चा भारत को मोदी का भारत के रूप में पहचानता है। उन्होंने कहा कि आज भारत की पहचान सशक्त और मजबूत भारत के तौर पर हो रही है। पटना के एक होटल में भाजपा एनआरआई सेल द्वारा आयोजित द मोदी कॉन्क्लेव में कहा कि मोदी मतलब द मास्टर ऑफ डेवलपिंग इंडिया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी परिवार छोड़कर समाज को जोड़ने में जुटे हैं। गुजरात को ठीक करने के बाद अब विगत्व10 वर्षों से भारत को समृद्ध और सशक्त करने में लगे हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम की तारीफ करते हुए कहा कि जो क्षेत्र छूटे हुए हैं उस पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह भारत आगे बढ़ रहा है उसी तरह बिहार को विकसित करने की बात भी होनी चाहिए। उन्होंने बिहार के युवाओं से अपनी मानसिकता बदलने की अपील करते हुए कहा कि आज यहां के युवाओं को केवल नौकरी हासिल करने मात्र तक सिमट कर नहीं रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार अगर 20 लाख लोगों को भी नौकरी दे दे तो बिहार विकसित नहीं होगा। उन्होंने गांव में कुटीर उद्योग लगाने पर जोर देते हुए कहा कि यहां के लोगों के पास हुनर बहुत है। वे अपनी मेहनत से बिहार को विकसित राज्यों में अग्रणी बना सकते है। उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि बिहार में जहां कारखाने नहीं लगते थे, वहीं 2020 में ठऊअ की सरकार आई तो एथेनॉल के 15 कारखाने लगे, जिसमें हजारों लोगों को रोजगार भी मिला। इससे यह पता चलता है हमारी नियत सही है। सरकार की योजना को लोगों के लिए कल्याणकारी बताते हुए उन्होंने कहा कि हम बिहारी परिश्रम के लिए जाने जाते हैं। हम ही बॉटम है, हम ही टॉप है। उन्होंने विरोधियों पर इशारों ही इशारों में निशाना साधते हुए कहा कि आपकी पहचान आपके पिता और मां का मुख्यमंत्री होना नहीं हो सकता है। आपकी पहचान आपके द्वारा किए गए जन कल्याण के कार्यों से ही होती है। इस कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, सीता साहू गायिका देवी, विधायक संजीव चौरसिया ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश भाजपा एनआरआई सेल के संयोजक मनीष सिन्हा द्वारा किया गया था।

17 महीने के कार्यों को जनता के बीच रखा जाएगा : महागठबंधन

- दावा- 3 मार्च को होनेवाली महारैली होगी ऐतहासिक

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

महागठबंधन द्वारा राजधानी पटना के गांधी मैदान में जनविश्वास महारैली आयोजित किया जाएगा। 3 मार्च को होनेवाले इस महारैली को लेकर बुधवार को पटना राजद कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। इसमें राजद, कांग्रेस, भाकपा, माकपा, भाकपा माले के प्रतिनिधि शामिल हुए। जनता के बीच रखेंगे 17 महीने के काम : राजद कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए महागठबंधन के नेताओं ने कहा कि 17 महीने बनाम 17 साल के कार्यों के साथ-साथ बिहार में हुए जातीय गणना, आरक्षण की व्यवस्था को 75 प्रतिशत किये जाने सहित निम्नलिखित मुद्दों पर रैली में चर्चा की जायेगी। 17 महीने के काम को रखेंगे जनता के बीच : महागठबंधन के नेताओं ने बताया कि चार लाख से अधिक युवाओं को नौकरी, किसानों के उत्पादों की बिक्री के लिए मंडी व्यवस्था की पुर्नबहाली एवं एमएसपी को कानूनी प्रावधान दिये जाने, 94.35 लाख गरीबों को दो-दो लाख रुपए दिये जाने, 35.42 लाख परिवारों को घर बनाने के लिए 1.20 लाख रूपया दिलाने एवं सभी गृहविहिनों को घर दिलाने एवं विना वैकल्पिक व्यवस्था के घरों बस्तियों के उजाड़ने पर रोक व नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिये जाने के निर्णय को जनता के बीच रखा जाएगा। शिक्षकों की नियुक्ति, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के साथ-साथ एक लाख पैतीस हजार से अधिक स्वास्थ्यकर्मी की बहाली प्रक्रिया को अंतिम चरण तक पहुंचाने का निर्णय। शहरों में वाटर ड्रेनेज व्यवस्था। सड़कों, पुलों, बायपास एवं ग्रामीण सड़कों का निर्माण, खेल में मेडल लाओ नौकरी पाओ योजना लागू करने की बात भी जनता को बताया जाएगा। बिहार में प्रथम बार टूरिज्म पॉलिसी, स्पोर्टस पॉलिसी और आईटी पॉलिसी लाया। आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका और पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय बढ़ाया। महागठबंधन के नेताओं ने कहा कि 76 हजार से अधिक कर्मचारियों को पदोन्नति दिलाने का काम किया। ममता और आशा कार्यकताओं को प्रोत्साहन राशि बढ़ाने के लिए पहल की। विकास और निवेश के बड़े-बड़े प्रोजेक्ट पर काम किया। पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा दिया। साथ ही जनता के हितो में विकास कार्यों को महागठबंधन सरकार ने हर स्तर पर आगे बढ़ाया।

धूमधाम से मनाई जाएगी संत शिरोमणि की जयंती समारोह : उमेश कुशवाहा

बोलें- संत रविदास ने समाज में फैली बुराईयों को खत्म किया

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि 24 फरवरी को पार्टी द्वारा संत शिरोमणि रविदास की जयंती समारोह धूमधाम से मनाई जाएगी, जिसकी तैयारी जोरों पर है। इस कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिए पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तन-मन से जुट गए हैं। कार्यक्रम को लेकर लोगों में खास उत्साह है। 24 फरवरी को प्रदेशभर के जदयू कार्यकर्ता रविदास जयंती समारोह में भाग लेने के लिए पटना पहुचेंगे। श्री कुशवाहा ने कहा कि संत रविदास समाज में फैले भेदभाव और छुआछूत के धूर विरोधी थे। उन्होंने जीवनपर्यंत लोगों को अमीर-गरीब के प्रति समान भावना रखने की सीख दी और समाज में फैली बुराईयों और कुरीतियों को खत्म करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। संत रविदास ने समाज में सभी वर्ग के लोगों को समान अधिकार और सामाजिक एकता का संदेश दिया। वे समाज में जाति और धर्म के आधार पर किये गये भेदभाव के पक्ष में नहीं थे। श्री कुशवाहा ने आगे कहा कि हमें इस बात पर बेहद गर्व की अनुभूति होती है कि आज हमारे नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार संत रविदास के पदचिन्हों पर चलकर सामाजिक न्याय के साथ सभी वर्ग के विकास की चिंता कर रहे है। दलित समाज को विकास की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए उन्होंने उल्लेखनीय कार्य किए, वर्ष 2005 से पहले दलितों के लिए कोई विभाग नहीं था लेकिन जब माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार का बागडोर संभाला तो उन्होंने अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण विभाग का गठन किया। इसके अलावा बीपीएससी एवं यूपीएससी की प्रारम्भिक परीक्षा पास करने वाले दलितों को मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए आर्थिक सहायता सरकार की ओर से दी जा रही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शासनकाल में आज दलितों-महादलितों को शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी, आवास जैसी बुनियादी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो रही हैं। श्री नीतीश कुमार ने दलितों-महादलितों के कल्याण के लिए कई योजनाएं धरातल पर लागू करने का काम किया है और इन योजनाओं से दलितों-महादलितों के जीवन में व्यापक सुधार हुआ है।

वन नेशन-वन इलेक्शन से राजद-कांग्रेस भयभीत : अरविन्द

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि वन नेशन-वन इलेक्शन से जनता के बीच अपना जनाधार खो चुके राजद कांग्रेस जैसी वंशवादी और परिवारवादी पार्टियों को डर लग रहा है। क्योंकि यह सभी वंशवादी परिवारवादी भ्रष्टाचारी लोग जानते हैं कि देश में अगर अभी चुनाव हो गए तो यह स्वार्थी घमंडीया राजद कांग्रेस को जनता धूल चटाने का काम करेगी इसीलिए यह सभी बौखलाए हुए हैं। वन नेशन-वन इलेक्शन से देश का अरबों-खरबों रुपया बचेगा। गरीबों का पैसा बार-बार चुनाव में खर्च होता है। वह उनके विकास और तरक्की पर खर्च होगा। इसलिए कुछ लोगों का सीना फट रहा है। घपले-घोटाले की राजनीति करने वाले को डर लग रहा है। जनता का विकास हो जाएगा तो परिवारवाद पर प्रहार होगा। हमेशा देश में कहीं ना कहीं चुनाव होते रहते हैं इससे विकास कार्य बाधित होता है और अगर सारे इलेक्शन एक साथ होंगे तो इससे अरबो खरबो रुपए, समय और संसाधनों की बचत होगी जिसे जनता के हितों के लिए कार्य किए जा सकेंगे इसका स्वागत किया जाना चाहिए। श्री अरविन्द ने कहा कि यह जो विभिन्न स्तरों पर चुनाव होते हैं राष्ट्रीय स्तर पर लोकसभा का अलग विधानसभा का अलग बाद में पंचायत का चुनाव फिर कभी बीडीसी का चुनाव और फिर कभी म्युनिसिपालिटी का चुनाव यह जो अलग-अलग समय पर चुनाव होते हैं इस कारण से मॉडल कोड आफ कंडक्ट देश में प्रदेश में कहीं ना कहीं लगा ही रहता है इसके कारण प्रशासन और गुड गवर्नेंस पर असर पड़ता है।

3 मार्च की महारैली में राहुल गांधी होंगे शामिल : डा अखिलेश

पटना। कांग्रेस अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने घोषणा की कि आगामी 3 मार्च को पटना के गाँधी मैदान में महागठबंधन की महारैली होगी। इस रैली में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी विशेष रूप से शामिल होंगे। डा सिंह ने यह घोषणा पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम में भारत जोड़ो कार्यक्रम के तहत आयोजित ट्रेनिंग प्रोग्राम के दौरान की। ट्रेनिंग प्रोग्राम का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने की। इसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी से आये प्रतिनिधियों ने कांग्रेस कार्यकताओं को पार्टी की विचारधारा के गूढ़ मंत्र बताये एवं आने वाले चुनाव में वोटरों को लामबंद करने का सूत्र साझा किया। सांसद डा मो जावेद, कृपानाथ पाठक, नरेन्द्र कुमार, विधायक राजेश कुमार, प्रतिमा कुमारी दास, इजहारूल हुसैन, प्रमोद कुमार सिंह, निर्मल वर्मा, राजेश राठौड़, राजकुमार राजन, आलोक हर्ष, कैसर अली खान, तारानन्द सदा, डा0 विनोद शर्मा, रामायण प्रसाद यादव, आईपी गुप्ता, असित नाथ तिवारी, राजकिशोर सिंह, धर्मवीर शुक्ला, अमरेन्द्र सिंह, गरीब दास, सौरभ सिन्हा, रीता सिंह, दुर्गा प्रसाद गुप्ता,डा0 कमलदेव नारायण शुक्ला, गुंजन पटेल, सुधा मिश्रा, सुनीता देवी, जयप्रकाश चैधरी, सिद्धार्थ क्षत्रिय, गुरूदयाल सिंह, निधि पाण्डेय, मृणाल अनामय, रामाशंकर पाण्डेय, अरूणा सिंह, वसी अख्तर, मो कामरान, विमलेश तिवारी, प्रियंका सिंह, मिथलेश शर्मा मधुकर, विशाल झा, सुनैना झा, धनंजय शर्मा, राजीव कुमार मेहता इत्यादि लोग ट्रेनिंग सेसन में हिस्सा लिये।

बिहार सरकार

भवन निर्माण विभाग

कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना का कार्यालय

अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या– 176 वर्ष 2023–24

(विशेष शर्त्त मद एवं मात्रा के लिए वेबसाईट State.bihar.gov.in/prdbihar देखें)

समुचित श्रेणी मे निबंधित संवेदको / ख्याति प्राप्त फर्मों / कम्पनियों से दिनांक **01.03.2024** के अपराह्न 12.30 बजे तक निर्देशानुसार निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद कोटेशन अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, पटना का कार्यालय एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा और उसी दिन 3.00 बजे अपराह्न मे कोटेशनदात्ताओं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा।

कोटेशन का मुल्य (रुपये में) प्रत्येक कार्य क्रमांक के कोटेशन–पत्र के साथ कोटेशन मूल्य ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) के माध्यम से (कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल, पटना) के पदनाम से जमा करना अनिवार्य होगा, जो कोटेशन प्रकाशन की तिथि के बाद का होना चाहिए। कोटेशन प्रकाशन के पूर्व के निर्गत ओ–ग्रास (O-GRAS) का कम्पयूटराईज्ड प्राप्ति रसीद पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। कोटेशन मूल्य संवेदक के द्वारा कुल कोटेड राशि के अनुसार होगा, जो निम्न प्रकार है :– रू0 0 से रू0 50,000 तक– रू0 250 /–, रू0 50,001 से रू0 2,50,000 तक– रू0 500 /–, रू0 2,50,001 से रू0 5,00,000 तक– रू0 750 /–, रू0 5,00,001 से रू0 10,00,000 तक– रू0 1,250 /–, रू0 10,00,001 से रू0 15,00,000 तक– रू0 2,500 /– एवं अग्रधन की राशि– 2% (कोटेड राशि का मूल्य दो प्रतिशत) कोटेशन कागजात के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।

कार्य का विवरणी :–

Sl No.	Name of Work/Specifiation
01.	Renovation of 2 Nos. Bathroom Tiles, Sanitary Installation & Water Supply in Law Deptt. Ground Floor Middle Wing Old Sectt., Patna for the year 2023-24.
02.	Renovation of Law Department Ground Floor Middle Wing of Old Secretariat, Patna for the year 2023-24. (Part- I)
03.	Renovation of Law Department Ground Floor Middle Wing of Old Secretariat, Patna for the year 2023-24. (Part- II)
04.	Supplying, Fitting and Fixing of Modular Cubical Workstation at Law Deptt. Old Sectt., Patna for the year 2023-24. (Room No.- 168 A, B)
05.	Supplying, Fitting and Fixing of Modular Cubical Workstation at Law Deptt. Old Sectt., Patna for the year 2023-24. (Part-II) (Room No.- 169)
06.	Supplying, Fitting and Fixing of Modular Cubical Workstation at Law Deptt. Old Sectt., Patna for the year 2023-24. (Part-III) (Room No.- 170)
07.	Supplying, Fitting and Fixing of Compactor Optimizer in Room No.- 168A, B, at Law Deptt. Old Sectt., Patna for the year 2023-24.

1. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

PR- 17835 (B C D) 2023-24

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है

कार्यपालक अभियंता
केन्द्रीय भवन प्रमंडल, पटना।

एक माह में वसूल किया गया 10 करोड़ का राजस्व

मिशन 7 टू 11 में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को सम्मान

पटना। पटना नगर निगम ने दावा किया है कि मिशन 7 टू 11 के एक माह में ही निगम को 10 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। गौरतलब है कि 22 जनवरी को पटना नगर निगम द्वारा मिशन 7 टू 11 शुरू किया गया। एक माह में लोगों को विभिन्न माध्यमों द्वारा पेमेंट करने की सुविधा एवं घर-घर तक टैक्स एसेसमेंट एवं संपत्ति कर के भुगतान के लिए विशेष कैंप सहित कई सुविधाएं भी पटना नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराए गई। 31 मार्च तक लगातार यह अभियान सुचारू रूप से जारी रहेगा। मंगलवार को नगर आयुक्त द्वारा संपत्ति कर और कचरा प्रबंधन शुल्क निर्धारण और संग्रहण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। गौर हो कि पटना नगर निगम द्वारा संपत्ति कर के भुगतान एवं नए भवनों के स्व-निर्धारण के लिए लगातार अभियान के माध्यम से आम जनों को जागरूक किया जा रहा है। पटना नगर निगम की यह पहल अब रंग ला रही है।

सुपरवाइजर एवं पर्यवेक्षक को किया गया सम्मानित : संपत्ति कर के दायरे में आने वाले भवनों को भी लगातार चिन्हित कर उनसे कर संग्रहण किया जा रहा है। वार्ड 61 में 500 से अधिक नए भवन चिन्हित किया गया। नगर आयुक्त द्वारा इस वार्ड के सुपरवाइजर एवं सफाई पर्यवेक्षक को इसके लिए प्रशस्ति पत्र एवं प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित भी किया गया। गौरतलब है कि 22 जनवरी से मिशन 7 तो 11 शुरू किया गया है एक माह में सभी वार्डो से नए संपत्ति कर का सर्वे भी किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान सुजीत कुमार, राजेश कुमार, पशुपति सिन्हा,मोहन कुमार, शिव चद्र राय, अशोक सिन्हा को सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी कार्यपालक पदाधिकारी, सभी राजस्व पदाधिकारी, सभी लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी एवं सभी जोनल उपस्थित रहे।

चिराग ने लखीसराय हादसे पर जताया दुख

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जमुई सांसद चिराग पासवान ने कहा कि बिहार के लखीसराय में हुआ भीषण सड़क हादसा दयविदारक है। मेरी गहरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ है। ईश्वर से प्रार्थना है कि मृतकों की आत्मा को शांति मिले एवं हादसे में घायल लोग शीघ्र स्वस्थ हो। चिराग ने दूरभाष पर शोकाकुल परिजनों से बात कर सांत्वना दिए। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के निर्देश पर एससी/ एसटी के प्रदेश अध्यक्ष परशुराम पासवान ने पीएमसीएच जाकर घायलों से मुलाकात किया और सभी मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख रुपए और घायलों को पांच-पांच लाख रुपए मुआवजा देने की मांग कीये। साथ में लोजपा नेता रंजीत पासवान मौजूद थे। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने दिया।

लखीसराय हादसे पर उपमुख्यमंत्री व पूर्व मंत्री ने जताया शोक

पटना। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने लखीसराय में हुए सड़क हादसे पर ने शोक जताया है। वहीं, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने लखीसराय घटना पर संवेदना जतायी। श्री मंगल पांडेय ने बिहार के लखीसराय में हुए भीषण सड़क हादसे में 9 लोगों की मौत पर दुख प्रकट किया और पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना जताई। साथ ही दुर्घटना में जो 6 लोग बुरी तरह से जख्मी हैं। उनके शीघ्र स्वस्थ्य होने की ईश्वर से कामना की। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की हादसे में जान गयी उनके परिजनों को ईश्वर पीड़ा सहने की शक्ति प्रदान करे। इस घटना को सुनकर हृदय मर्माहत है व घायल लोगों को उनके ईलाज की उचित सुविधा मिले यही उम्मीद है।

राजद प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने पर पार्टी नेतृत्व को जताया आभार

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह जी द्वारा बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किए जाने पर राजद के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राजद के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता सह राज्यसभा सांसद प्रो मनोज कुमार झा, राज्यसभा सांसद संजय यादव, राजद के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, पार्टी के प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू और विधान परिषद सदस्य मो कारी सोहैब सहित तमाम पार्टी नेताओं एवं कार्यकताओं के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौपी है। उक्त दायित्व का पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा से निर्वाहन करूंगा तथा पार्टी के विचारधारा और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करूंगा।

निष्पक्ष व भयमुक्त चुनाव को लेकर सभी पदाधिकारी सजग एवं तत्पर रहें

मुख्य चुनाव आयुक्त ने समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए निर्देश

पटना, प्रात: किरण संवाददाता

लोकसभा चुनाव को लेकर दो दिवसीय दौरे पर आए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव की तैयारियों के बारे में जानकारी दी। बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में मुख्य चुनाव आयुक्त ने लोगों से बढ़चकर मतदान में हिस्सा लेने की अपील की। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त, पारदर्शी तथा सहभागितापूर्ण चुनाव कराना आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस बार के चुनाव में ट्रांसपेरेंसी नजर आए, इसके लिए पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि बिहार के ग्रामीण इलाकों के बुथों पर वेब कास्टिंग की व्यवस्था की जा रही है, ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी पर नजर रखी जा सके। आयुक्त ने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के क्रम में को बिहार राज्य के मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भारत निर्वाचन आयोग की बैठक हुई, जिसमें आम आदमी पार्टी, बसपा, भाजपा, सीपीआई एम, कांग्रेस, सीपीआई एमएल, जदयू, लोजपा (रामविलास), राजद एवं रालोजपा के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक में राजनीतिक दलों के साथ भारत निर्वाचन आयोग से निर्वाचन प्रकिया को स्वच्छ, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने हेतु विस्तृत चर्चा हुई। इसके साथ ही प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा के क्रम में बिहार राज्य के सभी प्रमण्डलीय आयुक्त, क्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, क्षेत्रीय पुलिस उप महानिरीक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के साथ लोकसभा आम निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में बैठक का आयोजन भी किया गया। भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी निर्वाचन में सभी हितधारकों की सक्रिय सहभागिता को प्रभावी रुप से सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निदेश दिये। आयुक्त ने बताया कि समीक्षा बैठकों के क्रम में बुधवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार एवं राज्य पुलिस नोडल अधिकारी, बिहार के साथ लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। इसके बाद राज्य की 20 इंफोर्समेंट एजेंसी के पदाधिकारियों के साथ तैयारियों का जायजा लिया गया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त एवं निर्वाचन आयुक्त द्वारा सभी पदाधिकारियों को निर्वाचन व्यय पर नजर रखने का निदेश दिया गया। इसके बाद मुख्य सचिव, बिहार, पुलिस महानिदेशक, बिहार, सामान्य प्रशासन, गृह, स्वास्थ्य, वित्त एवं वाणिज्य-कर, शिक्षा सहित निर्वाचन से संबंधित विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव के साथ बैठक की गई। मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा सभी पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पटना भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग
बुद्धमार्ग, पटना–800001

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–33/प.भ.प्र./2023–24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता — कार्यपालक अभियंता, पटना भवन प्रमण्डल, पटना।
2. परिमाण–विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय — दिनांक 05.03.2024 के 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय — दिनांक 06.03.2024 के 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने का तिथि एवं समय — दिनांक 06.03.2024 को 3:30 बजे अपराह्न से।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान — (1) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना। (2) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पटना भवन प्रमंडल, पटना। (3) सहायक अभियंता का कार्यालय, बांकीपुर / राजेन्द्रनगर / चिकित्सा भवन अवर प्रमंडल, पटना।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान — कमांक 5 के अनुसार।
7. कार्य का विवरणी :–

क्र0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि
1	E/R to Late Sardar Bhagat Singh golamber on the eve of "Sahadat Diwas"(dated-23.03.2024), Patna for the year 2023-24	0.50	1000.00	250.00	Up to 22.03.2024
2	E/R to pedestal of Pandit Ramanand Tiwari golamber at Ashok Rajpath, Patna on the eve of "Birth Anniverssary" (dated-25.03.2024), Patna for the year 2023-24	0.50	1000.00	250.00	Up to 24.03.2024
3	Repair and painting work of Ram Manohar Lohiya Park Patna on the eve of "Birth Anniverssary" (dated-23.03.2024), Patna for the year 2023-24	0.65	1300.00	500.00	Up to 22.03.2024
4	Repairing and painting work of Jubba Sahni Park on the eve of death anniversary(11.03.2024), Patna for the year 2023-24	1.00	2000.00	500.00	Up to 10.03.2024
5	Remaining work(Grill, alluminium, shed, APP) in Qtr. no.-18 road no.-01 at Kazipur, Patna for the year 2023-24	3.53	7100.00	750.00	One week
6	Repair work of Generator shed at NCC at Rajendranagar, Patna for the year 2023-24	1.55	3100.00	500.00	One week
7	S/Rto boundry wall, vitrified tile work in Qtr. no.-C/09 at Bank road at Chhajjubagh, Patna for the year 2023-24	1.90	3800.00	500.00	One week

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखी जा सकती है।

PR- 17810 (B C D) 2023-24

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरूरी है

ई0 अभय कुमार सिंह)
कार्यपालक अभियंता
पटना भवन प्रमंडल, पटना

संक्षिप्त खबरें

न्यूनतम और अधिकतम तापमान में हुई व ृद्धि

मुजफ्फरपुर ।हल्की बूंदाबांदी के साथ आज मौसम ने अपना तेवर बदला ।इस दौरान आज न्यूनतम और अधिकतम तापमान में भी अचानक वृद्धि दर्ज की गई ।जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र डॉ० राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय ने आज के मौसम की बाबत जानकारी दी है कि आज अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया जो सामान्य से1.6 डिग्री अधिक है ।आज का यह तापमान इस मौसम का सर्वाधिक तापमान रहा ।वहीं आज का न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 15डिग्री सेल्सियस हो गया जो सामान्य से 2.6डिग्री ज्यादा है । सुबह में सापेक्ष आर्द्रता 88 प्रतिशत और दोपहर बाद घटकर 55प्रतिशत है गई । वाष्पोत्सर्जन 2.4 मि०मी० और पछिया हवा की गति 10.5किमी प्रतिघंटा रही। सुबह में तेज हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी भी हुई। आज 2मि०मी०बारिश रिकार्ड किया गया।

अविश्वास प्रस्ताव मामले में डीएम के समक्ष दूसरी बार होगी बैठक

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड उप प्रमुख पर लाए गए अविश्वास प्रस्ताव मामले में जिलाधिकारी ने दूसरी बार समाहरणालय सभाकक्ष में 23 फरवरी को सभी पंचायत समिति की बैठक बुलाई है। पत्र निर्गत कर बताया गया कि उच्च न्यायालय बिहार पटना द्वारा सी डब्ल्यू जे सी संख्या 2375/2024 रूपांजलि कुमारी बनाम बिहार सरकार एवं अन्य में 9 फरवरी 2024 को पारित आदेश के अनुपालन एवं पंचायतीराज अधिनियम 2006 की धारा 157 के अंतर्गत यह बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में 15 फरवरी को हुई। जिसकी सुनवाई के क्रम में 23 फरवरी को अगली बैठक की तिथि निर्धारित की गई। जिसमें सभी पंचायत समिति सदस्य ससमय पहुंचकर अपना अपना पक्ष रखेंगें।

पंचायत सचिव और मुखिया की हुई बैठक

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर प्रखंड के पंचायत सचिव एवं तकनीकी सहायक लेखा सहायक और पंचायत के माननीय मुखिया बरहेता मथुरापुर टारा में ठोस एवं अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों के अंतर्गत सामग्री सोखता, जंक्शन चेंबर का निर्माण कर्मी का चयन से संबंधित एवं राशि खर्च के उपरांत उपयोगिता प्रमाण पत्र समर्पित करने के लिए बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ देवेन्द्र कुमार ने किया। वहीं बैठक में माननीय मुखिया मथुरापुर टारा बरहेता खरसंड पश्चिम उपस्थित रहे। बैठक में खरसंड पश्चिमी, बरहेता, ध्रुवगामां, नामपुर, मधुरापुर कलौंजर में सोखता निर्माण शुरू नहीं हुआ है। बैठक में उपस्थित सभी कर्मी ओर जनप्रतिनिधि को अविलंब शुरू करने का निर्देश दिया गया। मौके पर अन्य कर्मी मौजूद थे।

मारपीट में दो जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र के सोरमार गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना में दो व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी व्यक्ति की पहचान सोमवार गांव निवासी अनुज कुमार ठाकुर और साक्षी कुमारी के रूप में हुई है। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से जख्मी व्यक्ति को पीएचसी कल्याणपुर में भर्ती कराया गया। जहां अनुज कुमार ठाकुर के गंभीर स्थिति को देखते हुए सरदार अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया गया है। वहीं थाना अध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने बताया कि जख्मी के परिजन के द्वारा आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई किया जाएगा।

मैट्रिक परीक्षा केंद्र पर बुआ को पहुँचाने जा रहे युवक की मौत

मधुबनी बेनीपट्टी बिस्फी के बरदाहा गांव से बेनीपट्टी के महिला कॉलेज स्थित परीक्षा सेंटर पर परीक्षार्थी रिंकी कुमारी को छोड़ने जा रहे युवक को अनुमंडल के सामने मुख्य सड़क पर अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। ठोकर इतना जबरदस्त था की, युवक का सिर बुरी तरह से फट गया और युवक की मौत मौके पर ही हो गयी ।मृत युवक बरदाहा गांव के रामप्रीत पासवान का पुत्र दशरथ कुमार पासवान है। युवक के मौत की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन अनुमंडल अस्पताल पहुँच गए और जख्मी लड़की को समझा कर घर भेज दिया। वहीं, युवक के पोस्टमार्टम कराने के प्रक्रिया में जुट गए। फिलहाल, युवक का शव अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में रखा हुआ है। मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर एसडीओ की नेतृत्व में टीम नें विभिन्न मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन किया

प्रात : किरण संवाददाता

2024 के लोकसभा चुनाव के तैयारी को लेकर एसडीओ उमेश कुमार भारती के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम कुशेश्वरस्थान पूर्वी के उजुआ सिमरटोका एवं तिलकेश्वर पंचायत के विभिन्न मतदान केन्द्रों का भौतिक सत्यापन किया। निरीक्षण के क्रम में बूथों पर उपलब्ध रैम्प, विद्युत सुविधा, शौचालय, पानी एवं पहुंच पथ यादि मूलभूत सुविधाओं की स्थिति से अवगत हुए । इस दौरान एसडीओ श्री भारती ने मतदान केन्द्र संख्या 207, 208, 212, 213 264, 265, ट 262,263, 258, 259, 260, 261, 262, 263, 264265 का निरीक्षण किया। निरीक्षण में अधिकांश मतदान केन्द्रों में रैम्प, विद्युत सुविधा, शौचालय, पानी एवं पहुंच पथ की सुविधा उपलब्ध पाया गया। जिन विद्यालयों में कोई तृटि पाए गए ।उसे पूरा करने के लिए बीडीओ किशोर कुमार को निर्देश दिया। श्री भारती ने मतदान केन्द्र के निरीक्षण के क्रम में मध्य विद्यालय महादेव मठ, प्राथमिक विद्यालय तिलक पुर, मध्य विद्यालय गोलमा, मध्य विद्यालय उजुआ, प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर अर्थुआ का फीड बैक लिया। उन्होंने बताया कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय उजुआ में सभी पदस्थापित 17 शिक्षक उपस्थित पाए गए। विद्यालय में अवस्थित आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाया गया। ग्रामीणों ने सेविका चंद्रिका देवी पर अपने घर में केन्द्र चलाने की शिकायत किया। वहीं मध्य विद्यालय महादेव मठ में प्रतिनियुक्त 25 शिक्षकों में 23 उपस्थित मिले। शिक्षिका संजीता कुमारी एवं प्रियंका कुमारी बिना सूचना के अनुपस्थित था । प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर अर्थुआ में कुल नामांकित 330 छात्रों में 235 उपस्थित थे। छात्रों द्वारा मध्यान्ह भोजन कम देने का शिकायत किया ।प्रधानाध्यापक को मीनू के अनुसार भोजन की मात्रा छात्रों को देने का निर्देश दिया। वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोलमा के भवन के रंग रोगन के संबंध में प्रधानाध्यापक सरोज कुमार सुमन ने एक महीने पूर्व रंग रोगन करने की बात कही। एसडीओ ने बताया ऊभवन को देखने से ऐसा प्रतीत नहीं हो रहा था कि एक माह पूर्व रंग रोगन किया गया है। उन्होंने इसकी जांच कराने की बात कही। दोषी पाए जाने पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। जबकि प्राथमिक विद्यालय तिलक पुर के नव निर्मित भवन में ग्रामीण द्वारा कब्जा कर गाय भैंस बंधा हुआ पाया गया। बीडीओ, थाना अध्यक्ष को विद्यालय भवन को अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया। श्री भारती तिलकेश्वर महादेव को पूजा अर्चना कर क्षेत्र में अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। ग्रामीणों ने तिलकेश्वर महादेव की जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग किया। जिसपर सीओ को शिवोत्तर के अतिक्रमित भूमि को खाली कराने का निर्देश दिया ।माघी पूर्णिमा को तिलकेश्वर में लगने वाले मेले का स्थल निरीक्षण किया और ओपी प्रभारी को विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रबंध करने का निर्देश दिया। मौके पर पूर्वी बीडीओ किशोर कुमार, तिलकेश्वर ओपी अध्यक्ष मनीष कुमार, सेक्टर मजिस्ट्रेट कौशल किशोर बीएलओ प्रभारी शिक्षक राज कुमार यादव, जितेन्द्र ठाकुर सहित कई पंचायत सचिव उपस्थित थे।

मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी के कक्ष पर उप प्रमुख ने जमाया कब्जा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के गायघाट प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनोज कुमार मंगलवार की सुबह जब कार्यालय पहुंचे तो देखा कि उनके कक्ष के बाहर उनका नेम प्लेट हटाकर उप प्रमुख का नेम प्लेट लगा हुआ था। और कक्ष में रंग रोगण का कार्य किया जा रहा था। जब उन्होंनें कार्यालय कर्मी से इसकी जानकारी ली तो कार्यालय कर्मी द्वारा बताया गया कि सोमवार की शाम उप प्रमुख अपने समर्थकों के साथ आकर जबरन पीओ के कक्ष के बाहर अपना नेम प्लेट ठोक दिया है। पीओ मनोज कुमार ने बताया कि हमें किसी भी उच्चाधिकारी से यह पत्र नहीं प्राप्त हुआ है कि उनका कक्ष उप प्रमुख को आवंटित कर दिया गया है। वे खुद ही अचंभित हैं कि उन्हें कोई सूचना दिए बिना किस तरह से उनके कक्ष को उप प्रमुख द्वारा अतिक्रमित किया गया है। वे विवश होकर अपने कार्यालय कर्मियों के साथ किसी तरह से कार्य का निष्पादन कर रहे हैं। पीओ ने कहा कि वे जब उप प्रमुख से मोबाइल पर संपर्क किए तो उन्होंनें कहा आपका मनरेगा भवन बन गया है आप उसमें शिफ्ट कर शिफ्ट हो जाइए। वहीं पीओ का कहना है कि मनरेगा भवन अभी निमार्णाधीन है और संवेदक द्वारा विभाग को स्थानान्तरित नहीं किया गया है। जब तक संवेदक विभाग को मनरेगा भवन पूर्ण निर्माण कर स्थानान्तरित नहीं करता है तब तक उस निमार्णाधीन भवन में कार्यालय शिफ्ट नहीं हो सकता है। इधर उप प्रमुख द्वारा उनके कक्ष को अतिक्रमित कर लिए जाने से विकास कार्य में बाधा उत्पन्न हो गया है।

मुखिया महासंघ ने सौंपा जिलाधिकारी को मांग पत्र 27 को, पटना में करेंगे महाधरना

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा कार्यालय दरभंगा जिला मुखिया महासंघ की बैठक जिला अध्यक्ष राजीव कुमार चौधरी की अध्यक्षता में पोलो मैदान स्थित धरना स्थल पर हुई। जिसमें सर्वसम्मति से 27 फरवरी 2024 को पटना में आयोजित महाधरना में जिला के सैकड़ो जनप्रतिनिधियों के साथ शिरकत कर सफल बनाने का निर्णय लिया गया। वहीं उपस्थित मुखियागणों में सरकार के खिलाफ काफी नाराजगी थी। वहीं बैठक के उपरांत जिलाधिकारी को 19 सूत्री मांगों से संबंधित मांग पत्र भी मुख्यमंत्री के नाम सौपा गया। बैठक में महासंघ के केवटी अध्यक्ष इस इफ्तिखार अहमद, बहादुरपुर अध्यक्ष श्याम नंदन यादव, सदर अध्यक्ष भूषण यादव, जाले अध्यक्ष सुशील झा, सिंघवारा अध्यक्ष सुधीर चौधरी, बहेरी अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, हनुमान नगर अध्यक्ष राम जी राम, मनीगाछी अध्यक्ष अब्दुल मालिक, घनश्यामपुर अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, संरक्षक अहमद अली तमन्ने, संरक्षक अंजनी कुमार झा बबलू जी, बेनीपुर अध्यक्ष चंदन झा, संरक्षक मंडल सदस्य सुरेश सिंह, मुखिया बिप्लब चौधरी सहित सैकड़ो मुखिया गणों ने भाग लिया। जहां बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजीव कुमार चौधरी ने कहा कि ग्राम पंचायत को 77 वां संविधान से प्रदत्त अधिकारियों की रक्षा हेतु बिहार पंचायत राज अधिनियम 2006 में निहित शक्तियों के विपरीत संबंधित विभागों द्वारा आदेश थोपा जा रहा है। जिससे ग्राम पंचायत के स्वतंत्रता प्रभावित हो चुकी है। इसी कारण हम लोगों ने 19 सूत्री मांग संबंधित ज्ञापन आज जिलाधिकारी को सौंपा हैं। वहीं 27 फरवरी को पटना में महाधरना का आयोजन कर सरकार को ग्राम पंचायत राज को निपंगू बनाने से रोकेंगे। वहीं हम अपनी सभी मांगों पर सरकार को झुका कर अपना अधिकार लेंगे।

कैंडिल मार्च निकालकर दी पूर्व मुखिया को भावपूर्ण श्रद्धाजंलि

विभूतिपुर, समस्तीपुर। दिवंगत पूर्व मुखिया सुरेन्द्र प्रसाद सिंह व उनके सहयोगी सत्य नारायण सिंह की प्रथम पुण्यतिथि तिथि पर बीती रात्रि उनके समर्थकों ने कैंडिल मार्च निकाला। यह मौन कैंडिल मार्च जुलूस दिवंगत मुखिया के आवासीय परिसर विरसहिया से निकल कर सिंघियाघाट बाजार में डीहवार स्थान पहुँचा। जुलूस का नेतृत्व पूर्व मुखिया की पत्नी व सिंघिया बुजुर्ग दक्षिण की मुखिया ममता देवी और पुत्र सुमित कुमार कर रहे थे। शांति का प्रतीक इस कैंडल मार्च में उनके समर्थक भावपूर्ण श्रद्धाजंलि दे रहे थे। कैंडिल मार्च विरसहिया से डीहवार स्थान जाकर समाप्त हुआ। मौके पर काफी संख्या में उनके समर्थक कैंडिल मार्च में शामिल हुए।

88वें त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली भव्य शोभायात्रा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा गुरुवार को मोहिउद्दीननगर थाना चौक के निकट सरकारी दुर्गा स्थान वाली गली स्थित स्थानीय सेवाकेंद्र में आयोजित 88वें त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें अमरनाथ शिव बाबा एवं विश्व महाराजन श्री नारायण व विश्व महारानी श्री लक्ष्मी की झांकी बनाई गई और सैकड़ों भाई-बहन शान्तिदूत बनकर स्थानीय सेवाकेंद्र से चलकर शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए वापस स्थानीय सेवाकेंद्र पर आकर यात्रा को संपन्न किये। इसके पूर्व थानाध्यक्ष गौरव कुमार, विधायक प्रतिनिधि रवीश कुमार, प्रमुख साहित्यकार ईश्वर करुण ने संयुक्त रुप से झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ कराया। पूरे रास्ते में भगवान शिव के संदेश के सुंदर-सुंदर गीत एवं संदेश-पत्र बांटते हुए सबको कार्यक्रम में आने का आह्वान किया गया। शिव भोलेनाथ बाबा की अति सुंदर झांकी रथ पर सजाई गई, जो अति मनमोहक व आकर्षित करने वाली थी। झांकी का यह संदेश था कि शिव भोलेनाथ बाबा अभी सभी आत्माओं को अमरकथा सुनाकर अमर बनाने अर्थात अकाले-मृत्यु से अनेकानेक जन्मों के लिए मुक्त करने भारत भूमि पर अवतरित हो चुके हैं और अपना दिव्य कर्तव्य कर रहे हैं। अभी ही वह समय है जब हम निराकार परमपिता परमात्मा शिव से सर्व प्राप्तियां व जन्म-जन्म की मनोकामनाएं पूरी करने का वरदान प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर आशा बहन ने समस्त प्रखंड वासियों को गुरुवार को स्थानीय सेवाकेंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में सपरिवार इष्ट-मित्रों सहित पधारने का आह्वान किया। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से सुरेंद्र राय मुखिया, मनोज प्रसाद, बृजेश खत्री, अनिल भाई, राजवीर भाई, राकेश भाई, शशि रंजन भाई, दिलीप भाई, सुशीला बहन, मंजू माता समेत दर्जनों भाई-बहन शामिल थे।

भाजपा नफरत, झूठ लूट, और बर्बरता के एजेंडे के साथ देश ए बिहार को तबाह करने पर आमदा है : बैद्यनाथ

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा भाकपा(माले) दरभंगा जिला कमिटी की एक दिवसीय बैठक भाकपा(माले) जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला सचिव बैद्यनाथ यादव ने किया। बैठक की शुरूआत वरिष्ठ साहित्यकार उषा किरण खान को श्रद्धांजलि देकर की गई। बैठक में पिछले काम काज की समीक्षा और आगामी कार्यभार पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के हवाले से जिला सचिव बैद्यनाथ यादव ने बताया की विपक्ष की सरकारों और पार्टियों को अस्थिर करने की लगातार चल रही साजिशो की ही कड़ी में भाजपा ने नीतीश कुमार को मोहरा बनाकर बिहार की सत्ता हड़प ली है। कपूर्री जी का नाम ।लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नें दलित-गरीबों, अतिपिछड़े व पिछड़े समुदाय से विश्वासघात किया हैं। आगे उन्होंने कहा की आज भाजपा नफरत, झूठ लूट, और बर्बरता के एजेंडे के साथ देश ए बिहार को तबाह करने पर आमदा है। मालें के युवा विधायक मनोज मंजिल सहित दलित गरीब अतिपिछड़े समुदाय के 23 लोगो को एक फर्जी मुकदमे में फसाकर भाजपा ने गरीबों की आवाज दबाने की साजिश रची है। इससे बड़ी विडंबना क्या होगी की भोजपुर में दलित गरीबों के जनसंहारों के सभी हत्यारों को बड़ी कर दिया गया। लेकिन न्याय व लोकतंत्र की लड़ाई लड़ने वालों को आजीवन कारावास की सजा सुना दी गई हैं यह वंचित समुदाय के न्याय का संहार है। वही भाकपा(माले) की वरिष्ठ नेता आर के सहनी ने कहां की भाजपा के तानाशाही के खिलाफ भाकपा(माले) ने 21 से 27 फरवरी तक बिहार की जनता लड़ेगी-तानाशाही हारेगी जनसंवाद अभियान चलाने का निर्णय किया हैं। उन्होंने कहा की देश से तानाशाही समाप्त करने भी लिए बिहार को मजबूती से उठ खड़ा होना होगा। वही राज्य कमिटी सदस्य अभिषेक कुमार ने कहा की भाजपा की कौरपोरेतपरस्त, दमनातमक व सांप्रदायिक नीतियों के खिलाफ देश की व्यापक जनता उठ खड़ी हो रही हैं। दिल्ली के बार्डर पर न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी मान्यता की मांग पर किसानों ने एक बार फिर घेरा डाल दिया है। आज केंद्र की सरकार किसानों से वार्ता के बजाय उन पर आसू गैस छोर रही है। उन पर लाठियां वर्सा रही हैं। उन्होंने कहां की देश का किसान मोदी सरकार को सबक सिखाएगी। इस अवसर पर शनिचरी देवी, साधना शर्मा, विनोद सिंह, हरि पासवान, अशोक पासवान, नंदलाल ठाकुर, पप्पू खान, धर्मेश यादव, भोला पासवान, राजेंद्र दास, सत्यनारायण मुखिया, प्रो कल्याण भारती, पप्पू पासवान, संजीव ठाकुर, मयंक कुमार यादव, अवधेश सिंह, उमेश साह, प्रिंस राज सहित कई लोग शामिल थे।

गौशाला की जमीन को लीज पर देने सम्बंधी मामले की जांच का आदेश

मुजफ्फरपुर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने गौशाला के पोखर वाली जमीन विश्व हिन्दू परिषद् को लीज पर दिए जाने का कडा विरोध किया है। पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने स्थल का निरीक्षण करने के बाद एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि गौशाला का शक्तिनाथ मंदिर के पीछे 1.33 एकड़ जमीन में पोखर है। उक्त पोखर को गौशाला प्रबंधन समिति के सचिव कृष्ण मुरारी भरतीया द्वारा भूमाफियाओं के दबाव में नाजायज ढंग से विश्व हिन्दू परिषद् को निन्यानवे वर्षों के लिए लीज कर दिया गया है। विश्व हिन्दू परिषद् उक्त पोखर की जमीन पर मिट्टी भराई कार्य कर कार्यालय तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठान बना रहा है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी गौशाला सचिव के अन्यायपूर्ण कार्रवाई के खिलाफ आज गौशाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी, से मिलकर गोशाला के पोखर को विश्व हिन्दू परिषद् को लीज पर देकर मिट्टी भरे जाने पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

थर्मल में कार्यरत मजदूरों एवं जन समस्याओं के समाधान की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । स्थानीय कांटी थर्मल पावर मे कार्यरत मजदूर की समस्या एवं स्थानीय कई मामले को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने आज एनटीपीसी के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी ए के मनोहर से मुलाकात की। इस दौरान श्री कुमार ने सीईओ से मजदूरों के कई ज्वलंत समस्याओं की चर्चा करते हुए त्वरित निदान की मांग की । इस मौके पर उन्होंने नरसंडा चौक एनएच 28 से पकड़ी तक जाने वाली सड़क एवं मधुबन मानसरोवर पोखर का जीर्णोद्धार शीघ्र करने का भी आग्रह किया । सीईओ ने श्री कुमार से पाइप लाइन के लिए लंबित जमीन अधिग्रहण के मामले स्थानीय किसानों से सहयोग दिलाने का भी आग्रह किया। सीईओ के इस आग्रह पर श्री कुमार ने कहा की सर्वप्रथम एनटीपीसी एवं जिला प्रशासन किसानों के साथ बैठक कर उनके समस्या को सुनकर निदान करें , तत्पश्चात किसान पाइपलाइन के लिए एनटीपीसी को जमीन मुहैया कराएंगे। श्री कुमार के उक्त सुझाव पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी के द्वारा किसानों के साथ बैठक करने , नरसंडा एन एच 28 से पकड़ी सड़क व मधुबन पोखर का शीघ्र जीर्णोद्धार करने का आश्वासन दिया ।विदित हो कि पिछले 12 वर्षों से थर्मल पावर का पाइपलाइन लगाने के लिए जमीन अधिग्रहण का मामला किसानों को जमीन का आवासीय दर पर मुआवजा नहीं मिलने के कारण लंबित पड़ा है। जबकि माननीय उच्च न्यायालय ने किसानों के द्वारा इस मामले को लेकर दायर किए गए याचिका का निष्पादित करते हुए किसानों के पक्ष में कई आदेश पारित कर जिला प्रशासन से त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश पूर्व में दिया गया है। जिला प्रशासन द्वारा उक्त आदेश पर कार्रवाई नहीं किए जाने से जमीन अधिग्रहण का मामला लटका हुआ है। इस मौके पर श्री कुमार के अलावा एनटीपीसी के अपर महाप्रबंधक श्री महेश कुमार भी उपस्थित थे।

जिला कार्यालय में सीपीएम बहादुरपुर प्रखंड कमिटी की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा लहेरिया सराय स्थित कामरेड विजयकांत ठाकुर स्मृति भवन प्रांगणसीपीएम जिला कार्यालय में सीपीएम बहादुरपुर प्रखंड कमिटी की बैठक ललन यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में सीपीएम बहादुरपुर प्रखंड सचिव रामसागर पासव ने संगठन एवं आंदोलन से जुड़े प्रतिवेदन रखते हुए कहा कीपार्टी ने स्थानीय मुद्दों के साथ-साथ राज्यकेंद्र के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन आयोजित किए गए हैं 16 फरवरी को संयुक्त किसान मोर्चा एवं ट्रेड यूनियन संगठनों केआह्वान पर आयोजित औद्योगिक हड़ताल एवं ग्रामीण भारत बंद के सफलता के लिए पार्टी की ओर से मार्च आयोजित की गई बैठक में सफल आयोजन के लिए पार्टी सदस्यों हम दर्दों के साथ-साथ आम जनता को बधाई दी गई बैठक में उपस्थित सीपीएम राज्य सचिव ललन चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार के किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ किसानों का चल रहे संघर्ष पर सरकार दमन कर रही है न्यूनतम समर्थन मूल्य सहित केंद्र सरकार द्वारा किसानों को दिए गए आश्वासन के साथ सरकारखिलवाड़ कर रही है मोदी शासन काल में गरीबी बेरोजगारी भुखमरी बढ़ी है इस सरकार ने सिर्फ अडानी अंबानी को मालो माल किया है वहीं दूसरी ओर किसान मजदूर भुखमरी के कगार पर है बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान के जगह मनुवादी विचारों को थोपा जा रहा है गरीबों के अधिकारों के लिए देश संविधान बचाने के लिए लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्तासे उतरना होगा भाजपा सरकार किसानों पर बौखला कर दमन कर रही है किसान मजदूर और देश के आम जनता उनके सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के विभाजनकारी प्रयासों को ठुकरा रही है उन्होंने पार्टी संगठन जन संगठन को मजबूत करते हुए भाजपा के हिंदुत्व सांप्रदायिक नीति के खिलाफ संघर्ष तेज करने का आवाहन किया सीपीएम कार्यकारी जिलासचिव श्याम भारती ने कहा कि एम्स निर्माण में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है डबल इंजन की सरकार को अभिलंब एम्स निर्माण शुरू करना चाहिए दरभंगा जिले में ओवर ब्रिज निर्माण नहीं होने के चलते आए दिन दरभंगा शहर के साथ-साथ शहर से सेट ग्रामीण इलाके भी जाम से प्रभावित रहता है अभिलंब ओवर ब्रिज निर्णय होनी चाहिए उन्होंने शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार भुखमरी भूमिहीनों को 5 डिसमिल जमीन बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और मोदी सरकार के नीतियों के जरिए जनता की रोजी-रोटी पर हो रहे।

दो वर्ष पहले से होल्डिंग टैक्स लिए जाने पर विधायक ने विधानसभा में उठाया मुद्दा, कहा- यह अनुचित

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर के स्थानीय विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने बुधवार को बिहार विधानसभा में बिहार बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सामाजिक सुरक्षा के तहत मिलने वाले वृद्धा पेंशन, निशक्ता पेंशन, विधवा पेंशन की राशि 400 रुपये मासिक से बढ़ाकर 2000 रुपये मासिक करने की मांग सरकार से की। उन्होंने कहा कि पेंशन कम होने की वजह से वृद्ध, विकलांग, विधवा को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस महंगाई में 4 सौ से 2 दिन भी घर का चूल्हा नहीं चल पाएगा। तो फिर सरकार इतनी कम पेंशन ही क्यों दे रही है। उन्होंने ममता, आशा, रसोईयों का मानदेय बढ़ाने की भी मांग की। विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि बिहार में नये नगर निकायों का गठन पिछले वर्ष 2023 में हुआ है लेकिन नये नगर पंचायत, नगर परिषदों तथा नगर निगमों में नोटिफिकेशन के समय अर्थात 2 वर्ष पूर्व से ही होल्डिंग टैक्स लिया जा रहा है, जो अनुचित है। नये नगर निकायों में होल्डिंग टैक्स गठन के बाद से ही लिया जाना चाहिए। उपरोक्त आशय की जानकारी विधायक के प्रेस प्रतिनिधि राकेश कुमार ठाकुर ने मीडिया को दी है।

अंदर पास निर्माण का स्थान परिवर्तन नही होने पर होगा धरना-प्रदर्शन, डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र के सिंघियाघाट रोसड़ा रेलखंड पर मंडैया गेट के निकट बन रहे अंदर पास के स्थान परिवर्तन नही होने पर 25 फरवरी से स्थानीय ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। मामले को लेकर संतोष झा, कुलदीप झा, अमित वत्स सहित दर्जनों ग्रामीणों ने हस्ताक्षरित ज्ञापन डीआरएम को सौंपा है। साथ ही एक मांग पत्र केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री सह उजियारपुर सांसद नित्यानंद राय को भी दिया। बताया की जिस स्थान पर अंदर पास का निर्माण हो रहा है वह स्थान नीचे पड़ता है। बारिश के समय जलजमाव की स्थिति बनी रहती है। अंदर पास के निर्माण से एक हजार एकड़ से अधिक जमीन जलजमाव से प्रभावित हो सकता है। इस संदर्भ में डीआरएम ऑफिस में भी ग्रामवासी हस्ताक्षरित ज्ञापन दे चुके है।

एससी एसटी पुलिस ने खजौली थाना क्षेत्र से कांड के फरार अभियुक्त को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति थाना पु.अ.नी.सह थानाध्यक्ष रवींद्र राम के नेतृत्व में कांड में फरार चल रहे अभियुक्त को खजौली थाना क्षेत्र के बेहटा वार्ड नंबर 04 गांव से गिरफ्तार कर लिया गया गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रामप्रकाश यादव के पुत्र मोहन यादव के रूप में किया गया ।बताते चले की गांव के ही बेचन राम ने सात माह पूर्व एससी एसटी थाना में एक आवेदन इस आशय को दिया की मेरी पत्नी अपने दरवाजे पर सरकारी चपाकल पर शाम पांच बजे लगभग पानी भर रही थी उसी दरमियान मेरे ही दियाद का बच्चा गंदा बोतल का पानी भरे हुए पानी में डाल दिया उसी बात को लेकर मेरी पत्नी बच्चे को डांट रही थी तो गांव के ही मोहन यादव ने मेरे पत्नी को जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए अनाप शनाप गाली गलौज देने लगा मना करने पर मारपीट कर बुरी तरह जख्मी कर देने को लेकर प्राथमिकी दर्ज किया गया था। पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष रविंद्र राम ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति प्राथमिकी के नामजद आरोपी है कई महीनों से कांड में फरार चल रहा था। हमारे पुलिस बल के द्वारा प्राथमिकी के नामजद अभियुक्त के गांव से गिरफ्तार कर लिया गया ।गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में लेने हेतु व्यवहार न्यायालय मधुबनी भेज दिया गया।

कोर्ट में गवाही देने जा रहे युवक के हत्या मामले का एक महीने बाद भी नहीं हुआ खुलासा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर शहर के मथुरापुर ओपी क्षेत्र के मगरदही पुल पर 20 जनवरी की सुबह दीनदहाड़े हथियार बंद अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए एक युवक को गोलियों से भून कर हत्या कर दी थी। मृतक की पहचान बेगूसराय जिले के बरौनी थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव के जगदीश पटेल का पुत्र सोनू कुमार (26 वर्ष) के रूप में हुई थी। इस घटना के बाद मृतक के नाना कल्याणपुर थाना क्षेत्र के भागीरथपुर निवासी राधेश्याम मंडल के बयान पर मथुरापुर ओपी में मामला दर्ज किया गया था। जिसमें उन्होंने भागीरथपुर के रामलाल राय के पुत्र राजीव राय, स्व. बासो राय के पुत्र भोला राय, कल्याणपुर थाना क्षेत्र के मूसेपुर के स्व. गणेश राय के पुत्र पिंटू कुमार व सुरेश राय के दीपक राय को आरोपित किया था। वहीं इस घटना के एक महीने से अधिक का समय बीतने के बावजूद भी पुलिस इस मामले का खुलासा नहीं कर पायी है। बता दें कि मृतक सोनू अपने नाना राधेश्याम मंडल के यहां मथुरापुर ओपी क्षेत्र के गोविन्दपुर में एक किराए के मकान में रहता था। कोर्ट में गवाही देने के लिए वह अपने नाना के साथ टेम्पू से जा रहा था। इसी दौरान मथुरापुर बूढ़ी गंडक पुल के पास पहले से घात लगाए अपराधियों ने जबरन टेम्पू रोककर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी थी।

संक्षिप्त खबरें

भाजपा के सत्ता में आते ही महादलितों पर जुल्म शुरू : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पांडये ने कहा कि बिहार में भाजपा का सत्ता में आते ही महादलितों पर जुल्म शुरू हो गया है। खगड़िया जिले के अलौली अंचल अंतर्गत सनमनखी गांव में 33 महादलित परिवार को उजाड़ दिया गया जबकि सभी को वासगीत का पर्चा मिला हुआ था। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मुख्यमंत्री से उजाड़े गए सभी परिवारों को तत्काल मुआवजा, पांच डिसिमिल भूमि और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ग्रामीण के तहत आवास मुहैया कराने की मांग की है। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि महादलित परिवार को बड़े भूस्वामी के इशारे पर पुलिस प्रशासन द्वारा घर उजाड़ कर बेदखल कर दिया गया एवं उक्त जमीन पर बड़े भूस्वामी के द्वारा मिट्टी भराई एवं जमीन की घेराबंदी का काम शुरू करबा दी। घटना की सूचना मिलते ही भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह विधायक का सूर्यकांत पासवान, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य का प्रभाशंकर सिंह, खगड़िया के जिला मंत्री का प्रभाकर प्रसाद सिंह, एवं सहायक जिला मंत्री का पुनीत मुखिया घटनास्थल पर पहुंचकर महादलित पचाधारियों से मिलकर घटना की जानकारी ली। भाकपा राज्य सचिव ने कहा कि बिहार में फिर से भाजपा का सरकार में शामिल होते ही खासकर महादलित एवं गरीब परिवारों पर जुल्म बढ़ गया है। पुलिस की जिम्मेवारी थी कि पर्चा मिली जमीन पर बसे पचाधारियों को संरक्षण देना लेकिन इसके उल्टे वह तो बड़े भूस्वामी के साथ खड़ी होकर उजाड़ने के काम में लग गयी।

पोस्टमार्टम के बाद शव सिरसी पहुंचते ही मचा कोहराम

विभूतिपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत महथी दक्षिण पंचायत के वार्ड 02 सिरसी में श्रवण दास के 23 वर्षीय पुत्र मृतक हेमंत कुमार का शव पोस्टमार्टम के बाद पहुंचते ही कोहराम मच गया। मृतक की माता हीरामणि देवी, पत्नी मंचन देवी रो रो कर बेसुध हो रही थी। बता दें कि विभूतिपुर थाना क्षेत्र के महथी दक्षिण वार्ड 02 सिरसी निवासी श्रवण दास के पुत्र हेमंत कुमार सोमवार को चकमहिषी अपने ससुराल जा रहा था। तभी मुक्तापुर कोल्ड स्टोरेज के निकट ट्रैक्टर व बाईक में टक्कर हो गई। जिसमें हेमंत कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ट्रैक्टर चालक वाहन के साथ फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजा। पोस्टमार्टम के बाद देर रात मृतक का शव को घर लाया गया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मुखिया भोला शंकर दास, सरपंच हरे राम दास, राजद के प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र कुमार यादव आदि गणमान्य लोग मृतक के परिजनो को सांत्वना देते हुए अंतिम संस्कार के लिए भेजा।

मैथिली में संविधान बनने से आम जन मानस को मैथिली कर्तव्य का बौध होगा सरल : कुलपति

- दस दिवसीय भारतीय संविधान मैथिली अनुवाद कार्यशाला का समारोह पूर्वक हुआ समापन

प्रात : किरण, संवाददाता

सहरसा। राष्ट्रीय अनुवाद मिशन भारतीय भाषा संस्थान मैसूर एवं ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज सहरसाके संयुक्त तत्वावधान में भारतीय संविधान के मैथिली अनुवाद पूर्वनिरिक्षन निमित दस दिवसीय कार्यशाला का बुधवार को समारोह पूर्वक समापन किया गया। समापन समारोह का उद्घघाटन मुख्य अतिथि भुपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ बिमलेन्दू शेखर झा विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ मिहिर कुमार ठाकुर विश्वविद्यालय छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉ नवीन कुमार ईस्ट एन वेस्ट कॉलेज समुह के चेयरमैन डॉ रजनीश रंजन एवं राष्ट्रीय अनुवाद मिशन के वरीय रिसोर्स पर्सन डॉ शंभु कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। समापन समारोह के सभी आगत अतिथियों को मिथिला की संस्कति के अनुरूप पारम्परिक अंग वस्त्र, पाग एवं पुष्प गुछ भेट कर महाविद्यालय परिवार की ओर से समानित किया गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति ने अपने संबोधन में भारतीय भाषा मिशन संस्थान मैसूर एवं ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक कार्य हेतु हमे आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि मैथिली में संविधान बनने से आम जनमानस को मौलिक कर्तव्य का बौध सरलहो जाएगा। उन्होंने कहा कि जब भारतीय संविधान हमारी मातृ भाषा मैथिली में जब हम लोगों के बीच होगा तब आम मिथिला भाषी खास करके वैसी महिलाए जिन्हें अपने कर्तव्य एवं अधिकार का बौध कम है वे सरलता पूर्वक संविधान को समझ पायेंगे। साथ ही उन्होंन कहा कि हम सभी को सार्वजनिक स्थलों पर मैथिली मैं बात चीत करनी चाहिए जो कि गर्व का विषय है ना कि अपमान का.कुलपति ने कहा ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज व भारतीय भाषा संस्थान द्वारा भविष्य में यदि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन का प्रस्ताव दिया जाता है तो उसे विश्वविद्यालय स्तर पर हर संभव मदद की जाएगी। दस दिवसीय अनुवाद कार्यशाला के कोडिनेटर सह विशेषज्ञ व ईस्ट एन वेस्ट कॉलेज समुह के चेयरमैन डॉ रजनीश रंजन ने अपने स्वागत भाषण में भारतीय भाषा संस्थान मैसूर एवं अनुवाद मिशन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह सुखद संयोग है कि विश्व मातृ भाषा दिवस के दिन हमारी मातृ भाषा मैथिली में भारतीय संविधान के अनुवाद निमित कार्यशाला का समापन हो रहा है.उन्होंन कहा कि इस ऐतिहासिक कार्य हेतु शिक्षाशास्त्र की धरा ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज का चुनाव संम्पूर्ण महाविद्यालय सहित कोशी वासियों हेतू गौरव मई रहा जिसका हम सभी साक्षी रहें.विषय प्रवेश कराते हुए डॉ शंभु कुमार सिंह ने कहा राष्ट्रीय अनुवाद मिशन वर्ष 2008 से संविधान के अष्टम अनुसूची में सामिल बाईस भारतीय भाषाओं को ज्ञान पाठ पुस्तक के अनुवाद हेतु कृतसंकल्पित है। कहा बाईस भाषाओं में एक भाषा मैथिली भी सामिल है और भारतीय संविधान का मैथिली अनुवाद पूर्व निरिक्षण कार्यशाला का हम सभी एक साथ साक्षी बने है। ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्राध्यापक सह जनसंपर्क पदाधिकारी अभय मनोज के संचालन में आयोजित समापन समारोह को भुपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ मिहिर कुमार ठाकुर, विश्वविद्यालय छात्र कल्याण अध्यक्ष नवीन कुमार कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन डॉ नरेन्द्र नाथ झा,डॉ शिशिर कुमार मिश्र, डॉ संजय कुमार चौधरी, डॉ अशोक कुमार सिंह, डॉ सतीश कुमार दास, डॉ बलवीर कुमार झा, अधिवक्ता आदित्य ठाकुर ने संबोधित करते हुए भारतीय संविधान के मैथिली अनुवाद पर अपने विचारों को साझा किया। कार्यक्रम के आगत अतिथियों का पंडित मोहन ठाकुर के नेतृत्व में स्वागत गीत व नृत्य के साथ स्वागत व अभिनंदन किया गया।

किसानों को मतदान के प्रति किया जागरूक

प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुराः कृषि विभाग की ओर से बुधवार को किसानों के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी पूनम कुमारी के नेतृत्व में ई किसान भवन सिंहेश्वर में बकरी पालन का प्रशिक्षण ले रहे किसानों को मतदान के महत्व को लेकर जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान के क्रम में जिला कृषि पदाधिकारी पूनम कुमारी ने कहा कि लोकतंत्र में वोट डालना वोटरों का कर्तव्य और जिम्मेदारी है। ऐसे में प्रत्येक मतदाता उस अधिकार का प्रयोग करें। वोट डालना राज्य और देश के हित के लिए बहुत जरूरी है। जितना ज्यादा मतदान होगा, हमारा लोकतंत्र भी उतना ही ज्यादा मजबूत होगा। इस महत्ता को ध्यान में रखते हुए ही अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। मौके पर कृषि विभाग के जिला कृषि समन्वयक सोहन सिंह ने मतदान की महत्ता पर विस्तार से चर्चा किसानों के साथ की। उन्होंने कहा कि किसानों को भी मतदान के प्रति विशेष जागरूक रहना चाहिए। इस दौरान प्रशिक्षण ले रहे किसान के साथ कृषि विभाग के अन्य कर्मी मौजूद थे।

बच्चों को फाइलेरिया मुक्त रखना हमारी प्राथमिकता: भीबीडिओ

प्रात : किरण, संवाददाता

सहरसा। फाइलेरिया उन्मुलन हेतु जिले के 2 वर्ष से कम, गंभीर बीमारों एवं गर्भवती महिलाओं को छोड़ कर शेष सभी को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराने के लिए सरकार द्वारा मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के तहत कैम्प लगाकर एवं घर-घर जाकर डीईसी एवं अल्बेंडाजोल की समुचित खुराक खिलायी जा रही है। फाइलेरिया यानि हाथि पांव जैसी लाइलाज बीमारी से आने वाली पीढ़ी को बचाये रखना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता में है। जवाहर नवोदय विद्यालय में कैम्प लागाकर खिलाई गई दवा जिला वेक्टर नियंत्रण पदाधिकारी डा0 रविन्द्र कुमार ने बताया जिले में सर्वजन दवा सेवन अभियान के तहत योग्य लाभार्थियों को फाइलेरिया रोधी दवा की एक निश्चत खुराक का सेवन कराया जा रहा है। इस अभियान के सफल संचालन के लिए अभियान प्रारंभ करने से पूर्व ही तैयारी की जा चुकी थी, जिसके तहत वैसे स्थान जहाँ अधिक से अधिक योग्य लाभार्थी मिल पायेंगे वहां कैम्प आयोजित कर दवा का सेवन कराया जाएगा। इसी के तहत आज जवाहर नवोदय विद्यालय में शिक्षारत विद्यार्थियों को फाइलेरिया मुक्त रखने के लिए कैम्प आयोजित कर दवा खिलाई गई। 480 बच्चे सहित 70 कर्मियों को खिलाई गई दवा- सर्वजन दवा सेवन अभियान की सफलता के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ कंधें से कंधा मिलाकर कार्य रही पिरामल स्वास्थ्य की टीम लीडर नसरीन ने बताया जवाहर नवोदय विद्यालय में कैम्प आयोजित कर पहले बच्चों को फाइलेरिया बीमारी के कारणों एवं इससे बचाव की जानकारी दी गई एवं फाइलेरिया के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें दवा सेवन करायी गई। इसके साथ ही वहां कार्य कर रहे शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों को भी फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करायी गई। नहीं आये किसी भी तरह के विपरीत परिणाम जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डा0 रविन्द्र कुमार ने बताया जिले में संचालित एमडीए अभियान के दौरान अभी तक कहीं से भी विपरीत परिणाम नहीं मिले हैं।

राजद की बैठक में तेजस्वी यादव के कार्यकर्म को ऐतिहासिक बनाने का निर्णय

प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर । राष्ट्रीय जनता दल वैशाली के कार्यालय में राष्ट्रीय जनता दल हाजीपुर विधानसभा के कार्यकताओं की एक बैठक का आयोजन हाजीपुर के प्रखंड अध्यक्ष सुरेश राय की अध्यक्षता एवं हाजीपुर के नगर अध्यक्ष सुभाष कुमार राय के संचालन में की गई । इस बैठक में आगामी 25 फरवरी को वैशाली जिला अंतर्गत महुआ के गांधी मैदान में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष विधानसभा श्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी के जन विश्वास यात्रा को सफल बनाने के लिए हाजीपुर विधानसभा से हजारों हजार की संख्या में हाजीपुर के पूर्व प्रत्याशी श्री देव कुमार चौरसिया के नेतृत्व में चलने के लिए रणनीति पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए हाजीपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी ने सभी कार्यताओं को आशवस्त किया किसी भी कार्यकर्ता के मान सम्मान में कोई कमी नहीं आएगी और जन विश्वास यात्रा वैशाली जिले में ऐतिहासिक होगा ।इस अवसर पर पूर्व विधान पार्षद विष्णु देव राय ने भी अपने विचार व्यक्त किया और कहा कि केंद्र की और राज्य की वर्तमान सरकार जिस तरह से राज्य में अस्थिरता का दौर कायम की है उसके जवाब में बिहार में राजनीतिक स्थिरता लाने के लिए बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव जनता के अदालत में आशीर्वाद लेने आ रहे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय परिषद राजद के सदस्य रवि कुमार चौरसिया ने अपने संबोधन में कहा की महागठबंधन की सरकार जो 17 महीने चली और जितना काम और बेरोजगारों को नौकरी इन 17 महीना में श्री तेजस्वी प्रसाद यादव जी के चलते मिली उतना पिछले 17 साल में एनडीए और नीतीश कुमार मिलकर भी नहीं दे । प्रदेश महासचिव अनिल चंद्र कुशवाहा, अनुसूचित जाति पर पोस्ट के प्रदेश उपाध्यक्ष बालेंद्र दास, राजेश शर्मा, संतोष चौधरी, युवा राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव रंजीत कुमार यादव ,महिला राष्ट्रीय जनता दल की जिला अध्यक्ष सुचित्रा चौधरी, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष लखींद्र दास ,बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष इंद्रदेव चौधरी,आदि लोगों ने अपनी चट्टानी एकता का परिचय देते हुए 25 फरवरी को आयोजित विशाल जनसभा को सफल बनाने का संकल्प लिया ।

भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा प्लास्टिक प्रदूषण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

प्रात : किरण, संवाददाता

हाजीपुर।भारत स्काउट एवं गाइड ,वैशाली द्वारा प्लास्टिक प्रदूषण विषय पर हाजीपुर शहर के संत जॉन्स एकेडमी के सभागार में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता में 250 छात्र - छात्राओं ने भाग लिया। प्लास्टिक वॉरियर्स, बिहार की ओर से ह्लहमारी पृथ्वी और प्लास्टिकह्व विषय पर विद्यालय के छात्र छात्राओं सहित स्काउट गाइड ने अपने चित्रकला के माध्यम से आम जनों को सिंगल युज प्लास्टिक से होने वालें नुकसानों के बारे में अवगत कराया। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम द्वारा आयोजित टाइड टर्नर प्लास्टिक चुनौती बिहार के ब्रांड एंबेसडर सह जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) ऋतुराज ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे महासागरों में वायुमंडलीय प्लास्टिक प्रदूषण संकट भी पृथ्वी के लिए एक महत्वपूर्ण और बड़ा खतरा है। आप सभी बच्चे प्लास्टिक योद्धा के रूप में प्लास्टिक कचरे को कम करने का सबसे सरल तरीका अनावश्यक और एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक से बचना है, उन व्यवसायों का समर्थन करना है जो प्लास्टिक कचरे को कम कर रहे हैं और मौजूदा प्लास्टिक का पुनः उपयोग कर रहे हैं। डिस्पोजेबल प्लास्टिक कटलरी, प्लास्टिक स्ट्रॉ और अन्य एकल-उपयोग प्लास्टिक को ना कहें। ऐसे प्लास्टिक से बचें जिन्हें अन्य विकल्प मौजूद होने पर पुनर्चक्रित नहीं किया जा सकता। वही विद्यालय के निर्देशिका मारिया जोस ने कहा की माने तो पृथ्वी को सबसे ज्यादा खतरा प्लास्टिक से हो रहा है। सभी प्रतिभागी को चित्रकला बनाने हेतु संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम टाइड टर्नर प्लास्टिक चुनौती द्वारा प्रमाण पत्र एवं बैच प्रदान किया गया।

सहकारिता के बिना किसानों का नही हो सकता विकास:बिनोद

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। सहकारिता के बिना किसानों का विकास नहीं हो सकता । कृभको के मुख्य राज्य प्रबंधक विनोद कुमार सिंह ने यह बात कही। लालगंज प्रखंड के पंचदमिया गांव में आयोजित फसल विचार संगोष्ठी में राज्य प्रबंधक ने कहा कि किसान कृभको से जानकारी लेकर अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी सह आत्मा परियोजना निदेशक डॉक्टर वेद नारायण सिंह, जिला मत्स्य पदाधिकारी कृष्ण कुमार सिन्हा, कृषि वैज्ञानिक श्रीप्रिया दास, आत्मा के लालगंज प्रखंड अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिंह, ने संयुक्त रूप से किया। जिला कृषि पदाधिकारी ने कहा कि प्रदेश और केन्द्र सरकार किसानों की समृद्धि के लिए कई योजनाएं चला रही है। कृषि पदाधिकारी ने किसानों के बीच बीज वितरण और किसानों को मिलने वाले अनुदान की पूरी जानकारी दी। विषय वस्तु विशेषज्ञ श्रीप्रिया दास ने जैविक खेती और उन्नत खेती की जानकारी दी। विशेषज्ञ ने कहा कि जैविक खेती से ही आने वाले समय में पर्यावरण और मानव सेहत को बचाया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जागृति कला केन्द्र के सचिव डॉक्टर अभयनाथ सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में प्राकृतिक खेती आवश्यक है। इससे भूमि की उर्वरा शक्ति को बचाया जा सकता है। साथ ही किसानों के समय, जल और पूंजी दोनों की बचत होगी। उन्होंने संस्थान के कार्यों की जानकारी देते हुए कि रेशम कीट पालन और धागा उत्पादन के साथ मत्स्य पालन के क्षेत्र में दो सौ किसानों और युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस अवसर पर कृभकों के क्षेत्रीय प्रतिनिधि उपेन्द्र कुमार, आत्मा के सहायक परियोजना निदेशक सियाराम साहु, महेन्द्र नाथ सिंह विद्यालय के प्राचार्य अक्षय नाथ सिंह, ममता सिंह, प्रिया सिंह, ललित कुमार, वरुण कुमार, महिला किसान संगीता देवी, अनिता देवी, मालती देवी, अंजली देवी, समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

नहीं रहे शिक्षा का अलख जगाने वाले शिक्षक आचार्य रामसागर प्रसाद सिंह सुमन

वैशाली। प्रखंड के मझौली निवासी शिक्षाविद् आचार्य रामसागर प्रसाद सिंह सुमन का निधन मंगलवार को उनके पैतृक निवास मझौली में हृदय गति रुकने से हो गया। वे 76 वर्ष के थे। चार दशक से शिक्षा के अलख जगाने वालों में अपनी अलग पहचान बनाने बाले आचार्य रामसागर प्रसाद सिंह सुमन ने अपनी सेवा की शुरूआत उच्च विद्यालय श्री भुवनेश्वर नाथ पौनी हसनपुर विद्यालय से शुरू कर कई उच्च विद्यालयों में संस्कृत एवं हिन्दी की शिक्षा छात्र-छात्राओं को देकर अपनी ख्याति प्राप्त की थी। वे सेवानिवृत्त होने के बाद भी गांव में निश्शुल्क सेवा दे रहे थे। उनकी मृत्यु की खबर सुन उनके अंतिम दर्शन के लिए शिक्षाविदों, समाजसेवियों सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं जुटे एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की इस संकट की घड़ी में परिजनों को सहन शक्ति प्रदान करे।

मानव अस्तित्व का दार्शनिक विश्लेषण विषयक पर हुआ व्याख्यान

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के शैक्षणिक परिसर अवस्थित विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग में मंगलवार को मानव अस्तित्व का दार्शनिक विश्लेषण विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसके मुख्य वक्ता दर्शनशास्त्र विभाग, बी. आर. अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के प्रोफेसर डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि संपूर्ण दर्शन मानव अस्तित्व के इर्द-गिर्द घूमता है। मानव ही दर्शन के केंद्र में है। लेकिन दुख की बात यह है कि हम विश्लेषण के क्षेत्र में तो आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन मानवता पीछे छूटती जा रही है। उन्होंने कहा कि तर्कशास्त्रियों ने मानव को एक बौद्धिक प्राणी कहा है। लेकिन वास्तव में मानव एक संवेदनशील प्राणी है। मानव की मुख्य विशेषता बौद्धिकता नहीं, बल्कि संवेदनशील है। मानव जीवन तर्क से नहीं, बल्कि संवेदना से चलता है। मानव संवेदना के कारण ही मानव है। उन्होंने कहा कि सच्ची मानवता हमें स्वार्थ से परार्थ की ओर ले जाती है। यही कारण है कि मानव न केवल अपने वर- पशु-पक्षी आदि मानवेतर प्राणियों तथा प्रकृति-पर्यावरण आदि की भी चिंता करता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में मानव का एक विशिष्ट स्थान है। मानव पशु एवं देवता दोनों के बीच में है। मानव जीवन में संवेदना नहीं हो, तो मानव पशु हो जाता है और यदि संवेदना या करूणा बढ़ती है, तो मानव देवत्व को प्राप्त कर लेता है। उन्होंने कहा कि आज बाजारवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है। इसके कारण हम अपने परिवार एवं पड़ोस से भी दूर हो गए हैं। व्याख्यान के उद्घाटनकर्ता पूर्व कुलपति प्रो. ज्ञानंजय द्विवेदी ने कहा कि मानव जीवन में आध्यात्मिक एवं भौतिक दोनों पक्षों का महत्व है। हमें जीवन के दोनों पक्षों को ध्यान में रखकर निष्काम कर्म करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मानविकी संकायाध्यक्ष एवं अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो. आर. के. मल्लिक ने कहा कि मानव का सबसे बड़ा गुण चिंतन-मनन है। चूंकि सभी मनुष्य चिंतन-मनन कर सकते हैं, इसलिए सभी मनुष्य दार्शनिक होते हैं। उन्होंने कहा कि मानव का सबसे बड़ा गुण है कि वह अपनी स्थिति से संतुष्ट नहीं रह सकता है। मानव मानव चिंतन-मनन करके अपनी स्थिति में परिवर्तन ला सकता है। मानव स्वयं अपने भाग्य का निमार्ता होता है। विशिष्ट अतिथि निदेशक (आईक्यूएसी) प्रो. नरेश कुमार ने कहा कि विज्ञान एवं दर्शन दोनों मानव अस्तित्व का अध्ययन करता है। लेकिन दोनों की विधि अलग-अलग है। सम्मानित अतिथि हिन्दी विभागाध्यक्ष एवं पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो. उषा सिन्हा ने कहा कि मानव जीवन कर्म प्रधान है। हम अच्छा कर्म करके ही अपने लौकिक एवं पारलौकिक दोनों जीवन को सफल बना सकते हैं। इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. सी. पी. सिंह ने कहा कि मानव ही पृथ्वी की सबसे बड़ी खूबसूरती है। मानव है, तो सब कुछ है। मानव विहिन पृथ्वी का कोई मूल्य नहीं है। ईश्वर भी दुनिया में धर्म की स्थापना हेतु मानव रूप धारण करते हैं। पीजी सेंटर, सहरसा के डॉ. सिद्धेश्वर काश्यप ने कहा कि साहित्य में मानव अस्तित्व की काफी चर्चा की गई है। अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने कहा कि दर्शनशास्त्र विभाग में लगातार कार्यक्रमों कि आयोजन किया जा रहा है और नियमित रूप से कक्षाएं भी संचालित हो रही हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अनुरोध किया है कि वे विभिन्न कार्यक्रमों एवं कक्षाओं में नियमित रूप से अपनी उपस्थित सुनिश्चित कराएं। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर विनय कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन शोधार्थी शक्ति सागर ने किया। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. मो. साहिद, उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. मो. एहसान, डॉ. योगेश कुमार, डॉ. अजय कुमार, डॉ. संजय परमार, खुशबू कुमारी, कुंदन कुमार, अबरार आलम, शक्ति सागर, अजय कुमार, डॉ. माधव कुमार आदि उपस्थित थे।

जन भारत रंग कार्यक्रम के तहत नाटक का हुआ मंचन

प्रात : किरण संवाददाता

पटनाः राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा आयोजित भारत रंग महोत्सव की 25 वी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जन भारत रंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 21 फरवरी को शाम 4 बजे रंग गुरुकुल के द्वारा नुक्कड़ नाटक ह्लो आई वापस सोने की चिड़ियाह्व की प्रस्तुति गांधी मैदान , पटना में की गई। रंग गुरूकुल (रंगमंडल)भी जन भारत रंग कार्यक्रम में आज शाम 4:00 बजे गांधी मैदान, पटना में किया गया ।इस नाटक को ऑनलाइन यू ट्यूब एवम् फेस बुक पेज पर लाईव दिखाया गया । नाटक मूलतः हमारे नाट्यशास्त्र पे आधारित है जिसमे वशुधेव कुटुम्बकम के बारे में बताया गया कि नाटक में कौन कौन सी कलायें होती है और हमारे भारत में एक ऋषि होते थे भरतमुनि जिन्होंने नाट्येकला कला के बारे में लिखा और हमड़े देश में संस्कार , सभ्यता, संस्कृति, कला आदि लिखा गया । जिसकी वजह से लोगो को ज्ञान मिलता है , खुशी मिलती है , हर्ष मिलता है । समाज में नाटक का योगदान रहा और रहेगा । इस नाटक में ऋ20 के बारे में भी बताया गया जिस्म वन अर्थ , वन फैमिली जो की हजारो साल पहले महा उपनिषद में कहा गया था वशुधेव कुटुम्बकम यानी की वन अर्थ , वन फैमिली । इस नाटक के जरिए लोगो को जागरूक किया गया है ताकि लोग अपनी सभ्यता अपनों सांस्कृति को ना भूले और इसे जान कर अपने आने वाली पीढ़ी को भी जागरूक करे और अपने समाज और अपने देश को एक विकसित भारत और आत्मनिर्भर बन कर हम पूरे देश में विश्वगुरु बन कर अपनी पहचान बनाये । रंग गुरुकुल संस्था ने इसे बखूबी इस नाटक के माध्यम से लोगो को जागरूक किया और समाज और देश की सभ्यता को नाटक के माध्यम से दिखाने में सफल रहा । और रंग गुरुकुल के सभी कलाकारों ने भी अपनी भूमिका और अपनी आंगिक वाचिक से लोगो को काफी मनोरंजन किया ।

माई-बाप के बाद भाई-बहन पार्टी बनेगी आरजेडी : जदयू

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। तेजस्वी के बयान पर पलटवार करते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि इतने दिनों से झूठ की दुकान बने राजद के युवराज ने आखिरकार स्वीकार ही लिया कि राजद कार्यकताओं की नहीं बल्कि उनके माई-बाप की पार्टी है और अब उनके नेतृत्व में यह भाई-बहन पार्टी बनने की राह पर बढ़ चली है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी ने राजद को ए टू जेड की पार्टी भी बताया है। इससे राजद कार्यकताओं को अधिक खुश नहीं होना चाहिए। इसका मतलब साफ है कि भाई-बहन के बाद उनके परिवार के ए टू जेड सदस्य यानी भाई-भतीजे समेत तमाम रिश्तेदार ही राजद के नेता माने जायेंगे। उनका तात्पर्य है कि बिहार का जो व्यक्ति उनके खानदान की पालकी ढ़ोने को तैयार है वही उनका कार्यकर्ता बने। अपना राजनीतिक भविष्य देखने वालों के लिए राजद में कोई जगह नहीं है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि बिहार के लोग वैसे भी राजद की असलियत से परिचित हैं। तेजस्वी चाहे लाख खुद को बहुजन, आधी आबादी और अगड़े-पिछड़ों का समर्थक बताये लेकिन हकीकत में यह उनकी जनता को बरगला कर वोट बटोरने की चुनावी रणनीति भर है। टिकट या महत्वपूर्ण पद बांटते समय इन्हें सिर्फ परिवार याद आता है या जमीन देने वाले आम बिहारीयों व अपने कार्यकताओं का महत्व इनके निगाह में कौड़ी भर भी नहीं है।

रंगरा ने उदाकिशुनगंज को हराकर विजेता कप पर जमाया कब्जा

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा जनता हाई स्कूल के मैदान पर आयोजित सात दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मैच में रंगरा की टीम ने उदाकिशुनगंज टीम को हराकर विजेता ट्रॉफी का कब्जा जमा लिया। फाइनल मैच में टॉस जीतकर रंगरा टीम के कप्तान शिवम कुमार ने पहली पारी खेलते हुए निर्धारित 20 ओवर के खेल में 17 ओवर की समाप्ति पर सभी विकेट खोकर 119 रन बनाए। जवाबी पारी में उदाकिशुनगंज टीम के कप्तान चंदन कुमार के नेतृत्व में खेलने ने उतरी टीम ने 17 ओवर 5 गेंद की समाप्ति पर 111 रन पर ही ऑल आउट हो गई। मैन ऑफ द मैच का खिताब रंगरा टीम के खिलाड़ी अक्षत कुमार और मैन ऑफ द सीरीज का खिताब रंगरा टीम के ही खिलाड़ी नीतीश गोस्वामी को प्रदान किया गया। विजेता टीम को चंदन सिंह ने कप प्रदान किया। वही उप विजेता टीम को पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सचिन पटवे ने कप प्रदान की। मैच के निर्णायक की भूमिका प्रभात रंजन और प्रीतम कुमार ने निभाया। उद्घोषक की जिम्मेवारी यासिर हमीद और राशिद लतीफ व इमरान इंडियन ने निभाया। बोर्ड स्कोरिंग पिंटू कुमार तथा नीतीश कुमार ने किया।

सम्पादकीय

हकीकत का आईना

आईटीआईएफ ने एक रिपोर्ट में कहा है कि भारत में 2029 तक अधिकतम पांच फैक्टरियां ही लग पाएंगी और वो भी 28 नैनोमीटर वाले चिप का उत्पादन करने वाली होंगी। जबकि अमेरिका में तीन और चीन में पांच नैनोमीटर के चिप तैयार हो रहे हैं। सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में भारत को महाशक्ति बनाने के सपने में अमेरिका के प्रतिष्ठित थिंक टैंक- थिंक टैंक इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फाउंडेशन (आटीआईएफ) ने पिन चुभो दिया है। भारत सरकार ने दस बिलियन डॉलर की विशाल रकम इस क्षेत्र में आने वाली कंपनियों को सब्सिडी देने के लिए रखी है। ऐसी शर्तों के साथ विदेशी कंपनियों को चिप फैब्रीकेशन की फैक्टरी लगाने बुलाया जा रहा है, जिसमें दो तिहाई तक आर्भिक निवेश सरकार करेगी, जबकि सारा मुनाफा उन कंपनियों का होगा। उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक भारत में ऐसी फैक्टरियां लगाने के लिए अब तक 18 प्रस्ताव सरकार को मिल चुके हैं। आईटीआईएफ ने एक ताजा रिपोर्ट में कहा है कि इन सबके बावजूद भारत में 2029 तक अधिकतम पांच फैक्टरियां लग पाएंगी और वो भी 28 नैनोमीटर वाले चिप का उत्पादन करने वाली होंगी। जबकि अमेरिका में तीन और चीन में पांच नैनोमीटर के चिप तैयार हो रहे हैं। इस बीच चिप क्षेत्र में बढ़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए अमेरिका, चीन, यूरोप, जापान और ताइवान में अनुसंधान और उत्पादन बड़े पैमाने पर बड़े पैमाने पर निवेश किया जा रहा है। आईटीआईएफ ने आशंका जताई है कि इस घटनाक्रम से भारतीय प्रयासों पर ग्रहण लग सकता है। थिंक टैंक ने कहा है- भारत वैश्विक सेमीकंडक्टर वैल्यू चेन में अपेक्षाकृत अधिक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, बशर्ते सरकार अपनी निवेश नीति पर कायम रहे, विनियमन और कारोबार का अनुकूल वातावरण बनाए रखे और अनिश्चिय पैदा करने वाले कदमों से बचे। ये सब बहुत बड़ी शर्तें हैं। इ दरअसल, सेमीकंडक्टर की दुनिया में विशेष पहचान चिप डिजाइनिंग की दिशा में नए आविष्कारों से बनती है। डिजाइन किए चुके चिप के उत्पादन (फैब्रीकेशन) का अपना महत्त्व है, लेकिन इस पर नियंत्रण बौद्धिक संपदा अधिकार रखने वाली कंपनी का रहता है। डिजाइनिंग मेधा और पूंजी सघन क्षेत्र है, जिसके लिए अत्याधुनिक अनुसंधान और अनुकूल बाजार पूर्व शर्त हैं। भारत सरकार के लिए विचारणीय है कि क्या इन क्षेत्रों में देश के अंदर मजबूत जमीन तैयार कर ली गई है? ऐसा किए बिना भारी सब्सिडी देकर कंपनियों को बुलाना फुनगी के जरिए पेड़ लगाने की कोशिश मानी जाएगी। क्या यह संभव है?

हिट विकेट हो गए कमलनाथ

रमेश सर्राफ धमोरा

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के कद्दावर नेता कमलनाथ को भाजपा ने हिट विकेट कर दिया है। पिछले एक सप्ताह से कमलनाथ के भाजपा में जाने की खबरें सुर्खियां बन रही थी। मगर भाजपा आलाकमान ने कमलनाथ के लिए पार्टी के दरवाजे नहीं खोले। चर्चा है कि मध्य प्रदेश भाजपा द्वारा कमलनाथ के भाजपा प्रवेश का विरोध किए जाने के कारण पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कमलनाथ के भाजपा प्रवेश के कार्यक्रम को टाल दिया है। अब कमलनाथ के सुर भी बदले-बदले नजर आ रहे हैं। वह बोल रहे हैं कि मैं कभी भी कांग्रेस नहीं छोड़ सकता हूं। मैं जन्मजात कांग्रेसी हूं और रहूंगा। जबकि एक दिन पहले तक कमलनाथ के खासमखास सज्जन सिंह वर्मा ने खुलेआम कांग्रेस पार्टी में कमलनाथ की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए उनके भाजपा में शामिल होने की पुष्टि की थी। मगर अब सज्जन वर्मा भी अपने बयानों से पलटते नजर आ रहे हैं।

भाजपा में कमलनाथ को शामिल करने को लेकर अंदर खाने विरोध के स्वर उठ रहे थे। भाजपा नेता तेजिंदर सिंह बग्गा का कहना है कि कमलनाथ सिख विरोधी दंगों के अगवा रहे हैं। उन पर सिखों की हत्या करने के आरोप है। ऐसे व्यक्ति को भाजपा में शामिल नहीं करना चाहिए। हालांकि कमलनाथ हमेशा ऐसे आरोपों को नकारते रहे हैं। सभी तरह की जांच में उन्हें क्लीनचिट भी मिल चुकी है। मगर सिख समाज के मन में आज भी कमलनाथ को लेकर नकारात्मक भावना बनी हुई है। ऐसे में भाजपा कमलनाथ को पार्टी में शामिल कर सिख मतदाताओं को नाराज नहीं करना चाहती है। हालांकि तेजिंदर सिंह बग्गा का कहना है कि यदि कमलनाथ के सांसद बेटे नकुलनाथ भाजपा में शामिल होते हैं तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। क्योंकि नकुलनाथ ने सिख विरोधी कोई काम नहीं किया है।

कमलनाथ कांग्रेस में सबसे वरिष्ठ नेता माने जाते हैं। संजय गांधी के दून स्कूल के साथी कमलनाथ को 1980 के पहले लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें अपना तीसरा बेटा कहकर चुनाव जीतवाने की अपील की थी। 1980 में मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल छिंदवाड़ा से पहली बार चुनाव जीतने के बाद कमलनाथ ने कभी राजनीति में पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह लगातार सफलता की सीढ़ी चढ़ते गए।

कांग्रेस की केन्द्र सरकार में वह कई बार मंत्री, संगठन में पदाधिकारी, मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बनाए गए। मगर 2023 में कांग्रेस पार्टी के मध्यप्रदेश विधानसभा का चुनाव हारने के बाद पार्टी में उन्हें हाशिये पर धकेल दिया गया। उन्हें बिना पूछे ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से हटा दिया गया। इतना ही नहीं उनके विरोधी रहे जीतू पटवारी को उनके स्थान पर मध्य प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष व उमंग सिंघार को विधायक दल का नेता बना दिया गया। इससे कमलनाथ को बड़ा झटका लगा था और तभी से वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में अपने प्रवेश की जुगत लगाने लगे थे।

हालांकि अब कमलनाथ ने साफ कर दिया है कि वह कांग्रेस छोड़कर कहीं नहीं जा रहे हैं। राहुल गांधी की न्याय यात्रा में भी वह शामिल होंगे। अगले लोकसभा चुनाव में पार्टी के सभी 29 सीटों पर प्रत्याशियों को जितवाने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। मगर राजनीति के जानकारों का कहना है कि यह कमलनाथ की खिसियाहट मिटाने का एक तरीका है। कमलनाथ को पता है कि भाजपा में शामिल नहीं होने के कारण पार्टी नेतृत्व के समक्ष उनकी छवि संदिग्ध की बन चुकी है। कांग्रेस आलाकमान को पता है कि जब भी मौका मिलेगा कमलनाथ कांग्रेस को अलविदा कह देंगे। इसलिए कांग्रेस आलाकमान उनको लेकर हमेशा सतर्क रहेगा और आगे उन्हें ऐसी कोई बड़ी जिम्मेदारी भी नहीं दी जाएगी जिस से उनके पार्टी छोड़ने पर पार्टी की छवि खराब हो।

कमलनाथ जैसे वरिष्ठ नेता द्वारा पिछले एक सप्ताह से जिस तरह का राजनीतिक ड्रामा किया गया था उसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। कमलनाथ की छवि एक गंभीर और सुलझे हुए नेता की मानी जाती रही है। ऐसे में भाजपा में शामिल होने को लेकर अफवाहों का जो दौर देखने को मिला उससे उनकी छवि तो खराब हुई है। आने वाले समय में वह राजनीतिक रूप से भी कमजोर हो जाएंगे ऐसी संभावना जताई जाने लगी है। अब कांग्रेस आलाकमान भी उनके समर्थकों से सीधी बात कर डैमेज कंट्रोल करने में जुट गया है। आने वाले समय में यदि कमलनाथ अपने सांसद पुत्र नकुलनाथ को भाजपा में शामिल भी करवा देते हैं तो कांग्रेस को अधिक नुकसान नहीं हो। इस बात को लेकर कांग्रेस आलाकमान अपनी गोटिया बिठाने में जुट गया है। आज कमलनाथ की स्थिति न घर की न घाट की वाली बन गई है। भाजपा आलाकमान भी नहीं चाहता है कि महज एक छिंदवाड़ा लोकसभा सीट के लिए कमलनाथ को पार्टी में लाकर प्रदेश में एक नया गुट खड़ा करें। इसीलिए अंतिम समय में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कमलनाथ कि भाजपा एंट्री को रोक कर उन्हें ऐसा झटका दिया है जिससे वह है शायद ही कभी उबर पाए।

राजस्थान में कांग्रेस के बड़े आदिवासी नेता व कांग्रेस की कार्य समिति के सदस्य महेंद्रजीत सिंह मालवीय भाजपा में शामिल हो गए हैं। मालवीय राजस्थान के बांगड़ क्षेत्र में बड़े कद के राजनेता है और कई बार मंत्री, विधायक, सांसद, प्रधान, जिला प्रमुख रह चुके हैं। इससे पूर्व महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी भाजपा में शामिल हो गये थे। कई अन्य नेता भी कतार में हैं। कांग्रेस के ऐसे बड़े जनाधार वाले नेता पार्टी छोड़कर क्यों जा रहे हैं। कांग्रेस आलाकमान को इस बात पर भी चिंतन मनन करना चाहिए।

राजनीति के जानकारो का कहना है कि मौजूदा समय में कांग्रेस के बड़े जन आधार वाले नेता हाशिये पर डाल दिए गए हैं। ऐसे कागजी नेताओं को जिन्होने कभी कोई चुनाव नहीं लड़ा उन्हे अग्रीम मोर्चे पर लगा दिया गया है। बिना जनाधार वाले नेता ही जुगाड़ कर राज्यसभा में पहुंच जाते हैं। उसी का नतीजा है कि कांग्रेस के जन आधार वाले नेता दूसरे दलों में अपना राजनीतिक भविष्य तलाशने लगे हैं। कांग्रेस आलाकमान को जनाधार वाले नेताओं को आगे लाना होगा तभी पार्टी अपना खोया जनाधार फिर से हासिल कर पाएगी।

नए युग, नये कालचक्र व राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण के खोखले दावे और सुप्रीम हंटर

सत्ता को दर्पण दिखने वाले इस फैसले से एक दिन पूर्व यानी गत सोमवार (19 फरवरी) को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश में कल्किधाम मंदिर के एक शिलान्यास कार्यक्रम में जो ह्यप्रवचनह्ल दे रहे थे उसे सुनकर कोई भी यही कहेगा कि भारतवर्ष तीव्र गति के साथ न केवल आगे बढ़ रहा है बल्कि विश्व महाशक्ति भी बनने जा रहा है। उनके लोकलुभावन व आत्म प्रशंसा से ओत प्रोत प्रवचन के मुख्य अंश कुछ इसतरह थे-ईश्वर ने मुझे राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण का जो जिम्मा सौंपा है उसको भव्यता दे रहा हूं। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक यात्रा संकल्पों के साथ आगे बढ़ रही है। आपने फरमाया कि भारत अब पराभव से विजय की ओर प्रस्थान करने वाला राष्ट्र बन गया है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत पहली बार उस मुकाम पर है कि अब वह अनुसरण नहीं दुनिया भर में उदाहरण पेश कर रहा है। अब देश का हर व्यक्ति गौरव गौरवान्वित महसूस करता है। अब हमारी शक्ति अनंत और संभावनाएं अपार हैं। अब कालचक्र बदल गया है और नए युग की शुरूआत हो चुकी है। हम दुनिया में पांचवीं अर्थव्यवस्था हैं। आदि आदि जिस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उपरोक्त प्रवचन देकर ह्यराष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण की सुनहरी तस्वीर पेश कर रहे थे ठीक उसी समय देश का सर्वोच्च न्यायालय एक बार फिर पिछले दिनों चंडीगढ़ में हुये मेयर चुनाव पर इसी आत्म मुग्ध सरकार और इसके चाणक्यों को आइना दिखा रहा था।

निर्मल रानी

लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोकतंत्र की हत्या के लाख प्रयासों के बावजूद आखिरकार सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजयी घोषित कर ही दिया है। सत्ता को दर्पण दिखने वाले इस फैसले से एक दिन पूर्व यानी गत सोमवार (19 फरवरी) को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश में कल्किधाम मंदिर के एक शिलान्यास कार्यक्रम में जो प्रवचन दे रहे थे उसे सुनकर कोई भी यही कहेगा कि भारतवर्ष तीव्र गति के साथ न केवल आगे बढ़ रहा है बल्कि विश्व महाशक्ति भी बनने जा रहा है। उनके लोकलुभावन व आत्म प्रशंसा से ओत प्रोत प्रवचन के मुख्य अंश कुछ इसतरह थे-ईश्वर ने मुझे राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण का जो जिम्मा सौंपा है उसको भव्यता दे रहा हूं। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक यात्रा संकल्पों के साथ आगे बढ़ रही है। आपने फरमाया कि भारत अब पराभव से विजय की ओर प्रस्थान करने वाला राष्ट्र बन गया है। उन्होंने यह भी कहा कि ह्यभारत पहली बार उस मुकाम पर है कि अब वह अनुसरण नहीं दुनिया भर में उदाहरण पेश कर रहा है। अब देश का हर व्यक्ति गौरव गौरवान्वित महसूस करता है। अब हमारी शक्ति अनंत और संभावनाएं अपार हैं। अब कालचक्र बदल गया है और नए युग की शुरूआत हो चुकी है। हम दुनिया में पांचवीं अर्थव्यवस्था हैं। आदि आदि जिस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उपरोक्त प्रवचन देकर ह्यराष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण की सुनहरी तस्वीर पेश करने की कोशिश कर रहे थे ठीक उसी समय देश का सर्वोच्च न्यायालय एक बार फिर पिछले दिनों चंडीगढ़ में हुये मेयर चुनाव पर इसी आत्म मुग्ध सरकार और इसके चाणक्यों को आइना दिखा रहा था। गौरतलब है कि भाजपा की चुनाव टालने की तमाम कोशिशों के बावजूद गत 30 जनवरी को चंडीगढ़ में मेयर का चुनाव संपन्न हुआ था। चंडीगढ़ नगर निगम में पार्षदों की कुल 35 सीटें हैं। एक वोट स्थानीय लोकसभा सदस्य का भी गिना जाता है। इस तरह बीजेपी के 14 पार्षद, एक भाजपा सांसद (किरण खेर) और शिरोमणि अकाली दल के एक पार्षद को मिलाकर कुल 16 वोट ही होते हैं। जबकि दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी के पास 13 और कांग्रेस के पास 7 पार्षद हैं। अर्थात इंडिया गठबंधन के पास कुल 20 मतों के संख्या बल के आधार पर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस इसे लोकसभा चुनाव से पूर्व इंडिया गठबंधन के बीजेपी से पहले मुकाबले की तरह देख रही थी तथा इंडिया गठबंधन की जीत के प्रति पूरी तरह आश्वस्त थी। परन्तु इन संभावनाओं के विपरीत आये चुनाव परिणामों से पूरा देश हैरान रह गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान के आये वीडियो में देखा गया कि पीठासीन अधिकारी द्वारा मत पत्रों को अमान्य करार देने की गरज से जानबूझकर उन पर हस्ताक्षर किये गये या कुछ लिखा गया। और बाद में पीठासीन अधिकारी ने निशान लगाये गये उन्हीं आठ मतों को आमान्य करार दे दिया। और 14 पार्षद वाली भाजपा के मेयर को विजयी घोषित कर दिया। जिन आठ वोटों को अमान्य करार दिया गया उसका कारण भी नहीं बताया गया। बीजेपी चंडीगढ़ मेयर चुनाव को इतना अहम समझ रही थी कि पार्टी के एक महासचिव चुनाव से कई दिनों पूर्व से ही इन चुनावों की रणनीति के लिए चंडीगढ़ में ठहरे हुए थे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस धांधलीपूर्ण जीत के बाद कहा था कि बीजेपी की चंडीगढ़ यूनिट को मेयर चुनाव जीतने के लिए बधाई। पीएम मोदी के नेतृत्व में चंडीगढ़ में रिकॉर्ड विकास हुआ है।

बहरहाल नए युग की शुरूआत, कालचक्र बदलने व राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण जैसे देशवासियों को आये दिन दिए जा रहे लॉली पॉप के बीच कांग्रेस व आप नेताओं द्वारा प्रिसाइडिंग ऑफि सर पर देशद्रोह करने के आरोप लगाये गये व उसे गिरफ़्तार करने व मुकदमा चलाने की मांग की गयी। चंडीगढ़ मेयर चुनाव में बीजेपी की जीत के बाद आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। उसके बाद इस प्रकरण में आई माननीय चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डी वाई चंद्रचूड की टिप्पणी नए युग की शुरूआत करने व कालचक्र बदलने का दावा करने वालों के लिये सबक लेने वाली हैं। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, यह लोकतंत्र का मजाक है. जो हुआ, हम उससे हैरान हैं. हम लोकतंत्र की इस तरह से हत्या नहीं होने दे सकते. सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव करवाने वाले पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह को भी उनकी संदिग्ध कारगुजारियों के लिये कड़ी फटकार लगाई। वीडियो देखने के बाद मुख्य न्यायाधीश ने पीठासीन अधिकारी के बारे में कहा, ये साफ है कि मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ हुई है. क्या इस तरह से चुनाव करवाए जाते हैं? इस आदमी (पीठासीन अधिकारी) पर मुकदमा चलना चाहिए। ये कैमरे की ओर क्यों देख रहे हैं और फिर किसी भगोड़े की तरह भाग क्यों रहे हैं? पीठासीन अधिकारी मतपत्र में बदलाव करते दिखे हैं। क्या ये एक रिटर्निंग ऑफिसर का बर्ताव होना चाहिए? वो कैमरे की ओर देखते हैं और मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ करते हैं। जिस मतपत्र के नीचे क्रॉस का निशान बना हुआ है, उसे ये ट्रे में रख देते हैं। जिस मतपत्र के ऊपर क्रॉस बना हुआ है, उसे ये बिगाड़ देते हैं और फिर कैमरे की ओर देखते हैं। इनसे बताइए कि सुप्रीम कोर्ट इन्हें देख रहा है। हम लोकतंत्र की ऐसे हत्या नहीं होने देंगे। अदालत ने इस घटनाक्रम को लोकतंत्र की हत्याऔर मजाक बताया था। देश में स्थिरता लाने की सबसे अहम शक्ति चुनाव प्रक्रिया की शुचिता है.उसी समय सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में धांधली मामले में चंडीगढ़ प्रशासन और नगर निगम को भी नोटिस जारी किया था। इसी बीच गत 19 फरवरी को जिस समय प्रधानमंत्री नए युग की शुरूआत व कालचक्र बदलने व राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण जैसे दावे जनता के समक्ष कर रहे थे उसी समय माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक बार फिर चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर अहम आदेश दिया गया। अदालत ने चुनाव के पीठासीन अधिकारी रहे अनिल मसीह से कई सख़्त सवाल पूछे। इधर भाजपा ने हॉर्स ट्रेडिंग अंजाम देते हुए इस विवादित मेयर चुनाव के बाद आप के कुछ पार्षदों को अपने पाले में ले कर पुनः मेयर चुनाव की मांग की गयी जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज करते हुए पिछले मतपत्रों की ही गिनती दुबारा किये जाने के निर्देश दिये। इस प्रकार चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजयी घोषित कर दिया गया। गोया भाजपा की ह्यकुटिल कथित चाणक्य नीति ह्य और उस पर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों व निदेर्शों से यह साफ हो गया कि जिस नए युग की बात की जा रही है, जिसे कालचक्र का परिवर्तन बताया जा रहा है और जिस राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण की बातें की जा रही है वह दरअसल लोकतंत्र की हत्याऔर मजाक का काला दौर है। मात्र सत्ता पर काबिज होने के लिये जिसतरह के छल प्रपंच रचे जा रहे हैं वह स्वतंत्र भारत के इतिहास का सबसे काला दौर है।

केंद्र को अब पारदर्शी चुनावी फंडिंग प्रणाली पर काम करना चाहिए

**हमें फंडिंग में पारदर्शिता पर जोर देकर चुनाव प्रणाली में सुधार के लिए बदलाव करने होंगे। भारतीय चुनाव एक जटिल प्रक्रिया है जिसमें लाखों मतदाता और अनेक राजनीतिक दल शामिल होते हैं। ये पार्टियां अपने अभियानों के वित्तपोषण के लिए व्यक्तियों और निगमों के योगदान पर बहुत अधिक निर्भर करती हैं, क्योंकि फंडिंग महत्वपूर्ण है। चुनाव के दौरान बहुत सारा काला धन भी घूमता है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने, तो उन्होंने राजनीति में अवैध धन का उपयोग रोकने का वायदा किया था। तीन साल बाद, 2017 में उन्होंने चुनावी बांड योजना पेश की, जिसके बारे में उनका दावा था कि इससे राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता बढ़ेगी। हालांकि, कुछ लोगों ने गोपनीयता खंड और मौलिक अधिकारों के उल्लंघन को अदालत में चुनौती दी। पिछले हफ्ते सर्वोच्च न्यायालय ने गुमनाम राजनीतिक चंदे को अवैध घोषित कर दिया। इस फैसले को भाजपा के लिए पचाना मुश्किल हो सकता है क्योंकि 2018 से प्रभावी इस योजना से सत्तारूढ़ दल को सबसे अधिक फायदा हुआ है। शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाया कि चुनावी बांड नागरिकों के सरकारी जानकारी तक पहुंचने के अधिकार का उल्लंघन करते हैं और संविधान की धारा19(1)(ए) का उल्लंघन करते हैं। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने खुले शासन के महत्व पर जोर दिया, ह्यमतदान के विकल्प का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए राजनीतिक दलों की फंडिंग के बारे में जानकारी आवश्यक है। ह्य सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय स्टेट बैंक को इन बांडों को जारी करने से रोकने और भारत के चुनाव आयोग को विवरण प्रदान करने का आदेश दिया गया है। यह फैसला पांच जजों के समूह ने दिया। न्यायाधीशों ने जांच की कि क्या चुनावी बांड योजना ने संवैधानिक नियमों को तोड़ा है, मतदाताओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करने से रोका है, दानदाताओं की गोपनीयता की रक्षा करते हुए गुप्त दान की अनुमति दी है, और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को खतरे में डाला है? पहले, राजनीतिक दलों को 20, 000 रुपये से अधिक का योगदान देने वाले दानदाताओं की पहचान का खुलासा करना आवश्यक था। हालांकि, चुनावी बांड राजनीतिक दलों को दानदाताओं की पहचान उजागर किये बिना प्राप्त धन की रिपोर्ट करने की अनुमति देते हैं। इन बॉन्ड्स की रेंज 1, 000 से 10 करोड़ रुपये तक होती है। लोगों को जानना चाहिए कि राजनीतिक फंडिंग पारदर्शी है या नहीं। मुख्य आलोचनाओं में से एक यह है कि इन बांडों को खरीदते समय यह पता लगाना कठिन है कि पैसा कहां से आता है, जिससे धन के स्रोत की पहचान करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। 2017 से 2022 तक के एडीआर आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि के दौरान निगमों द्वारा दान की गई कुल राशि 3, 299.85 करोड़ रुपये थी। इस रकम का सबसे बड़ा हिस्सा भाजपा को मिला। चुनावी बांड के माध्यम से कांग्रेस पार्टी को 406.45 करोड़ रुपये, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को 109.5 करोड़ रुपये और अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) को 49.7 करोड़ रुपये मिले। एडीआर की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि राजनीतिक योगदान के बारे में जानकारी छिपाना अनुचित है। करदाताओं को पता होना चाहिए कि राजनीतिक दलों को धन कहां से मिलता है। पारदर्शिता की कमी जवाबदेही पर सवाल उठाती है। करदाताओं का पैसा बांड छापने में खर्च होता है और एसबीआई को उनकी बिक्री से मुनाफा होता है। इसमें दावा किया गया है कि करदाताओं को यह जानने का अधिकार है कि राजनीतिक दलों को धन कहां से मिलता है। अधिक पारदर्शिता की आवश्यकता जवाबदेही के बारे में संदेह पैदा करती है। करदाताओं के पैसे का उपयोग बांड मुद्रित करने के लिए किया जाता है, और उनकी बिक्री से एसबीआई के मुनाफे को अनुचित माना जाता है। जनता और विपक्षी दलों को इन दान के स्रोत के बारे में पता होना चाहिए, हालांकि सरकार एसबीआई से दाता विवरण प्राप्त कर सकती है। संसद में, सरकार ने प्रमुख केंद्रीय एजेंसियों और विपक्षी संसद सदस्यों की चेतावनियों की उपेक्षा की और चुनावी बांड योजना शुरू की। बांड विधेयक को धन विधेयक के रूप में पारित किया गया था। इससे पहले, कानून मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया था कि बांड योजना को जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 का पालन करना चाहिए। चुनाव आयोग और आरबीआई ने भी 2017 योजना के प्रावधानों का विरोध किया, लेकिन सरकार ने भाजपा के हितों को ध्यान में रखते हुए इसे लागू किया। चुनाव आयोग ने 2, 858 राजनीतिक दलों को पंजीकृत किया है, लेकिन केवल एक छोटा प्रतिशत, केवल सबक न लेना चाहें, लेकिन कमिश्नर चट्टा ने एक रास्ता उन लोगों को दिखा दिया है, जो ईमानदारी के साथ लोकतंत्र के रास्ते पर चलना चाहते हैं। यह याद रखना चाहिए कि आजादी के 75-76 बरसों में पाकिस्तान लोकतंत्र के लिए तरसता रहा है, सैन्य तानाशाही ने वहां लोकतंत्र की जड़ों को बार-बार कुचला और दूरी ओर धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र बेड़ियों में जकड़ा गया। हालांकि वहां की अवाम इसके बावजूद लोकतंत्र की सत्ता स्थापित करने के लिए जूझती रही, उसने धर्म और सेना की सत्ता के आगे अपने जमीर का समर्पण नहीं किया। दूसरी ओर भारत ने आजादी के साथ ही लोकतंत्र का पौधा रोपा और 7 दशकों में इसे विशाल लहलहाते वृक्ष में तब्दील होते देखा।

कल्याणी शंकर

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा में भारत पाक

यह गजब संयोग है कि भारत और पाकिस्तान दोनों इस वक्त लोकतंत्र की अग्निपरीक्षा से एक साथ गुजर रहे हैं। भारत में लोकतंत्र की सुदीर्घ परंपरा रही है और पाकिस्तान लोकतंत्र के लिए संघर्ष करता आया है, यह दोनों देशों के बीच का बुनियादी फर्क है। लेकिन दोनों देशों में एक बड़ी समानता ये है कि सत्ता पर काबिज होने के लिए पाकिस्तान में भी षड्यंत्र रचे जा रहे हैं और भारत में भी ऐसा ही हो रहा है। चंडीगढ़ का मेयर चुनाव इसका ताजा उदाहरण है। पहले इस चुनाव को केवल इस वजह से टाला गया कि पीठासीन अधिकारी बीमार थे। इसके बाद 30 जनवरी को जब चुनाव हुए तो आप और कांग्रेस का गठबंधन हार गया, जबकि भाजपा को आसान जीत मिल गई। इस चुनाव में आठ मतपत्रों को खारिज किया गया था और आप ने आरोप लगाए थे कि रिटर्निंग अधिकारी अनिल मसीह ने ही मतपत्रों पर निशान बनाए थे। उनका एक वीडियो फुटेज भी सामने आया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को लोकतंत्र की हत्या करार दिया था और सोमवार को हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट में अनिल मसीह ने स्वीकार भी किया कि उन्होंने आठ मतपत्रों पर निशान लगाए थे। इसके बाद मंगलवार को अदालत ने मतपत्रों की फिर से गिनती के आदेश दिए हैं, इसमें खारिज किए सभी आठ मतपत्र भी शामिल थे, जिससे आप के कुलदीप कुमार मेयर घोषित हो गए। चंडीगढ़ मेयर चुनाव देश में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनावों से बहुत छोटा है। यहां पर विपक्ष ने हिम्मत नहीं हारी और इंसाफ के लिए लड़ाई जारी रखी, तो सच सामने आ गया। लेकिन इससे निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावों पर प्रश्नचिह्न तो लग ही गए हैं। और सबसे बड़ा सवालिया निशान तो इस बात पर है कि क्या सत्ता के दबाव में स्वतंत्र संस्थाओं और अधिकारियों को बेईमानी करने दी जा रही है। हाल ही में पाकिस्तान में हुए चुनाव में भी ऐसी ही बेईमानी हुई, लेकिन वहां एक अधिकारी ने सामने आकर अपनी बेईमानी न केवल कबूल की है, बल्कि खुद के लिए सजा की मांग भी कर दी। पाकिस्तान में आम चुनाव हुए 10 से अधिक दिन हो गए हैं, लेकिन किसी भी दल को पूर्ण बहुमत न मिलने के कारण अब तक सरकार का गठन नहीं हुआ है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई के लोगों ने इस बार निर्दलीय चुनाव लड़ा, लेकिन नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएलएन और बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी से ज्यादा वोट हासिल किए। फिर भी पीटीआई सरकार नहीं बना सकी, न ही अब तक नवाज शरीफ और बिलावल भुट्टो कोई समझौता कर पाए हैं। इस बीच चुनाव में धांधली के आरोप भी लगे थे और कहा गया था कि जीते हुए कई निर्दलीय प्रत्याशियों को हारा हुआ घोषित किया गया है। इससे पहले कि इस मामले की कोई जांच होती और चुनाव आयोग को क्लीन चिट मिलती, रावलपिंडी के कमिश्नर लियाकत अली चट्टा ने बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि हमने 13 ऐसे निर्दलीय कैंडिडेट्स जो 70 से 80 हजार वोटों से आगे चल रहे थे, उन्हें धांधली कर हरवा दिया। रावलपिंडी के क्रिकेट स्टेडियम में मीडिया से बात करते हुए लियाकत अली चट्टा ने कहा कि वो इस वजह से सो नहीं पा रहे हैं कि उन्होंने ह्यदेश की पीठ में छुरा घोंपा है। मैंने जो अन्याय किया है उसके लिए मुझे दंडित किया जाना चाहिए और इस अन्याय में शामिल अन्य लोगों को भी सजा होनी चाहिए। कमिश्नर चट्टा ने यह भी कहा कि वे 1971 वाला दौर फिर नहीं देखना चाहते हैं। गौरतलब है कि 1971 में ही बांग्लादेश पाकिस्तान से अलग हुआ था, क्योंकि तब भी शेख मुजीबुर्रहमान को चुनाव में जीत हासिल करने के बावजूद पाकिस्तान की सैन्य हुकूमत सत्ता सौंपना नहीं चाहती थी। इसके बाद जो कुछ हुआ, उस इतिहास से सब वाकिफ हैं। पाकिस्तान का न्यायतंत्र, सैन्य तंत्र और सत्ता पर काबिज होने की इच्छा लिए राजनेता भले इस खूनी इतिहास से कोई

संक्षिप्त खबरें

मढौरा में हुई जदयू की बैठक में लोकसभा चुनाव की चर्चा

मढ़ौरा ग्रामीण। मढौरा में स्थानीय जदयू कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष गामा सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक बुधवार को हुई। बूथ जीतो, चुनाव जीतो अभियान के तहत इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए जिला जदयू के अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कहा कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी जदयू कार्यकर्ता को कमर कस लेनी चाहिए और जदयू के बूथ जीतो चुनाव जीतो अभियान के तहत सभी कार्यकर्ता को नीतीश कुमार के कार्यो को जन-जन तक पहुंचाते हुए अपने-अपने बूथों पर जदयू एनडीए की जीत सुनिश्चित करने का हर संभव प्रयास शुरू कर देना चाहिए।

हेडमास्टर के उपर एमडीएम का चावल काला बाजार में बेचने का लगा आरोप

मढ़ौरा ग्रामीण। मुखिया सीता देवी ने शिक्षा विभाग के निदेशक को पत्र लिखकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिल्हौरी के हेडमास्टर पर एमडीएम का चावल काला बाजार में बेच लेने का आरोप लगाया है। मामला मढौरा के शिल्हौरी पंचायत का है। मुखिया ने निदेशक को लिखे पत्र में कहा है कि उक्त स्कूल के हेडमास्टर ने संबंधित जिम्मेदार लोगों से साथ गांठ करके पिछले अप्रैल, मई और जून माह के एमडीएम का चावल काला बाजार में बेचने का आरोप लगाया है। उन्होंने इसकी जांच कर दोषी लोगो के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। मुखिया ने इस शिकायत पत्र की कॉपी मढौरा एसडीओ, जिला पदाधिकारी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों को भी भेजा गया है। इससे पहले मुखिया के पास ग्रामीण जवाहर प्रसाद, रामकिशोर प्रसाद यादव, सुरेश प्रसाद, शैलेश प्रसाद, मिथलेश कुमार, लालन प्रसाद, केदारनाथ प्रसाद, सहित अन्य ग्रामीणों ने शिकायत की थी।

संजय झा को भाजपा नेता ने दी बधाई

छपरा कार्यालय बिहार सरकार के पूर्व मंत्री संजय झा जी को उच्च सदन राज्यसभा जाने पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सामाजिक प्रतिनिधि राकेश सिंह ने उनको अंग वस्त्र और माला पहनाकर और बाबा हरिहरनाथ मंदिर का प्रसाद खिलाकर बधाई और शुभकामनायें दिया और कहा की संजय झा जिस विभाग में मंत्री रहे उस विभाग में काफी सराहनीय कार्य किये है जिसकी चर्चा पूरे बिहार में होती है जिन्होंने अपने कार्यकाल मे पहली बार जल संसाधन विभाग का आपदा मे कंट्रोल रूम की स्थापना की और जान की बाजी लगाकर बोट से निगरानी बाढ़ मे किया और अधिकारी से लगातार मॉनिटरिंग करते रहते थे अब आशा है।

इसुआपुर में शस्त्रों का सत्यापन कार्य शुरू

इसुआपुर। लोकसभा चुनाव के मधेनजर इसुआपुर थाना परिसर में नव पदस्थापित सीओ करुण करण तथा थानाध्यक्ष टिंकू कुमार की मौजूदगी में शस्त्रों के सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 29 फरवरी तक चलेगा। वहीं सीओ ने बताया कि सभी शस्त्र के लाइसेंस धारकों को समय सीमा के अंदर अपने शस्त्रों का सत्यापन करा लेने के लिए पूर्व में ही सूचित कर दिया गया है।

उपराष्ट्रपति ने सम्होता के गोल्डमेडलिस्ट युवक को किया सम्मानित

जलालपुरेप्रखंड के सम्होता निवासी व एन आई एस कोच व सबइंसपेक्टर संजय कुमार सिंह के भतीजा व राकेश कुमार सिंह के पुत्र ऋृषभ भारद्वाज को अंग्रेजी आनर्स मे गोल्ड मेडलिस्ट होने पर दिल्ली मे इग्नू के कार्यक्रम मे उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने सम्मानित किया दिल्ली मे हुए सम्मान समारोह मे विभिन्न विषयों के 26 गोल्ड मेडलिस्टो को सम्मानित किया गयो गृहणी माता के पुत्र मुजफ्फरपुर इग्नू स्टडी सेंटर से पढाई कर रहे हैंबचपन से ही मेधावी वह आई ए एस की तैयारी मे लगे हैं उनकी इस उपलब्धि पर शिक्षक नेता, चाचा व अंग्रेजी के प्रतिष्ठित अध्यापक दिलीप कुमार सिंह, अखिलेश्वर पांडेय, पवन तिवारी, सुरेन्द्र राम धीरज तिवारी, शिक्षक नेता संजय पांडेय, प्रभुनाथ पंडित, सुजीत दूबे राजकुमार सिंह ने बधाई दी है।

आपसी विवाद में दो पक्षो के बीच जमकर हुई मारपीट

मढ़ौरा ग्रामीण। मढौरा में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट घटना भलुही गांव की है। जिसमे पिता पुत्र और पुत्री सहित कुल चार लोग जख्मी हो गए। इन घायलों को इलाज के लिए मढौरा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में जख्मी जगदीश सिंह के बयान पर एक प्राथमिकी मढौरा थाने में दर्ज की गई है। जिसमें अमर कुमार सिंह, रवि कुमार सहित कुल 8 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। प्राथमिक में वादी ने आरोप लगाया है कि वे अपने दरवाजे पर धान की कुटाई कर रहे थे। इसी बीच अचानक उक्त अभियुक्तगण लाठी डंडा, दाब और फरसा से लैस होकर वहां पहुंच गए।

प्राथमिक तौर पर दंत रोगियों का उपचार कर अपनी भूमिका का निर्वहन करें दंत चिकित्सक: एनसीडीओ

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिले के दंत चिकित्सकों की क्षमता निर्माण को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सदर अस्पताल परिसर स्थित जीएनएम स्कूल के सभागार में गैर संचारी विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ भूपेंद्र कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल के ओपीडी में जनवरी महीने के दौरान दंत रोग के 966 रोगियों का उपचार किया गया है। जिसमें 868 व्यक्तियों को प्रारंभिक जांच के बाद दवा दिया गया है, जबकि 27 मसूड़ों में चीरा लगा कर जिंजीवेक्टमी सर्जरी की गई है। वहीं एक्सट्रैक्शन के 29 तो 09 फाइलिंग, जबकि दांत रोग से संबंधित 7 मरीजों को रूट कैनाल यानी सर्जरी के दौरान दांत के अंदर की नसों और दांत के सूजन वाले हिस्से को हटाकर पूरी तरह से सील किया गया है।

वहीं 12 रोगियों को मामूली रूप से ऑपरेशन कर ठीक किया गया है। इस अवसर पर गैर संचारी रोग विभाग की फाइनेंस सह लॉजिस्टिक सलाहकार (एफएलसी) प्रियंका कुमारी, होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की डॉ सेबी, सदर अस्पताल परिसर स्थित गैर संचारी रोग विभाग की परामर्शी नेहा कुमारी, सिफार के धर्मेंद्र कुमार रस्तोगी, डेटा ऑपरेटर राजीव नारायण गर्ग, होमी भाभा से जुड़े डेटा ऑपरेटर मंटू कुमार सहित ज़िले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों के चिकित्सा पदाधिकारी, दंत चिकित्सक सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

जिला गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ भूपेंद्र कुमार ने उपस्थित सभी चिकित्सा पदाधिकारी और दंत रोग विशेषज्ञों से कहा कि यह एक संक्रामक बीमारी है जो मुंह में मौजूद कुछ बैक्टीरिया के कारण होती है। जिससे दांत के बाहरी सबसे अधिक सुरक्षात्मक परत (एनामेल) में खनिज की कमी के कारण विनाश होता है। लेकिन यह पहली बार चॉक रंग के सफेद धब्बे के रूप में दिखाई देता है और दांत की सतह पर विवर का कारण बन सकता है। समय से अगर इसका इलाज नहीं किया जाए, तो इसमें दंत पल्प शामिल हो सकता है। जिस कारण दांत में गंभीर रूप से दर्द होने की संभावना प्रबल हो जाती हैं। जटिल स्वास्थ्य देखभाल समस्या वाले उम्रदराज दंत रोगियों की बढ़ती संख्या के निदान और उपचार की आवश्यकता को निश्चित रूप से उनका देखभाल होता है। जिले के दंत चिकित्सक सीमित संसाधनों में उसका निवारण प्राथमिक तौर पर देखभाल करते हुए अपनी भूमिका निभा सकते है। क्योंकि अक्सर आप सभी उन रोगियों को देखते है जिनके पास कोई अन्य प्राथमिक देखभाल करने वाला नहीं है, और आम तौर पर बार- बार वापसी का समय निर्धारित करते हैं।

सदर अस्पताल परिसर स्थित होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की डॉ सेबी ने कहा कि हम सभी को दांतों और मसूड़ों की बीमारियों, चोटों और विकृतियों की जांच, निदान और उपचार करना होता है। क्योंकि मौखिक स्वच्छता और दांतों को प्रभावित करने वाले तंत्रिका, गूदे और अन्य दंत ऊतकों की बीमारियों का इलाज दंत रोग विशेषज्ञ अपने चिकित्सीय उपकरणों के माध्यम से देखभाल कर उसका ईलाज कर सकते है। सदर अस्पताल में पूर्व से ही कैंसर ओपीडी सेवा संचालित है। हालांकि बायोप्सी सेवा का संचालन शुरू होने से संभावित मरीजों की समय पर जांच व उपचार मिलना शुरू हो गया है। लेकिन अब शुरूआती लक्षणों के आधार पर कैंसर रोग की पहचान करना आसान हो गया है। बायोप्सी सेवाओं का संचालन मुंह के कैंसर के संभावित मरीजों के लिए महत्वपूर्ण है।

जेईई मेंस में लाया 98 प्रतिशत से अधिक अंक

प्रात: किरण संवाददाता

रक्सौल। अगर मन में लग्न, आत्मविश्वास, कड़ी मेहनत और जज्बा हो तो किसी भी मंजिल को पाना आसान हो जाता है। अगर कोई कहे की गरीबी के कारण वह आज के जमाने पढ़ नही पाया तो वह शायद खुद के लिए ईमानदार नहीं है। इन सबके बीच एनटीए द्वारा ली गई जेईई मेंस की प्रवेश परीक्षा में अपनी मजबूरियों को दरकिनार करते हुए और हर परिस्थिति से लड़ते हुए कौड़ीहार निवासी सुरेश पटेल के पुत्र श्लोक कुमार ने बाजी मारी है और 98. 20 प्रतिशत अंक लाकर अपने माता-पिता के साथ उसे निःशुल्क पढ़ाने वाली दीपा क्लासेज का एवं शिक्षिका दीपा कुमारी का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। खुशी ऐसी मानो बच्चे ने हिमालय फतेह कर लिया हो। इस संघर्षरत बच्चे श्लोक की कहानी जब हमारी टीम ने सुनी तो भावुक हो गई। नागा रोड स्थित दीपा क्लासेज की संचालिका दीपा कुमारी ने उसके माता-पिता और बच्चे को सम्मानित की। उन्होंने बताया कि बच्चे के पिता बीरगंज में एक बहुत ही छोटा किराना दुकान चलाते हैं, जिससे बमुश्किल गुजर-बसर होता है। बच्चा श्लोक एक ही पैंट पहनकर में पूरा साल क्लास में आता रहा। उसके पास एक काफी पुरानी साईकल थी, उसे भी चोरों ने चुरा लिया, अब वहां से पैदल आकार पढ़ाई करता, चप्पल की हालत भी खस्ता, इसे देख शिक्षिका दीपा काफी भावुक होकर बच्चे की पढ़ाई अपने यहां निःशुल्क कर दी। बाकी की पढ़ाई बच्चे ने स्वाध्याय से करके देश में इंजीनियरिंग की सबसे बड़ी परीक्षा में इस सफलता को अर्जित किया। उसने मैट्रिक की पढ़ाई एसएवी स्कूल से किया और इंटरमीडिएट की पढ़ाई केसीटीसी से किया है। उसके इस सफलता पर सबके आंखो में खुशी के आंसू थे की ऐसे बच्चे ही देश और समाज का नाम रौशन करते हैं।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन के अवसर पर पूर्व तैयारी को लेकर आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी सारण श्री अमन समीर एवं पुलिस अधीक्षक डॉ० गौरव मंगला ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी उद्देश्य से सभी संबंधित पदाधिकारियों को कार्य करना होगा। जिला के सभी मतदान केंद्रों की भेद्यता (वलनेरेबिलिटी) की मैपिंग स्थलीय वस्तु स्थिति के आधार पर ही सुनिश्चित करने को कहा गया। प्रतिनियुक्त किये गये सेक्टर पदधिकारियों एवं स्थानीय थाना के समन्वय से कारगर आसूचना संकलन के आधार पर भेद्य व्यक्ति, समूह, टोले की पहचान के साथ-साथ भेद्यता के कारक तत्वों की भी पहचान सुनिश्चित करने को कहा गया और ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कारगर निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। सभी अनुमंडल पदाधिकारी को हर दूसरे दिन सेक्टर पदाधिकारियों के साथ बैठक कर वल्नेरीबिलिटी मैपिंग की समीक्षा करने को कहा गया। मद्य निषेध का सख्ती से अनुपालन कराने को कहा गया। अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध लगातार औचक छापामारी एवं सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निदेश दिया गया।किसी भी तरह के फेक न्यूज चलाने/फैलाने वाले के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। सोशल मीडिया के माध्यम से फेक न्यूज चलाने वाले के विरुद्ध आई टी एक्ट की सुसंगत धारा के तहतू फौरन कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।जिला के सभी शस्त्र लाइसेंस धारकों के शस्त्रों एवं कारतूसों का सत्यापन निर्धारित प्रक्रिया एवं समय सीमा के अंतर्गत सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। सीमावर्ती राज्य एवं जिलों की सीमा के आस पास के मतदान केंद्रों पर विशेष नजर बनाये रखने का निदेश दिया गया। सभी निर्धारित डिस्पैच केन्द्रों पर निर्धारित मानक के अनुरूप सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक पूर्व तैयारी का निदेश दिया गया। दियारा क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरतने हेतु संबलपुर, हराजी मोड़, बलबन टोला एवं सिताब दियारा में पुलिस कैम्प की स्थापना की जा रही है। इसे अविलंब क्रियाशील करने हेतु कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

भाजपा विधि प्रकोष्ठ की बैठक सम्पन्न

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। भाजपा विधि प्रकोष्ठ सारण की बैठक जिला संयोजक प्रकाश रंजन निक्कू की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा विधि प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश के सह संयोजक रविन्द्र राय ने बैठक को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 25 फरवरी को पटना के विद्यापति भवन में अधिवक्ता महासम्मेलन आयोजित किया गया है।

इस कार्यक्रम में राज्य भर से अधिवक्ता अपने-अपने जिले के अधिवक्ताओं के कल्याणाथ कल्याणाथ कल्याणार्थ राज्य एवं केंद्र सरकार से अपनी मांग रखेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला संयोजक प्रकाश रंजन नीकू ने कहा कि बिहार में पुण राजग की सरकार बनी है।और जिला न्यायालय में भाजपा कार्यकताओं का लोक अभियोजक एवं अपर लोक अभियोजन की भागीदारी पर सम्मेलन में विचार किया जाना है। तथा कई अहम फैसले अधिवक्ता के हित में लिया जाएगा। बैठक का संचालन जिला सह संयोजक पंकज कुमार सिंह ने किया। बैठक को सम्बोधित करने वालों में मुख्य रूप से जिला सह संयोजक पवन कुमार श्रीवास्तव, पंकज कुमार सिंह, अभिषेक रंजन, संजीत कुमार उर्फ बबलू, अभिषेक रंजन, अविनाश शंकर, विशाल वर्मा, मनीष शर्मा, रिंकू शुक्ला रंजन प्रसाद भक्त, अशोक कुमार, अमरनाथ तिवारी अभय मिश्रा, मीना सिंह, सुनीता कुमारी, मुकेश प्रसाद, मनोज कुमार प्रताप, प्रकाश चंद्र वर्मा निर्भय कुमार सिंह, निर्भय कुमार सिंह, चन्द्र शेखर जयसवाल, भरत सिंह, बृजमोहन शर्मा, अजय कुमार सिंह, रवि शंकर श्रीवास्तव, अतुल कुमार आदि प्रमुख हैं। धन्यवाद ज्ञापन जिला सहसंयोजक अभिषेक रंजन ने किया।

कथा वाचिका आराधना शास्त्री ने मुसेपुर मे कथा मंच से किया दहेज लोभियो पर प्रहार

प्रात: किरण संवाददाता

डोरीगंज। सदर प्रखंड के मुसेपुर परती के दुर्गा मन्दिर मे सप्त दिवसीय मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ समारोह मे चल रहे प्रवचन मंच से अयोध्या के प्रख्यात राम कथा वाचिका पूज्य आराधना शास्त्री ने पांचवे दिन मंगलवार रात्री मे जानकी विवाह की विवेचना की। अपने कथा मे उन्होने कहा कि एक तरफ जानकी के आगमन की खुशी और दूसरे तरफ जनकपुर से कन्या की विदाई के गम से विवाह समारोह मे वर पक्ष उत्साहित था तो कन्या पक्ष जानकी को जनकपुर छोडने के गम से मायूस। अपने कथा से श्रोताओ को भावुक और आत्म विभोर कर वे नैतिक शिक्षा देने से भी नही चुकी।इसी क्रम मे पूज्य आराधना ने बेटियो के आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व के प्रति लोगो मे जागृति लाने का प्रयास किया।

उन्होने हर संभव अपने अमृत मय वाणी श्रोताओ को आम मानव से महा मानव बनाने वाली बाते भी कहीं।पूज्य आराधना ने कहा कि घर परिवार की जान है बेटी और ईश्वर का वरदान है बेटी।ऐसे बेटी के भाई व पिता से दहेज लोभियो को दहेज मांगते डर नही लगता।ऐसे लोभियो ने समाज मे देवी स्वरुप बेटी के उत्पन्न होने पर घर मे उत्सव मनाने से रोकता है बेटे के जन्म पर उत्सव मनाया जाता है और बेटी मे सायद ही किसी परिवार द्वारा उत्सव मनाया जाता है।अपने संगीतमय कथा भजन और नैतिक शिक्षा से उन्होने देर रात तक समा बांधे रखा। 12 घंटे तक लगातार परिक्रमा मुसेपुर गांव के सन्तोष कुमार सिंह के बडे सुपुत्र मणिकान्त कुमार सिंह ने 12 घंटे तक मॉ को रिझाने के लिए अनावरत परिक्रमा किया।प्रातः काल से लेकर देर शाम तक श्रद्धापूर्वक पूजा-पाठ, परिक्रमा और झूला तथा मेले का आन्नद लेते देखे गए।

उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में डीएम ने जिला परिषद सारण के सदस्यों की बुलाई बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जिला परिषद सारण के उपाध्यक्ष के विरूद्ध लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के संदर्भ में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में बुधवार को जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला परिषद के सदस्यों की बैठक बुलाई गई। इस बैठक में 47 में से कुल 43 सदस्य उपस्थित हुए। यह बैठक माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में पंचायतीराज अधिनियम के सेक्शन 157 के तहत अविश्वास प्रस्ताव प्रस्ताव की प्रक्रिया लेकर आहुत की गई। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को इस बैठक के उद्देश्य के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। सभी उपस्थित सदस्यों का हस्ताक्षर जिलाधिकारी की उपस्थिति में दर्ज कराई गई। जिलाधिकारी ने उपाध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों से अविश्वास प्रस्ताव की प्रक्रिया के संदर्भ में किसी भी प्रकार की आपत्ति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव में लगाये गए आरोप के मेरिट के संदर्भ में सदस्यगण अविश्वास प्रस्ताव के लिये निर्धारित की जाने वाली तिथि को आहुत बैठक में आपस में चर्चा कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि उनके स्तर से सात दिनों के अंतर्गत अंतिम आदेश पारित किया जायेगा। इसके उपरांत अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा एवं मतदान के लिए सक्षम स्तर से तिथि निर्धारित की जायेगी। निर्धारित तिथि को आहुत बैठक में सदस्यगण लगाये गए आरोपों के मेरिट पर आपस में चर्चा कर सकते हैं। चर्चा के उपरांत मतदान की प्रक्रिया अपनाई जायेगी तथा बहुमत के आधार पर निर्णय होगा। बैठक में उप विकास आयुक्त एवं जिला पंचायत राज पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

रक्तदान महादान है: सुशील

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। सेहत केंद्र, रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना राजेंद्र कॉलेज छपरा के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर हेतु रक्तदान करने वाले वीरों को प्रभारी प्राचार्य प्रो सुशील कुमार श्रीवास्तव ने अपनी शुभकामना प्रेषित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान हैं, इस कार्य हेतु आप सभी युवाओं को स्वयं के साथ समाज के अन्य लोगो को भी जागरूक करना चाहिए। यह मानवता की सर्वश्रेष्ठ साधना हैं।

सेहत केंद्र की नोडल पदाधिकारी डॉ जया कुमारी पांडेय ने कहा कि यह हमारा सामाजिक दायित्व है, जिसमे हम सभी को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। शारीरिक एवम मानसिक स्वास्थ्य के लाभों सहित सामाजिक सौहार्द एवम समरसता हेतु आज के युवाओं को इस में अपनी अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। रेड रिबन के नोडल पदाधिकारी डॉ देवेश रंजन ने रक्तदान के महत्व को रेखांकित किया।इस शिविर में रूपेश कुमार निषाद, वसील, अनुप्रिया, डॉ अनुपम कुमार सिंह, डॉ राम जी पांडेय, अयान आलम, डॉ रवि त्रिपाठी, डॉ आलोक तिवारी, डॉ जया पांडेय ने रक्तदान किया। साथ ही शबाना, अरुणिमा, सचिन कुमार चौरसिया, डॉ रमेश कुमार सहित कई लोग उत्साहवर्धन हेतु वहा उपस्थित थे।

पूर्व उप मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को ले राजद बुद्धजीवी प्रकोष्ठ की बैठक सम्पन्न

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। सारण जिले के छपरा में राष्ट्रीय जनता दल के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व डीजी पुलिस बिहार श्री अशोक कुमार गुप्ता ने सारण जिला के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष श्री विद्यासागर विद्यार्थी एवं अन्य के साथ बैठक करते हुए बतलाया कि 22 फरवरी को सिवान जिले में पूर्व उप मुख्यमंत्री, बिहार तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व में जन विश्वास यात्रा एवं आम जनसभा आयोजित है। श्री तेजस्वी प्रसाद यादव के द्वारा बिहार की जन विरोधी सरकार के 17 साल बनाम उनके नेतृत्व में 17 महीने में चुनाव के पूर्व बिहार की जनता से किये गये वायदा के अनुसार 5 लाख बेरोजगार युवक -युवतियों को नौकरी देने, जातीय जनगणना कराने, बिहार में आरक्षण की सीमा बढाकर 75% करने, 94 लाख गरीबों को 2 लाख और अतिरिक्त 1 लाख का आर्थिक लाभ देने और इतने कम समय में राजद के द्वारा पढ़ाई, दवाई, सिंचाई, सुनवाई और कार्रवाई करने आदि के जो संकल्प किए थे, उनको जोर-शोर से पूरा करने का काम किया गया। आज बिहार सरकार के मुखिया पाला बदल कर केंद्र की भाजपा के एनडीए गठबंधन में हैं।और यह डबल ईंजन की सरकार गरीबों, बेरोजगारों, किसानों, मजदूरों, जातीय जनगणना कराकर आरक्षण देने के विरोध में है। इस सरकार के द्वारा बिहार से गरीबी, बेरोजगारी मिटाने और युवा वर्ग, किसानों, मजदूरों, अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा कभी पूरी नहीं हो सकती। ऐसे में राष्ट्रीय जनता दल के माननीय पूर्व मुख्यमंत्री बिहार श्री तेजस्वी प्रसाद यादव जो युवा है, कर्मठ है और जिन्होंने राज्य से गरीबी दूर करने, मजदूरों, किसानों, अल्पसंख्यकों को न्याय दिलाने, सामाजिक न्याय के साथ आर्थिक न्याय दिलाने के लिए संकल्पित हैं, उनके संदेश सुनने के लिए के अधिक से अधिक बुद्धिजीवी वर्ग के अलावा आम जनता के लोग जन विश्वास यात्रा में यशस्वी नेता को सुनें और अपना आशीर्वाद दें।

पोल पर चढ़ा बिजली मिस्त्री झुलसा, गंभीर स्थिति में रेफर

बनियापुर। थाना क्षेत्र के खाकी मठिया में बिजली के पोल पर चढ़ कर काम कर रहे एक बिजली मिस्त्री एकाएक तार में लाइन आने से बुरी तरीका से झुलस गया जिसे प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर स्थिति को देखते हुए छपरा रेफर कर दिया गया है।गंभीर तरीके से झुलसे बिजली मिस्त्री की पहचान जलालपुर थानांतर्गत मानपुर गांव का 19 वर्षीय राजा राय बताया जाता है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त बिजली मिस्त्री बुधवार को खाकी मठिया पर ट्रांसफार्मर में आये तकनीकी गड़बड़ी को दरुस्त करने के लिए सरकारी मिस्त्री द्वारा बिजली का शट डाउन लिया गया था।

राज्य स्तरीय विज्ञान मेला में वेहतर प्रोजेक्ट प्रस्तुत करने वाली छात्रा हुई सम्मानित

मढ़ौरा ग्रामीण। मढौरा के नरहरपुर शारदा राय टोला मिडिल स्कूल में आयोजित एक समारोह में राज्य स्तरीय विज्ञान मेला में चयनित छात्रा शबा प्रवीण सहित अन्य कई लोगों को सम्मानित किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम के तहत राज्य स्तरीय विज्ञान मेला का आयोजन किया गया था। जिसमें मढौरा के नरहरपुर शारदा राय टोला मिडिल स्कूल की छात्र शबा प्रवीण का विज्ञान प्रोजेक्ट उत्कृष्ट साबित हुआ था। जिसके लिए उन्हें राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया था और शिक्षा विभाग के निदेशक ने संबंधित स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर अभिभावक और शिक्षकों के बीच उन्हें सम्मानित करने का निर्देश दिया था। उक्त निर्देश के आलोक में बुधवार को इस स्कूल में एक समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मदन मोहन शाह व अन्य लोगों के द्वारा शबा प्रवीण नामक छात्रा के साथ-साथ विज्ञान शिक्षिका नेहा कुमारी और यहां के हेडमास्टर सूर्यदेव सिंह को भी सम्मानित किया गया।

एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित, मातृभाषा के महत्व पर दिया गया बल

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर "मातृभाषा:महत्ता एवं संभावनाएं" विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। व्याख्यान का प्रारंभ दीप प्रज्वलन करके किया गया !बीज वक्तव्य देते हुए डॉ .चंदन कुमार श्रीवास्तव ने भाषाओं के जुड़े शक्ति संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाषा और बोली के बीच के शक्ति संबंध को समझे बगैर मातृभाषा के संकटों को नहीं समझा जा सकता। यह ध्यान दिलाते हुए कि "माँ के आँचल मे सीखी जाने वाली भाषा अर्थात मातृभाषा की तुलना किसी से नहीं की जा सकती"।

मुख्य अतिथि एवं संस्कृत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. बैद्यनाथ मिश्र ने भाषाओं की आपसी एकता के पहलू पर बल दिया। विषय प्रवर्तन मे प्रो. डॉ. अजय कुमार ने भारत एवं बिहार में व्याप्त बोली की विविधता पर प्रकाश डाला और कहा मातृभाषा को अगर जीवित रखना है तो उसका व्यवहार प्रेमपूर्वक एवं सहजता से किया जाना चाहिए!

अपने अध्यक्षीय वक्तव्य मे हिंदी विभाग की अध्यक्ष प्रो. डॉ. अनिता ने मातृभाषा में शिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मातृभाषा में शिक्षण को बढ़ावा देना मातृभाषा के संरक्षण का एक महत्वपूर्ण व्यवहारिक उपाय है। मातृभाषा स्वाभिमान की अनुभूति है जिसको गर्व के साथ बोलना चाहिए। मातृभाषा दिवस का मूल उद्देश्य बहुभाषी शिक्षा है।अस्तित्व और अस्मिता के प्रश्न उसे जीवित रखने, समृद्ध करने की चिंता से उद्भूत अवश्य होते हैं,किंतु अन्य मातृभाषाओं के प्रति सौहार्द एवं प्रेम उक्त आयोजन का महती उद्देश्य है।शोधार्थी रत्न प्रिया ने मैथिली मे एवं राजी श्रीवास्तव ने भोजपुरी गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में जान फूंक दी! इसके अतिरिक्त हिंदी विषय के पैट -22 के शोधार्थियों - शशि शेखर, धर्मेंद्र कुमार राय, मोजाहिद रियाज, इंद्रेश, आरती कुमारी, राजी श्रीवास्तव, रत्न प्रिया, जुली कुमारी,, सपना कुमारी, लता प्रासर, नेहा कुमारी, अलका कुमारी, सिंधु कुमारी, प्रीति सागर, सीमा झा, हिमांशी कुमारी, रणजीत राम, नूतन कुमारी, सुलेखा कुमारी, किरण आदि ने अपनी- अपनी प्रस्तुतियां दीं एवं वक्तव्य से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। उत्कृष्ट मंच संचालन का दायित्व शोधार्थी लता प्रासर संभाल रही थीं, और धन्यवाद ज्ञापन शोधार्थी शशि शेखर ने किया! कार्यक्रम में विजय कुमार सिंह, पुरुषोत्तम मिश्र, जयप्रकाश कुमार एवं डॉ. विद्याभूषण श्रीवास्तव उपस्थित रहे!

तेजस्वी यादव की मढ़ौरा में होने वाली जनसभा ऐतिहासिक जनसभा होगी: पूर्व मंत्री

प्रात: किरण संवाददाता

मढ़ौरा ग्रामीण। मढौरा थाना खेल मैदान में आयोजित पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव की सभा को लेकर सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई है। 22 फरवरी को दिन के 1:00 बजे से यहा आयोजित नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की इस सभा को लेकर उक्त खेल मैदान में तैयारी जोड़ों पर चल रही है। यहां मंच बनाने से लेकर बैरीकेटिंग, झंडा, पोस्टर लगाने, कुर्सी और गेट लगाने तक का काम युद्ध स्तर पर सैकड़ो राजद कार्यकताओं के द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान बुधवार को पूर्व मंत्री स्थानीय विधायक जितेंद्र कुमार राय ने इस खेल मैदान में पहुंचकर तेजस्वी यादव के सभा की जरूरी तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर पूर्व मंत्री जितेन्द्र राय ने मीडिया कर्मियों से बात करते हुए कहा कि मढौरा में होने वाली तेजस्वी यादव की आभा ऐतिहासिक होगी और कम समय मे लाखो युवाओं को नौकरी देने के कारण उनसे प्रेम करने वाले युवा उनकी सभा में आने के लिए वेताब दिख रहे है। यही कारण है कि तेजश्वी यादव की सभा मे सभी वर्गो के लोगो का शैलाब उमड़ेगा। इस मौके पर पूर्व मंत्री के साथ जिला अध्यक्ष सुनील कुमार राय, पूर्व एमएलसी प्रत्याशी सुधांशु रंजन, सिपाही लाल महतो, मिथलेश यादव, अक्की यादव, विष्णु गुप्ता, शोभी राय, उपेंद्र मांझी, चंदन कुमार, धनंजय यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में डोर स्टेप डिलीवरी से संबंधित जिला स्तरीय परिवहन समिति की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। डोर स्टेप डिलीवरी के तहत खाद्यान्न के उठाव, परिवहन एवं डिलीवरी हेतु ट्रांसपोर्टर का चयन निविदा के माध्यम से किया जा रहा है।

निविदा की प्रक्रिया के तहत बुधवार को जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परिवहन समिति की बैठक आहुत की गई। निविदा में प्राप्त सभी निविदादाताओं की तकनीकी निविदा का मूल्यांकन समिति द्वारा किया गया। 7 निविदायें तकनीकी रूप से सही पाई गई। कुछ निविदायें तकनीकी मानकों पर अस्वीकृत की गई। सभी लोगों को तीन दिनों के अंतर्गत किसी भी तरह का दावा/आपत्ति दायर करने का समय दिया गया। प्राप्त दावा आपत्ति के निराकरण के उपरांत वित्तीय निविदा खोली जायेगी। इसके उपरांत न्यूनतम दर अंकित करने वाले निविदादाता का चयन किया जायेगा।

बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला आपूर्त्ति पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित सभी निविदादाता/प्रतिनिधि उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

शराब के नशे में चार गिरफ्तार

दुर्गावती। समकालीन शराब चेकिंग अभियान के तहत अलग-अलग जगहों से चार लोगों को शराब सेवन किए हुए पाए जाने पर गिरफ्तार कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई गिरफ्तार व्यक्ति प्रदीप कुमार, धर्मेंद्र कुमार, मिंटू कुमार नौवा झोटी थाना भभुआ जबकि चौथा पिपरिया थाना दुर्गावती कैमूर के रहने वाले बताए जाते हैं। सभी का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराए जाने के बाद जेल भेज दिया गया।

जदयू कार्यकर्ताओं ने नए सीओ का स्वागत किया

काराकाट (रोहतास) अंचल कार्यालय काराकाट में नवपदस्थापित सीओ शशिकांत शुक्ला को जदयू कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जदयू के काराकाट प्रखंड अध्यक्ष आशुतोष सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता गोड़ारी स्थित सीओ के कार्यालय पहुंचकर सीओ को फूलों माला पहना बुके व अंगवस्त्र से स्वागत किया। मौके पर जदयू के जिला महासचिव जयशंकर पटेल, रोहतास जिला जदयू उपाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह कुशवाहा, अजय कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

किशोरी के साथ छेड़खानी मामलें आरोपी को जेल

नावानगर (बक्सर) स्थानीय थानाध्यक्ष नन्दु कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने केसठ गांव में छापेमारी किया छापेमारी में कोचिंग जा रही किशोरी के साथ छेड़खानी व मारपीट करने का फरार आरोपी मिंटू यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में पीड़ित किशोरी द्वारा विगत 10 फरवरी को नावानगर थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। अपने आवेदन में किशोरी ने लिखा था कि कोचिंग जाने के क्रम में युवक द्वारा रास्ते में उससे छेड़खानी की गई थी। जिसका विरोध करने पर युवक ने उसके साथ मारपीट भी किया। इसकी पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त होते ही छेड़खानी के फरार आरोपी को गांव में देखा गया। गुप्त सूचना पर तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजते हुए आरोपों के खिलाफ कार्रवाई जारी है।

बिजली चोरी में चार आरोपी पर प्राथमिकी दर्ज

नावानगर (बक्सर) केसठ बिजली जेई अवनीश कुमार द्वारा इटौन्हा गांव में छापेमारी किया गया। छापेमारी में इटौन्हा गांव से चार लोगों को टोका फसाकर बिजली जलाते पकड़ा गया। इसको लेकर जेई द्वारा चारों पर जुमार्ना लगाते हुए सोनवर्षा ओपी में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। इसकी पुष्टि करते हुए जेई ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त तहत गांव में कुछ लोग गलत तरीके से बिजली जला रहे है। सूचना पर मानव बल राजेंद्र कुमार, बृजबिहारी सिंह, निर्मल सिंह की तत्काल टीम बनाकर छापेमारी किया गया। जिस छापेमारी में इटौन्हा गांव निवासी अखिलेश सिंह, धर्मेंद्र कुमार, जवाहर सिंह और शिवकुमार सिंह को टोका फसाकर बिजली जलाते पकड़ा गया। इसको लेकर अखिलेश सिंह 9248 रुपए, धर्मेंद्र सिंह 10567 रुपए, जवाहर सिंह पर 29414 रुपए और शिव कुमार सिंह पर 7888 रुपए का जुमार्ना लगाते हुए सोनवर्षा ओपी में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है।

हत्यारोपी को आजीवन कारावास की हुई सजा

काराकाट (रोहतास) काराकाट थाना क्षेत्र केअपर सत्र न्यायाधीश सासाराम, अपर लोक अभियोजक सासाराम लक्ष्मण सिंह के न्यायालय में काराकाट थाना के कांड संख्या 300/2021 के तहत दर्ज प्राथमिकी में धारा 302 के तहत एक हत्या के मामले के अभियुक्त चन्द्रमणि सिंह, पिता लाल मोहन सिंह, ग्राम चिल्हा निवासी को आजीवन कारावास की सजा के साथ ही जुमार्ना के तौर पर 20 हजार जुमार्ना तथा आर्म्स एक्ट के मामले में 4 वर्ष की सजा सहित 5 हजार जुमार्ना लगाया गया है।

वेतन भुगतान नहीं होने से सफाई कर्मियों ने किया प्रदर्शन

काराकाट (रोहतास) काराकाट प्रखंड के सोनवर्षा पंचायत के सफाई कर्मियों ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ के समक्ष प्रदर्शन किया तथा अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन बीडीओ को सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत सोनवर्षा पंचायत के विभिन्न वार्डों में सफाई कार्य कर रहे हैं। लेकिन पिछले आठ माह से उनके मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है। सफाई कर्मी और उनके परिजन भूखे मरने को विवश हैं। यदि मानदेय का भुगतान नहीं होता है तो सफाई कार्य ठप रहेगा। प्रदर्शन करने वालों में सुपरवाइजर कन्हैया सिंह, अनिल राम, विजेंद्र राम, हिटलर राम, लगन राम, कुंजबिहारी राम, सहित सभी सफाई कर्मी शामिल थे।

किसानों ने 51 वां दिन अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा

23 फरवरी को पीएम के द्वारा भारत माला परियोजना एक्सप्रेस-वे के शिलान्यास के दिन किसान करेंगे उपवास

प्रात: किरण संवाददाता

चांद। उचित मुआवजा की मांग को लेकर पिछले 51 वां दिन अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे किसानों ने बुधवार को धरना पर बैठे रहे। धरना पर बैठे किसानों ने कहा भारत माला परियोजना के तहत वाराणसी रांची टू कोलकाता एक्सप्रेस-वे निर्माण शुरू करने के लिए 23 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिलान्यास के दिन कैमूर के किसान उपवास रहेंगे। धरना पर बैठे किसान अवधेश सिंह श्यामसुंदर सिंह सत्येन्द्र सिंह अरविंद सिंह ने बिना उचित मुआवजा मिले एक इंच सड़क निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। किसानों ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक्सप्रेस-वे निर्माण शुरू करने के लिए शिवा कर लें। धरना पर बैठे अभिमन्यु सिंह जिला अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन कैमूर ने कहा केंद्र सरकार कैमूर जिले में एक्सप्रेस-वे निर्माण एवं एन एच 219 बाईपास एवं चौरी करण में भूमि अधिग्रहण की विसंगतियों को दूर किए बिना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा 23 फरवरी को शिलान्यास का किसानों के द्वारा विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा केंद्र सरकार किसानों को उचित मुआवजा दिए बिना एक्सप्रेस-वे के लिए शिलान्यास करना अनुचित है। अध्यक्ष ने कहा देश के अन्नदाता एवं जीवनदाता किसान पिछले 51 दिन से पीएनसी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के बेस कैम्प स्थल मसोई में उचित मुआवजा को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए। कैमूर के किसान एक्सप्रेस-वे निर्माण में उचित मुआवजा की मांग कर रहे हैं। अभिमन्यु सिंह ने कहा केंद्र सरकार किसानों से बात कर मुआवजा संबंधित मांग को पूरा करने के बजाय शिलान्यास कर रही है वह गलत है। उन्होंने ने कहा किसानों को उचित मुआवजा दिए बिना एक इंच सड़क का निर्माण किसान होने नहीं देंगे। उन्होंने ने कहा 23 फरवरी को नरेंद्र मोदी के द्वारा एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए शिलान्यास का विरोध करेंगे। अध्यक्ष ने कहा प्रधानमंत्री के शिलान्यास का विरोध में किसान एक दिन उपवास रहेंगे। अनिश्चितकालीन धरना पर किसान उपवास रहकर ही बैठेंगे। भारत माला परियोजना एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए कैमूर जिले में 93 मौजा से किसानों की कुल 17 सौ एकड़ भूमि अधिग्रहण की गई है। भूमि अधिग्रहण में अधिकारियों के द्वारा भूमि के प्रकृति निर्धारण में बड़ी गलतियां की गई है इसी को लेकर किसान पिछले 2 साल से लगातार आंदोलन कर रहे हैं। किसान एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए अनुबंधित कंपनी पीएनसी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के बेस कैम्प पर 51 दिन से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हुए हैं। अनिश्चितकालीन धरना का आयोजन किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर एवं भारतीय किसान यूनियन कैमूर के द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है।

मां गिरिजा नर्सिंग अनुसंधान संस्थान का उद्घाटन जिला पार्षद विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने किया

प्रात: किरण संवाददाता

कैमूर।। मां गिरिजा नर्सिंग अनुसंधान संस्थान का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य भभुआ विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने किया मौके पर उपस्थित जिला परिषद सदस्य ने बताया कि भभुआ शहर शहर में संस्थान अश्वनी कुमार जी के द्वारा जिसमें शुरू किया गया है अ. ठ. ट, ऋ ठ. ट, [illegible] की पढ़ाई छात्र-छात्राएं कर सकते हैं जिसका इ.ठ.पट पटना व [illegible] बिहार हेल्थ विभाग पटना अधिकृत है मैं यहां आया हूं उद्घाटन करने के लिए छात्र-छात्राओं का बेहतर भविष्य बने इसके लिए हर तरह से प्रयासरत रहते हैं हम लोग ज्यादा से ज्यादा छात्र और छात्राएं मेडिकल कोर्स करें और देश के लिए अपना योगदान दे और जन सेवा की भावना से कार्य करें व जनता की सेवा करें मेडिकल कॉलेज छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग देश के भविष्य हैं आप लोगों को हर तरह से सहायता किया जाएगा सरकार के द्वारा जो भी विद्यार्थियों को जो भी छात्रवृत्ति मिलती है उसमें भी जिला के अधिकारियों से बात कर कर समय से मुहैया करा दिया जाएगा। इस मौके पर डॉक्टर संतोष राम, कृष्णानंद सिंह किशोर सिंह अकलू राम, सुभाष यादव, भोलू यादव, लव पटेल, मुखिया श्याम कांत अकेला उर्फ हीरा, सुभाष राम सहित सैकड़ो छात्र-छात्राएं अभिभावक मौजूद रहे।

लोकसभा क्षेत्रीय दौरे पर सांसद महाबली का हुआ भव्य स्वागत

प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) काराकाट संसदीय क्षेत्र सांसद महाबली सिंह का सैकड़ों समर्थकों ने जिंदाबाद नारों के साथ बुधवार को शहर के तेंदुनी चौक पर भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डॉ. मनीष रंजन के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर शहर स्थित रिशु राज होटल के सभागार में कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेता डॉ. मनीष के साथ उन्हें फूल-माला पहना अंगवस्त्र से सम्मानित किया। बताया जाता है कि लोकसभा चुनाव को लेकर वह काराकाट संसदीय क्षेत्रों का दौरा करते हुए क्षेत्र में लोगों की समस्याओं से रूबरू हो रहें थे। जो बुधवार को बिक्रमगंज का दौरा करते हुए व्यापार मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ उर्फ जवाहर सिंह को जीत की बधाई दी। साथ ही पूर्व काराकाट विधायक राजेश्वर राज के गृह प्रवेश में भी शामिल होते हुए भाजपा नेता डॉ. मनीष रंजन के पैतृक गांव धारूपुर पहुंच बैठक कर चुनावी तैयारियां पर विशेष चर्चा की। वही सांसद ने सामाजिक कार्यकर्ता पहाड़ सिंह के आवास पहुंच एकादशी पूजन का प्रसाद भी ग्रहण किया। दूसरी तरफ क्षेत्र भ्रमण करते हुए सांसद ने बिक्रमगंज नगर परिषद के धनगाई गांव पहुंच नारियल तोड़ शिलापट खोल ग्रामीणों के समक्ष पीसीसी ढलाई सड़क का उदघाटन किया। जहां मौके पर लोगों का अभिनंदन करते हुए बताया हमारे लोकसभा क्षेत्र में जनहित में विकास कार्य की रफ्तार निरंतर जारी रहेंगी। जो किसी भी क्षेत्र के विकास कार्य में भेदभाव नही होगी। साथ ही कोई भी लोकसभा क्षेत्र की जनता मुझे अपनी समस्या मुझे व्यक्तिगत मिल या मोबाइल के जरिय कभी भी मुझे अवगत कराएं। दूसरी तरफ भाजपा नेता डॉ. मनीष ने उनसे काराकाट लोकसभा चुनाव के मुद्दे पर विचार-विमर्श करते एक बार पुनः सांसद महाबली सिंह को जीत का सरताज पहनने की मंगलमय शुभकानाएं दी। साथ ही बताया कि सांसद के नेतृत्व में काराकाट लोकसभा क्षेत्र में विकास की बयार बह रही है। जहां हर वोटर मतदाता की पहली पंसद सांसद महाबली सिंह है। जिनके लोकसभा क्षेत्रो में विकास कार्य की चर्चा से विक्षपी दल अभी से भी दहशत में है। मौके पर प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, सांसद प्रतिनिधि सूर्यवंश सिंह, प्रो. बलवंत सिंह, मुखिया विनय चौधरी, पूर्व मुखिया विनोद सिंह, अरविंद उपाध्याय, पूर्व उप सभापति विकास सिंह, सरोज सिंह, बब सिंह, मुन्ना सिंह, जितेंद्र सिंह, बबलू पंडित, पिंटू तिवारी, मुन्ना भारती, अशोक सिंह, प्रियतम कुमार, जसीम कुरैशी, मनोज सिंह, हरेंद्र हरियाली, परवेज खां, अयूब खां सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थें।

नेहरू युवा केंद्र द्वारा 24 फरवरी को खेल प्रतियोगिता होगी आयोजित

कुर्था (अरवल) नेहरू युवा केंद्र संगठन अरवल द्वारा प्रखंड स्तरीय खेलकूद का 24 फरवरी को सूर्य मंदिर परिसर में आयोजित होगी। जिसमें एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कबड्डी 400 मीटर दौड़ सहित अन्य खेल का आयोजन हिंदुस्तान शिक्षण संस्थान कुर्था द्वारा किया जायेगा। इस संबंध में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नीतीश कुमार ने बताया कि कुर्था प्रखंड के सभी क्लब एवं खेल प्रेमी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। शहीद भगत सिंह युवा क्लब मुबारकपुर महिला मंडल क्लब कुर्था, रनफोर मिशन, क्लब, नेहरू युवा क्लब बारा, आदर्श युवा क्लब कुरथा, नेहरू जुबटी कल्याण मंडल सच्चाई, हिंदुस्तानी युवा क्लब सबलक सराय, कुर्था प्रखंड क्लब प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। अवसर पर बुधवार महिला मंडल कुर्था द्वारा सब लक सरया पिंजरामा मोतीपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बाल प्रतियोगिता निकेतन स्कूल प्राचार्य संवर्धन कुमार द्वारा बच्चों सहित लोगों को जागरूक किया गया।

बजरंग बली प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी में जुटे कार्यकर्ता, 27 फरवरी को जलभरी

प्रात: किरण संवाददाता

संझौली (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गरुड़ा गांव में महावीर मंदिर को ले तैयारियां जोरों पर है। स्थानीय ग्रामीण बजरंग बली की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर इसकी तैयारियों में जुट गए हैं। ग्रामीण फौजी अर्पण कुमार सिंह ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 27 फरवरी को जलभरी होगी और दो मार्च को यज्ञ की पूणार्हुति होगी। बजरंग बली की मंदिर बनकर तैयार हो गया है। रंग रोगन हो रहा हैं। ग्रामीण तत्परता के साथ यज्ञ की तैयारी में जुटे हैं। सात दिनों तक चलने वाले बजरंग बली की यज्ञ में हरिद्वार के पंडित बसंत नारायण शास्त्री जी महाराज के द्वारा प्रवचन कार्यक्रम भी होगा। ग्रामीण नारद सिंह ने बताया कि यज्ञ की सारी तैयारी अंतिम चरण में हैं। यज्ञ मंडप भी लगभग बन कर तैयार है। यज्ञ को लेकर ग्रामीणों ने एक बैठक कर इसे सफल बनाने पर विचार विमर्श भी किया।

विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने विभिन्न विषयों पर की खोज प्रस्तुत

प्रात: किरण संवाददाता

नावानगर (बक्सर) प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय बीपीएस हायर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिसमें छात्रों ने प्रोजेक्ट के माध्यम से अपनी हुनर दिखाया स्कूल के छात्रों ने सभी विषयों पर एक से बढ़कर एक प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया था। जिसे देखकर अतिथि मंत्रमुग्ध हो गए प्रदर्शनी का उद्धघाटन मुख्य अतिथि बिक्रमगंज करुणा अस्पताल निदेशक डॉ० कामेंद्र सिंह, राजद प्रदेश महा सचिव प्रोफेसर डॉ. श्रीनिवास सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के डायरेक्टर सह इंजीनियर दीपक कुमार ने किया। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता राम कुमार सिंह, आथर मुखिया रेखा देवी, सिकरौल मुखिया मनोज कुमार, नावानगर थानाध्यक्ष डॉ नंदू कुमार, नावानगर मुखिया प्रतिनिधि इजाजूल हक, राजद वरिष्ठ नेता सह विद्यालय संस्थापक सत्येंद्र सिंह व बाबूगंज, सोनबर्षा, सलासला, भदार आदि पंचायतों के बीडीसी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक संजोग राय, मंजू देवी व सोनू कुमार प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया।

इसके बाद सभी अतिथियों को विद्यालय के डायरेक्टर इंजीनियर दीपक कुमार द्वारा अंगवस्त्र व गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने स्वचालित मॉडल्स, प्रोजेक्ट्स एवं कलाकृतियां तैयार की थी जिसमें चंद्रयान-3, चावल दाल से बने भारत का नक्शा, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, चिड़ियाघर, प्रदूषण नियंत्रण तंत्र, एआई रोबोट, वन्य जीव अभयारण्य, स्मार्ट सिटी, स्मार्ट होम, सिक्योर्ड अलार्म हाउस, सोलर इक्लिप्स, सेव एनर्जी, हीटर, हस्तकला से बने मॉडल समेत अन्य था जबकि छात्रों द्वारा हिन्दी साहित्य एवं आदि काल, बौद्धिक काल समेत अन्य काल पर तैयार प्रोजेक्ट आकर्षक का केंद्र रहा वही करुणा अस्पताल के डायरेक्टर डॉ० कामेंद्र ने कहा कि इस तरह के प्रदर्शनी के माध्यम बच्चों को अपनी सोच एवं हुनर दिखाने का मौका मिलता है। मौके पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

हृदय के आपरेशन के लिए श्री सत्य साई अस्पताल, अहमदाबाद के लिए किया गया रवाना

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। बाल हृदय योजना के तहत भोजपुर जिला के तीन बच्चों (1) कृषा प्रकाश, पिता रौशन कुमार, डी0डी0सी0 कार्यालय, आरा, भोजपुर, (2) अंकित कुमार, पिता सुभाष चन्द्र यादव, पीरो, भोजपुर एवं (3) धनश्री कुमारी, पिता, पंकज कुमार, करमन टोला, आरा को हृदय के आपरेशन के लिए श्री सत्य साई अस्पताल, अहमदाबाद के लिए रवाना किया गया। बाल हृदय योजना राज्य सरकार के सात निश्चय में से एक है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 0 से 18 वर्ष के बिमार बच्चों की पहचान कर उनका निःशुल्क ईलाज कराया जाता है। इन बिमार बच्चों में से भी हृदय रोग से ग्रसित बच्चों को बाल हृदय योजना के तहत संचालित पोर्टल पर जिला समन्वयक, आर0बी0एस0के0 द्वारा निबंधन किया जाता है तत्पश्चात उन बच्चों को बाल हृदय योजना के तहत पटना में लगने वाले कैम्प में भेजा जाता है। वहां श्री सत्य साई अस्पताल, अहमदाबाद से आये चिकित्सकों द्वारा उन बच्चों की जांच की जाती है एवं आपरेशन के योग्य पाये जाने पर उनका नाम आपरेशन योग्य बच्चों की सूची में शामिल कर लिया जाता है। तत्पश्चात सूची के अनुसार क्रमशः बच्चों को हवाई जहाज से अहमदाबाद भेजकर बच्चों का आपरेशन कराया जाता है।

मधुमेह जागरूकता कैंप का किया गया आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। एन.सी.डी., भोजपुर तत्वाधान में, डेयरविल फाउंडेशन से सहयोग से नारायणपुर, अगिआंव प्रखंड में मधुमेह जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। भोजपुर में मधुमेह रोगियों की बढ़ती तादाद को देखते हुए आम जनमानस में मधुमेह रोगियों के बीच जागरूकता अभियान को जन जन तक पहुंचाना स्वास्थ्य विभाग की अहम भूमिका बनती जा रही है। इसी उद्देश्य से जिला गैर-संचारी रोग पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार सिन्हा अपने मेडिकल टीम के साथ अगिआंव प्रखंड के नारायणपुर में उपस्थित जनसमूह को मधुमेह रोग की विस्तृत जानकारी साझा किया। उन्होंने ने स्पष्ट रूप से मधुमेह रोग को नियंत्रित करने के सारे उपाय से लोगों को अवगत कराया। उन्होंने मधुमेह के रोगियों का क्या खाना चाहिए और क्या नहीं खानी चाहिए सभी प्रकार के खाद्य पदार्थ को प्रदर्शित कर लोगों को दिखाया और जो खाध पदार्थ मधुमेह रोगियों को सेंवन नहीं करनी चाहिए, उसे भी प्रदर्शित किया। मधुमेह रोगियों को जीवन शैली में पैदल चलने, साइकिलिंग, स्विमिंग, रस्सी कुदने, और जुम्बा डांसिंग को प्रतिदिन नियमित रूप से करने की सलाह दी। डायट रेसट्रिक्सन और मांसपेशियों की अधिकतम इस्तेमाल कर ब्लड सुगर को नियंत्रित करने का मुख्य उद्देश्य बताया। हमारे शरीर में इंसुलिन हार्मोन की महत्ता को विस्तृत जानकारी दी। डेयर विल फाउंडेशन के द्वारा मधुमेह के प्रति जागरूकता के पहल को सराहा। इस प्रकार के आयोजन को हर प्रखंड में कार्यशाला आयोजित करने की सलाह दी। इस कैम्प में करीब 50-60 लोगों का ब्लड सुगर और ब्लड प्रेशर को मांप कर इलाज मुहैया की गई, दवा वितरण किया गया।

जब तक जानकारी नहीं, तब तक रोग का नियंत्रण संभव नहीं। जब तक मरीजों को अपने बिमारी की संपूर्ण जानकारी नहीं होगी, तब तक लोग इसके बचाव के उपाय का अमल नहीं कर सकते हैं। जागरूकता के लिए मिडिया का रोल अतिआवश्यक बताया। सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन के लिए मरीजों को पूर्ण जानकारी और पूर्ण सहयोग जरूरी है।

केन्द्रीय मंत्री का भव्य स्वागत हुआ

प्रात: किरण संवाददाता

बड़हरा। प्रखंड के कृष्णागढ थाना क्षेत्र अंतर्गत सरैया बाजार पर भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा के महामंत्री आनंद गोपाल पंडित के नेतृत्व मे भोजपुर के लोकप्रिय सांसद श्री आर के सिंह जी का भव्य स्वागत किया गया। आपको बताते चले कि महुली घाट जाने के क्रम मे सरैया बाजार पर ओबीसी मोर्चा के नेतृत्व में बाजे-गाजे, अंगवस्त्र, फूल-माला देकर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ऋतुराज जी, जिला महामंत्री हरेंद्र सिंह चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह, जिला मंत्री राजकुमार शाह, जिला प्रवक्ता संदेश विधानसभा संयोजक श्री संतोष सिंह, सत्येंद्र राय, रवि पांडे, संतोष शर्मा, उपेंद्र सिंह, सुमित सिंह एवं भारी संख्या में ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम कि जानकारी मीडिया प्रमुख सतीश गुप्ता ने दिया।

मशरूम, जाल नेट बुनाई, का तीन दिवसीय कार्यक्रम प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। कृषि विभाग आत्मा आराके तहत बड़हरा ब्लॉक के मटुकपुर पंचायत में मशरूम, जाल नेट बुनाई, का तीन दिवसीय कार्यक्रम प्रशिक्षण उपस्थित 45महिलाओं को दिया गया, और प्रमाणपत्र भी बीएओ उमेश कुमार सुमन, विनय जी, निशांत कुमार, और प्रशिक्षक, के रूप में गुड्डी देवी ने दिया और महिलाओं से आत्मनिर्भर बनने की अपील की, बीएओ सुमन जी द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया, और अपने संबोधन में उपस्थित महिलाओं से कहा कि मशरूम का लाभ, हेल्थऔर पर्यावरण सहित आसपास के महिलाओं को भी जानकारी दिया जाए। आर्थिक लाभ प्राप्त किया जाए, कार्यक्रम में 60से 70महिला को मशरूम उत्पादन और नेट जाल बनाने का विधि दिया गया।।

बालिकाओं एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए समीनार का आयोजन

गया। राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मोदी सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का जानकारी देने एवं महिलाओं के अधिकार के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक सेमिनार का आयोजन किया गया है। सर्व प्रथम भाजपा नेता डा. मनीष पंकज मिश्रा ने बालिकाओं को चुनरी ओढ़ाकर आशिर्वाद लिए। इस अवसर पर भाजपा नेता डा. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि भाजपा की सरकार द्वारा बालिकाओं एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 10 वर्षों में अनेकों योजनाओं जैसे बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, समर्थ योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजनाएं समेत कई योजनाओं को चलाकर बालिका एवं महिलाओं को मजबूत करने का काम किया जा रहा है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आज भाजपा सरकार में महिलाओं को विदेश मंत्री, वित्त मंत्री, रक्षा मंत्री के पद पर आसीन हुए जो भारत के लिए गर्व का विषय है क्योंकि राजनीति में महिलाओं को इतनें बड़े बड़े पदों पर आसीन देखना कम हुआ है।

बीटीएमसी सलाहकार पर्षद की बैठक शुक्रवार को

प्रात: किरण संवाददाता

गया।बीटीएसी बोधगया आगामी 23 फरवरी को होटल ऑक्स बोधगया में सुबह 11:00 से बोधगया मंदिर सलाहकार पर्षद बी०टी०ए०बी०की बैठक आयोजित की जा रही है। इसमें मुख्य रूप से बुद्धिस्ट देश के सदस्य, भारत के बुद्धिस्ट सदस्य एवं विभिन्न केंद्र सरकार एवं बिहार सरकार के वरीय पदाधिकारी सदस्य होते हैं।

यह बैठक आयुक्त मगध प्रमंडल गया सह मेंबर सेक्रेटरी बी०टी०ए०बी० की अध्यक्षता में आयोजित होगी। इस बैठक में एंबेसडर ऑफ साउथ कोरिया, सेक्रेटरी एंबेसडर ऑफ साउथ कोरिया, काउंसिल एंबेसडर ऑफ साउथ कोरिया, पॉलिटिकल ऑफिसर एंबेसडर ऑफ साउथ कोरिया, काउंसलर ऑफिसर एंबेसडर ऑफ साउथ कोरिया, काउंसिल जनरल थाईलैंड, डिप्टी काउंसिल जनरल थाईलैंड, सिक्किम से रिप्रेजेंटेटिव के रूप में पूर्व सचिव बीटीएमसी नानजी दोरजी, पर्यटन विभाग बिहार सरकार के सचिव, डिपार्टमेंट ऑफ इक्टेल अफेयर्स गवर्नमेंट ऑफ सिक्किम के निदेशक, प्रिंसिपल सेक्रेटरी आर्ट एंड कल्चर डिपार्टमेंट ऑफ बिहार, निदेशक, पुरातत्व विभाग, बिहार सरकार, सांसद गया, विधायक बोधगया, आईजी मगध प्रक्षेत्र, जिला पदाधिकारी गया, नगर परिषद बोधगया के अध्यक्ष, वरीय पुलिस अधीक्षक गया, नगर पुलिस अधीक्षक गया, कमांडेंट बीसीएएप, सचिव बीटीएमसी, चीफ मोंक महाबोधि मंदिर, सदस्य बीटीएमसी, वाइस चांसलर मगध यूनिवर्सिटी बोधगया, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बोधगया एव कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत वजीरगंज शामिल रहेंगे।

यह बैठक प्रत्येक 2 साल के अंतराल पर आयोजित होती है। इसमें मुख्य रूप से महाबोधि मंदिर के विकास, बोधगया क्षेत्र के विकास के साथ-साथ विभिन्न टूरिस्ट स्पॉट्स पर किए गए व्यवस्थाओं को और कैसे बेहतर व्यवस्था प्रदान किया जाए, इस पर मुख्य रूप से चर्चा एवं कार्य योजना तैयार किया जाता है।

उद्योग विभाग के अधीन चल रहे विभिन्न योजनाओं स्वीकृति एवं वितरण कैम्प का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

अरवल। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के निदेशानुसार जिला आपूर्ति पदाधिकारी की अध्यक्षता में उद्योग विभाग के अधीन चल रहे विभिन्न विभागीय योजनाओं यथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम व प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत ऋण स्वीकृति एवं वितरण कैम्प का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। जिसमें महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र अरवल, सहायक निदेशक, उद्योग विभाग, बिहार, पटना एवं सभी बैंक के पदाधिकारियों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पीएमइजीपी में 05 आवेदको एवं पीएमएफएमई में 03 आवेदकों के ऋणों की स्वीकृति प्रदान की गयी। उक्त योजनाओं में पीएमइजीपी में 17,13,000.00 (रू० सतरह लाख तेरह हजार) एवं पीएमएफएमई में 14,75,000.00 (रू० चौदह लाख पचहत्तर हजार) कुल 31,88,000.00 (एक्कतीस लाख अठासी हजार) मात्र का ऋण स्वीकृति एवं वितरण पत्र जिला आपूर्ति पदाधिकारी अरवल द्वारा किया गया।

होली मिलन समारोह का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

गया। कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी की ओर से सोमवार को शहर के उत्सव गार्डन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। जहां पर सभी ने एक-दुसरे को अबीर लगा कर पर्व की बधाई दी है। समारोह में गीत-संगीत कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर समारोह में गीत-संगीत की धुन पर आए हुए लोग जमकर आनंद लिया। आए हुए कलाकारों ने बेहतरीन कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर उन्होंने सभी का मनमोह लिया है। प्रस्तुति को देखकर उपस्थित पुरुषों, महिलाओं व बच्चो ने जम कर आनंद लिया है। आए हुए अतिथि ने कहा कि होली आपसी भाईचारे का त्योहार है। लोग इसे होली मिलन समारोह के रूप में मना कर भाईचारे का बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी संस्था का कार्य काफी सराहनीय है। अब तक कई लड़कियों का निशुल्क शादी कराया है। समय-समय पर सामाजिक कार्य भी किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि होली अंहकार पर करुणा प्रेम के जीत का प्रतीक है। होली एक ऐसा पर्व है कि गिले शिकवे भूल कर लोग एक-दूसरे से गले मिलते है। इस समारोह में शामिल महिलाओं और पुरुषों ने एक-दूसरे को अबीर -गुलाल लगाकर होली की बधाई दी है। कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि इस बैनर के तले अब तक हजारों गरीब असहाय लड़कियों की शादी कराई गई है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
पटना, गुरुवार, 22 फरवरी, 2024

संक्षिप्त खबरें

गया के बाजार में नवेदम धुप मिलावटी

गया।गया के गया शहर के बाजार में पुजा आरती मे काम आने वाली धुप सामग्री मे मिलावटी की खबर आ रही है बताया जा रहा है कि धुप के दुआ काला न देकर पिक कलर की धुआ दे रही है जिससे आम आदमी को सास लेने में दिक्कत भी हो रही है और जो धुप की ज्यादा बिक्री होने के कारण ऐसा होने का अनुमान आम लोगों ने लगाया है कि धुप अच्छी है लेकिन इसकी धुआ पिक आम आदमी के लिए खराब हो सकती है इसकी जाच करानी चाहिए।

जमीन विवाद में मारपीट घायल अस्पताल में भर्ती

शेरघाटी।थाना क्षेत्र के चिलीम गांव में भूमि विवाद को लेकर हुए मारपीट मामले में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, महिला के पहचान किरण देवी पति रमेश यादव के रूप में किया गया है, इधर पीड़ित महिला ने बताया कि गांव के ही मुरारी यादव,त्रिपुरारी यादव, बनवारी यादव आदि ने हमारे सास को बहला फुसलाकर जमीन को लिखवा लिया है, जब अपना जमीन पर गया तभी ये सब मारपीट करना शुरू कर दिए हैं, वहीं उक्त घटना के बाद से पीड़ित महिला ने शेरघाटी थाने में आवेदन देते हुए शिकायत की दर्ज करवाया है।

परीक्षा दिलाने आया युवक का बाइक हुआ चोरी

शेरघाटी। शेरघाटी शहर के रंगलाल इंटर स्कूल में अपनी बहन को मैट्रिक के परीक्षा दिलाने आया युवक का मोटरसाइकिल हुआ चोरी उक्त घटना बाद पीड़ित युवक थाना क्षेत्र के महादेवपुर के रहने वाला देवेंद्र कुमार ने लिखित आवेदन देते हुए शेरघाटी पुलिस से शिकायत की है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि बाइक चोरी की सूचना के बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

पुलिस ने बालू लदा ट्रक्टर को किया जब्त, चालक गिरफ्तार

शेरघाटी थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के बढई टोला मोहल्ले से अवैध बालू लदा हुआ एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। वहीं चालक को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार चालक का पहचान रोहित कुमार घाघर गांव का रहने वाला है। इसके खिलाफ निषेधात्मक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है। वहीं उक्त घटना में संलिप्त ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया।

डीएम द्वारा सभी पदाधिकारियों को दिया गया निर्देश

पटना।पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, पटना शीर्षत कपिल अशोक के निर्देश पर लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के आलोक में ज़िला प्रशासन द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) अभियान अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। बाढ़-अथमलगोला एवं विभिन्न क्षेत्रों में मतदाताओं को अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु आंगनबाड़ी सेविकाओं तथा सहायिकाओं द्वारा विविध प्रकार की गतिविधियों यथा रंगोली, मेंहदी, संगोष्ठी, रैली, स्लोगन इत्यादि से प्रेरित किया जा रहा है ह्ह्मतदाताओं को उनके मत का महत्व बताएँ तथा उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करें: डीएम द्वारा सभी पदाधिकारियों को दिया गया निदेशह्ह निर्वाचन प्रक्रिया फ्रेंडली एवं उत्सवी माहौल में संपन्न कराया जाएगा, हरेक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें: जिलाधिकारी ने किया सभी निर्वाचकों से आह्वान।

महागठबंधन का संयुक्त संवाददाता सम्मेलन

पटना।महागठबंधन के सभी दलों के नेताओं की संयुक्त बैठक राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय, पटना में राजद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ० अखिलेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जगदानन्द सिंह की अध्यक्षता में हुई।इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ० अखिलेश प्रसाद सिंह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री कृपानाथ पाठक, भाकपा माले के पोलित ब्यूरो सदस्य कॉमरेड मीना तिवारी, वरिष्ठ नेता के० डी० यादव, कॉमरेड अभ्युदय, सीपीआई के राज्य सचिव कॉ० रामनरेश पाण्डेय, सीपीआई राज्य सचिव कॉ० जानकी पासवान, कॉ० रामबाबू कुमार, सीपीआई (एम) के कॉ० सर्वोदय शर्मा, कॉमरेड अरुण कुमार, राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी, राष्ट्रीय महासचिव श्री श्याम रजक, श्री भोला यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री वृषिण पटेल, प्रदेश प्रधान महासचिव श्री रणविजय साहू की उपस्थिति में बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि लोकतंत्र एवं संविधान बचाने के लिए दिनांक 03 मार्च, 2024 को पटना के गांधी मैदान में ह्हजन विश्वास महारैलीह्ह आयोजित किया जायेगा।इस महारैली को राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लालू प्रसाद, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह वरिष्ठ नेता श्री राहुल गांधी, भाकपा माले के कॉ० दीपांकर भट्टाचार्य, सीपीआई के कॉ० डी० राजा, सीपीआई (एम) के कॉ० सीताराम येचुरी सहित सभी दलों के प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे।

रात के अंधेरे में अवैध बालू उठाव के चक्कर में ट्रैक्टर पलटी, चालक की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी। बांके बाजार थाना क्षेत्र के सैफगंज बालूघाट से रात के अंधेरे में बालू माफियाओं के द्वारा इन दिनों बालू का उठाव धड़ल्ले से किया जा रहा है इस गोरख धंधे पर अंकुश लगाने में पुलिस प्रशासन विफल साबित हो रही है। जिससे बालू माफियाओं का मोटी कमाई होती है। इस अवैध गोरख धंधे के चक्कर में एक ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई है वहीं इस मामले में बांके बाजार पुलिस ने बुधवार को सैफगंज गाँव से महज सौ मीटर की दूरी पर दुमोहान जो मोरहर नदी के तट पर स्थित ईंट भट्ठा के समीप एक ट्रैक्टर चालक का शव पुलिस ने बरामद किया है। मृत व्यक्ति की पहचान स्थानीय थाना क्षेत्र के सैफगंज गाँव निवासी 35 वर्षीय जुगेश मांझी के रूप में किया गया है। मृतक की पत्नी शांति देवी ने बताया कि लगभग दस बजे रात में सैफगंज गांव के ही ट्रैक्टर मालिक मिथिलेश प्रसाद मेरे घर आकर मेरे पति को बालू गाड़ी चलाने के लिए लेकर गए थे। उसके बाद से वह सुबह घर नहीं लौटे जब हमें एक लास के बारे में पता चला तो हमलोगों वहा पहुच कर देखा तो मेरे पति की लास थी,उसके बाद हमलोगों ने पुलिस को सूचना दिया। इधर घटना की खबर सुनते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन ने अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई और शव को अपने कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया के बाद बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए गया के मगध मेडिकल अस्पताल में भेज दिया है। वही इस घटना के बारे में लोग तरह-तरह की बाते कर रहे हैं क्योंकि मृतक का शव सैफगंज बालू घाट के समीप पुलिस ने बरामद किया है, और बालू घाट से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित आजन गाँव के समीप ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त होकर पलटी खाई हुई थी,तो ट्रैक्टर चालक का शव आखिर बालू घाट के समीप कैसे पहुंचा। कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी और ट्रैक्टर मालिक के द्वारा चालक को इलाज के लिए अस्पताल लेकर जाने के क्रम में बीच रास्ते मे ही उसकी मौत हो गई थी उसके बाद ट्रैक्टर मालिक ने चालक को छोड़ भाग निकला। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने काफी संख्या में बांके बाजार थाना गेट के सामने ट्रैक्टर मालिक के गिरफ्तारी के लिए हंगामा किया। इस घटना को लेकर मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

मृत व्यक्ति का एक बेटा जो 8 वर्ष विक्रम कुमार और एक बेटी जो 4 वर्ष किरण कुमारी हैं। मृतक के परिजनों ने बताया कि तीन से चार साल पूर्व मिथिलेश प्रसाद के इसी ट्रैक्टर से सैफगंज गाँव के श्रवण मांझी के साथ इसी तरह का घटना हुआ था जिसमें ट्रैक्टर मालिक द्वारा मृतक के परिजनों को सहयोग राशि देने का वादा किया गया था। पर श्रवण मांझी के परिजनों को एक फूटी कौड़ी तक नहीं दिया गया। इस मामले में मृतक के परिजनों द्वारा ट्रैक्टर मालिक के विरुद्ध बांके बाजार थाने में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया है। इस मामले में बांके बाजार पुलिस ने फिलहाल कुछ भी कहने से साफ इनकार कर रही है दुर्घटना है या हत्या पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

विकास की बहेगी गंगा, फ्री इलाज और फ्री होगी पढ़ाई : उमेश

प्रात : किरण संवाददाता

कलेर,अरवल। प्रखंड क्षेत्र के राजखरसा में स्वर्गीय डॉ महेंद्र प्रसाद उर्फ किंग महेंद्र की स्मृति में पंचायत प्रतिनिधि, समाजसेवी के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अरिस्टो फार्मा कंपनी के एम डी उमेश शर्मा उर्फ भोला शर्मा मुख्य अतिथि मे शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुखिया मनोज शर्मा ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में कई तरह की मुख्य समस्याएं हैं। मेरा प्रयास होगा कि बिहार को समस्या मुक्त बनाया जाय ।इसी उद्देश्य के तहत मेरे द्वारा प्रदेश के भिन्न-भिन्न जगहों में मूलभूत समस्याओं को दूर करने में लगा हूं ।जहानाबाद के ओकरी में मेरे द्वारा काफी विकास कार्य किया गया है ।वहां छात्रों को पढ़ने के लिए नएन आई टी कॉलेज की भी स्थापना की गई है। जहां उन्हें टेक्निकल पढ़ाई दी जाती है । मोबाइल बनाना, टीवी बनाना, कम्प्यूटर बनाना, आदि उन्हें सिखाया जाएगा। जिससे वे रोजगार कर सकेंगे ।उसे गांव में अस्पताल के अलावे कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं जिसे गांव की तस्वीर बदल गई है। ओकरी ही नहीं प्रदेश के कई ग्रामों का कायाकल्प किया जा रहा है इसके लिए उसे गांव का भ्रमण कर गोद लिया जाता है और उसे गांव में शिक्षा, चिकित्सा ,बिजली, शौचालय ,पीने का पानी सहित अन्य कार्य किए जाते हैं। अरवल जिले के ग्राम में आया हूं इस ग्राम की भी जो समस्या होगी उसे मैं दूर करने का प्राथमिकता के साथ कार्य करूंगा । मेहंदिया में उन्होंने एक अस्पताल बनाने की बात कही और लोगों को इसके लिए जमीन उपलब्ध कराने का आग्रह किया ।इस अस्पताल में बड़े-बड़े अस्पतालों जैसी सुविधाएं मौजूद रहेगी । इसके अलावे मेरे द्वारा इस क्षेत्र के लोगों के बीच एक एम्बुलेंस भी दिया जाएगा ।जिसमे डॉक्टर एवं दवा दोनों मौजूद रहेंगे। इस कार्यक्रम में जिले के तमाम ब्रह्हर्षी समाज के लोगों ने शिरकत किया।

विश्व मातृभाषा दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी की अध्यक्षता मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह ने किया मातृभाषा की उपादेयता, उन्नत कराती राष्ट्रीयता विषयक विचार गोष्ठी में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष संगम त्रिपाठी के आह्वान पर संबोधन के क्रम में संस्था के प्रदेश मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि स्थानीय स्तर पर मातृभाषा की उपादेयता राष्ट्र गौरव को बढ़ाने वाली होती है क्योंकि हम जो बोली बोलते हैं वह उन्नत होकर भाषा का रूप धारण कर लेती है।1826 ई तक हिंदी को खड़ी बोली के रूप में मेरठ के आसपास बोली जाती थी लेकिन जब यह राष्ट्र प्रेम से जुड़ी राष्ट्रीयता की भावना की चादर ओढ़ ली तो यह खड़ी बोली आज राजकीय भाषा हिंदी के रूप में प्रतिष्ठित हो गई। मातृभाषा हमें राष्ट्रीयता से जोड़ती है और देश प्रेम की भावना को बढ़ाती है। इस दिवस को मनाने का मूल उद्देश्य भाषाई,बहुभाषावाद सांस्कृतिक विविधता को महत्व देना है। जब हम किसी राष्ट्रीय स्तर के मंच पर शिरकत कर रहे होते हैं तो हमारी पहचान हमारी मातृभाषा ही बनती है। जैसे ही हम वक्तव्य का शुभारंभ करते हैं तो हमारी आवाज और ध्वनि का प्रकार मातृभाषा से ही निकलता है चाहे हम कितने प्रगाढ़ भाषा की गंभीरता को हम ओढ ले लेकिन मातृभाषा हमारी छुटती नहीं है। आज एक बार फिर पूरा विश्व हमारी और दृष्टि किए हुए हैं कि कब हम अपनी हिंदी भाषा को पूर्ण राष्ट्रभाषा के रूप में दर्जा दिलाकर प्रतिष्ठापित करतें हैं। विचार गोष्ठी के मौके पर जितेंद्र कुमार सिंह, राहुल कुमार,पवन कुमार सिंह,राणा सुनील सिंह, अधिवक्ता राम पुकार ओझा, गायक अमित कुमार सिंह, सोमप्रकाश रविकर,सौरभ राज सहित अन्य उपस्थित थे।

राष्ट्रीय लोक आदलत को लेकर अपर सत्र न्यायाधीश ने अधिकारियों के साथ किया बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी ।अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति शेरघाटी दीपक कुमार की अध्यक्षता में 09 मार्च को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर विभिन्न बैंकों, माप तौल विभाग, वन विभाग के साथ बैठक हुई। बैठक में पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया, दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक, कॉपरेटिव बैंक, यूको बैंक के पदाधिकारी भी शामिल रहे। बैठक में अधिक से अधिक

एनपीए प्रकृति के मामलों को चिह्नित कर उनमें पक्षकारों को नोटिश कर उसे राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर निष्पादित करने पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट कुमार शिवम और संजय कुमार मौजूद थें। अध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत आम आदमी को त्वरित और सस्ता न्याय प्रदान करने के लिए भारतीय न्यायपालिका द्वारा की गई एक अनूठी पहल है ।राष्ट्रीय लोक अदालत स्वैच्छिक भागीदारी, आपसी समझौते और समझौते के सिद्धांतों पर आधारित है। लोक अदालत की कार्यवाही गैर-विरोधाभासी होती है और यह निःशुल्क है। 09 दिसंबर को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक सुलहनीय वादों को निष्पादित कर इस सफल बनाने की दिशा में विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से प्रयास किया जा रहा है।

पत्रकार का अपहरण कर हत्या करने के प्रयास मामलें में गिरफ्तारी की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) काराकाट प्रखंड के हिंदी दैनिक प्रभात खबर के संवाददाता अशोक कुमार सिंह के साथ 20 फरवरी को संवाद संकलन के दौरान घटित अपहरण कर हत्या करने का प्रयास तथा मारपीट की घटना खनन इंस्पेक्टर एवं बालू माफिया गठजोड़ का परिणाम है। जिसका बिक्रमगंज प्रेस क्लब कड़ी शब्दो मे निंदा करते हुए हमलावरों को एक सप्ताह के अंदर अविलंब गिरफ्तारी की मांग करता है। ज्ञात हो कि एक माह के अंदर लगातार बालू,शराब तथा भूमि आदि माफियाओं द्वारा पत्रकारों को अपना निशाना बनाई जा रही है। जबकि अधिकारियों द्वारा पत्रकार की स्वतंत्रता को आहत करने एवं आवाज को दबाने के नियत से झूठा मुकदमा दर्ज कराई जाई रही है। अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्र में दर्ज की गई प्राथमिकी का अवलोकन किया जा सकता है। जो घटना के सभी मामलों में अनुमंडल पुलिस की उदासीनता एवं लापरवाही के वजह से अभियुक्त बनाये गए अपराधियो की गिरफ्तारी नही हो पा रही है, जो एक गंभीर चिंता का बिषय है और प्रेस क्लब से जुड़े पत्रकार आहत हैं। विदित हो कि इस घटना के पूर्व 21 जनवरी को काराकाट थाना कांड संख्या 36/2024 को पत्रकार रजनीकांत पांडेय पर भी जानलेवा हमला किया गया। जिसमें अभी तक हमलावर पुलिस गिरफ्त से बाहर है साथ ही बिक्रमगंज थाना कांड संख्या 75/2024 तहत 15 फरवरी को पत्रकार धर्मेंद्र कुमार सिंह पर भी एक सरकारी कर्मी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुधीरकांत शर्मा के द्वारा गलत ढंग से आरोप लगाकर झूठा मुकदमा दर्ज कराया गया है। जो बहुत ही निंदनीय है ।काराकाट थाना कांड संख्या 76/024 में अभियुक्त बनाये गए खनन इंस्पेक्टर राहुल कुमार सहित अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी अविलंब सुनिश्चित की जाय। अन्यथा बिक्रमगंज प्रेस क्लब से जुड़े पत्रकार आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जाएंगे।

विद्यालय व शिक्षक सीधे विधान सभा में मुख्यमंत्री के घोषणाओं के अनुसार संचालित होगा

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। अवकाश प्राप्त शिक्षक छठू सिंह ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि एसीएस, फीसीएस और शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के आदेश का कोई मतलब नहीं रहा ।इन्हें टरटराने दीजिए ।प्रजातंत्र में राज्य की विधायिका, विधानसभा जब स्वयं शिक्षा विभाग के कार्यों पर संज्ञान लेकर निर्देश दे रहा है ।अर्थात शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों की संवेदनविहीन निर्देश से राज्य के शैक्षिक क्रिया कलापों में आ रही अराजकता को सब लोग महसूस करने लगे हैं ।जिसे सबसे बड़ा ईमानदार अफसर का तगमा पहनाया जा रहा है उसके क्रिया कलापों का उच्च न्यायालय के न्यायाधीश या स्वतंत्र केंद्रीय / राजकीय जांच एजेंसियों से राज्य सरकार जांच करवाकर देखे कि वे कितने ईमानदार हैं ।जो शिक्षक जैसे गरिमामई पदधारक लोगों के लिए" साला " जैसे अपशब्दों का इस्तेमाल कर रहा हो वो शिक्षा विभाग का मुखिया के पद पर कार्य करने के लायक तो किसी भी परिस्थिति में नहीं है ।इसने हम सभी को शर्मसार कर दिया है ।ऐसे पदाधिकारियों

का पूर्ण बहिष्कार होना चाहिए। अपने अस्तित्व, अस्मिता और आत्मसम्मान की रक्षा अब आप सबों के हाथ में हैं ।10बजे पूर्वाह्न के पूर्व और 4.0बजे अपराह्न के पश्चात ५ या अन्य किसी भी प्रकार के विभागीय कार्यों का बहिष्कार किया जाना चाहिए ।व्हाट्सएप पर जारी किसी पत्रादेश का अनुपालन तब तक न हो जब तक कार्यालय या व्यक्तिगत रूप से पत्र प्राप्ति न करवाया जाय। अर्थात ऐसे हठधर्मियों के प्रत्येक कार्यों का असहयोग करने का बीड़ा उठाएं और गांधीजी के असहयोग आंदोलन की शुरूआत करें। शिक्षक की गरिमा को कलंकित करने वाले पदाधिकारियों का पूर्ण बहिष्कार। "जीना है तो मरना सीखो कदम कदम पर लड़ना सीखो।" अब अति हो गया है, भागने से बात नहीं बनेगी लड़ना होगा, निडर होके अड़ना होगा। जीतना है तो जीतने का संकल्प लो ।द्वंद या असमंजस में मत रहो, डरो मत ,नहीं तो जीते जी मार दिए जाओगे ।वाहिद अली वाहिद ने कहा है " द्वंद कहां तक पाला जाय, युद्ध कहां तक टाला जाय तुम भी राणा/चाणक्य के वंशज फेंक जहां तक भाला जाय।" धर्म युद्ध में कूद पड़ो, यदि अपने अधिकारों की रक्षा नहीं कर पाओगे तो अपने छात्र/छात्राओं को संवैधानिक अधिकारों और देशभक्ति तथा आत्मसम्मान की रक्षा का पाठ कैसे पढ़ाओगे? सोचो, विचारो,यदि समझ में न आ रहा हो तो अपने अंतर्मन से प्रश्न करो ? जवाब यही मिलेगा कि अधिकारों की रक्षा के लिए लड़ो नहीं तो इतिहास तुम्हें कभी भी माफ नहीं करेगा,हमेशा के लिए कलंक की काली कोठरी में सड़ना पड़ेगा ।अगर जरा सा भी गैरतमंद हो चाणक्य की भांति धनानंद का विनाश किए बिना चैन का सांस मत लेना ।याद रखो बिना संघर्ष और बलिदान के देश को आजादी भी नहीं मिली थी ।तुम्हारी आजादी और तुम्हारे संवैधानिक अधिकारों पर खंजर चलाने वालों को रसातल में मिलाना ही तुम्हारा लक्ष्य होना चाहिए।"आवाज दो हम एक हैं... एक हैं एक हैं..." इंकलाब जिंदाबाद, जिंदाबाद जिंदाबाद के नारों से पूरा बिहार गुंजायमान कर दो। जागो शिक्षक ,जागो ।कपटी ,सनकी, जुल्मी ने तुगलकी चुनौती दी है इसे खाक में मिलाकर ही छोड़ना है।

साढे पाच अरब के बजट से स्मार्ट होगा शहर : मेयर

प्रात : किरण संवाददाता

गया। नगर निगम में बुधवार को सशक्त स्थायी समिति की बैठक में मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान की अध्यक्षता में वितीय वर्ष 2024-2025 के लिए आय बजट 5 अरब 61 करोड़ 17 लाख 88 हजार 530 रुपया एवं प्रस्तावित व्यय 5 अरब 61 करोड़ 16 लाख 35 हजार 816 रुपया का है। इस प्रकार इसबार का बजट वितीय वर्ष 2024-25 का प्रस्तुत बजट 1 लाख 52 हजार 713 रुपया लाभ का बजट है ।बजट के लिए बुलायी गई सशक्त स्थाई समिति के बैठक का संचालन स्टैंडिंग मेंबर अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने किया है अब निगम बोर्ड की बैठक में बजट पर अंतिम मुहर लगेगी। मेयर बीरेंद्र कुमार ने कहा कि इस बार शहर को स्मार्ट बनाने के लिए बजट पेश किया गया है। इस बैठक में डिप्टी मेयर चिंता देवी, नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा, स्टैंडिंग सदस्य विनोद यादव, चुन्नू खां, स्वर्णलता वर्मा, तब्सूम परवीन, धर्मेंद्र कुमार, उपनगर आयुक्त शिवनाथ ठाकुर, लेखपाल गौतम कुमार सहित अन्य मौजूद थे। स्टैंडिंग

समिति के सदस्य मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि इसबार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए नगर निगम ने 5 अरब 61 करोड़ 16 लाख 35 हजार 816 का बजट पारित किया गया है। इस बार का बजट लाभ का बजट है। शहर के विकास और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने को लेकर बजट में कई प्रमुख कार्यों पर बल दिया गया है ।15 वीं वित आयोग की राशि से मार्गदर्शिका के अनुसार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जल-जीवन हरियाली मिशन, 12वीं अनुसूची के अनुसार कर्णांकित विषयों पर व्यय किया जाएगा ।छठा राज्य वित आयोग मद से मार्गदर्शिका के अनुसार ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, कच्ची गली-नालियों का पक्कीकरण,

पथों का जीर्णोद्धार, जलापूर्ति व्यवस्था का रख-रखाव, प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं 12वीं अनुसूची के अनुसार कर्णांकित विषयों पर व्यय राज्य योजना मद से शहर के बड़े पथों का निर्माण का लक्ष्य, स्वच्छ भारत मिशन अन्तर्गत कचरा से खाद्य का निर्माण एवं सम्पूर्ण जैविक रूप से व्यवस्था है। क्नसटेरेनसन & डोमेनेशन वेस्ट के निस्तारण लेक्चर टिटर्मेण्ट प्लांट एवं अन्य उपकरणों का अधिष्ठापन कार्य एवं ओपेरेसेनस & मेण्टेटेणस का कार्य प्रदूषण नियंत्रण के तहत प्राप्त राशि से फाउंटेशन एवं एसक्योआर ब्यूटीफिकेशन का कार्यएनसीएपी के तहत महत्वपूर्ण पथों पर पेभर ब्लॉक का कार्य, ग्रीन एरिया डेवलपमेंट सरभिलालेसेस सिसीटीम एसमओक टावर प्रदूषण नियंत्रण का कार्य ।गया नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत चारों दिशाओं में 08 स्वागत द्वार का निर्माण का लक्ष्य है ।सम्राट अशोक भवन के द्वितीय तल्ले का निर्माण एवं पूर्व से निर्मित भवन में साउण्ड सिस्टम के साथ फिक्स सिटिंग अरेंजमेंट, फाल्स सेलिंग & एयर कंडिशन का कार्य के०पी० रोड स्थित गाँधी स्मारक का जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य, गया नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न मुख्य पथों में बस स्टॉप का निर्माण ।गया शहर के यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु ट्रैफिक सिग्नल अधिष्ठापन का कार्य इंदिरा गांधी इन्डोर स्टेडियम एवं जवाहर नगर भवन का जीर्णोद्वार ।गया नगर निगम क्षेत्र के चार अंचल क्षेत्र में सफाई संबंधित वाहनों एवं उपकरणों हेतु भण्डार शाखा का निर्माण, मानपुर सलेमपुर पईन नाला का निर्माण,फल्गु नदी में गंदा पानी रोकने हेतु ट्रीटमेन्ट प्लान्ट एवं नाला निर्माण,ओपेन जीम का निर्माण चिल्ड्रेन पार्क या उपयुक्त स्थल पर मोनो ट्रेन का परिचालन की व्यवस्था,नागरिक सुविधा अन्तर्गत निगम के सम्पूर्ण क्षेत्र में डिलक्स शौचालय का निर्माण, गया नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत कब्रिस्तानों का निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण।

102 शहरों के 320 विद्यालयों में पूर्व मध्य रेल द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में 22,548 बच्चों ने लिया भाग

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा 26 फरवरी, 2024 को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर में 2000 से अधिक आरओबी/आरयूबी/अमृत रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन/शिलान्यास किया जायेगा। इस अवसर पर रेलवे द्वारा देश भर में ह्यह्य2047 के विकसित भारत का विकसित रेलह्यह्य विषय पर आधारित कविता, निबंध, पेंटिंग जैसे कई प्रतियोगिताओं का आयोजन विद्यालय के बच्चों के बीच किया जा रहा है । इन प्रतियोगिता के विजेता बच्चों से कार्यक्रम के दिन माननीय प्रधानमंत्री जी डिजिटली रूप से जुड़ेंगे तथा विजेता बच्चों को सम्मानित किया जाएगा । इसी कड़ी में पूर्व मध्य रेल के पांचों मंडलों में भी ह्यह्य2047 के विकसित भारत का विकसित रेलह्यह्य विषय पर आधारित कविता, निबंध, पेंटिंग जैसे कई प्रतियोगिताओं का आयोजन 320 विद्यालयों में किया गया जिनमें 22,548 बच्चों ने भाग लिया । इनमें दानापुर मंडल में 12 लोकेशन के 32

विद्यालयों में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिनमें 1675 बच्चों ने भाग लिया । पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल के 37 लोकेशन के 208 विद्यालयों में आयाजित प्रतियोगिता में 10058 बच्चों ने भाग लिया । धनबाद मंडल द्वारा 20 लोकेशन के 21 विद्यालयों में प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया जिनमें 3586 बच्चों ने भाग लिया । इसी तरह समस्तीपुर मंडल के 28 लोकेशन के 45 विद्यालयों में आयोजित प्रतियोगिता में 6125 बच्चों ने जबकि सोनपुर मंडल के 05 लोकेशन के 14 विद्यालयों में आयोजित प्रतियोगिता में 1104 बच्चों ने भाग लिया ।प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने काफी उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा उनमें माननीय प्रधानमंत्री जी से मिलने को लेकर काफी उत्सुकता भी दिखी ।

लोकसभा चुनाव को लेकर सीओ ने बनियापुर में किया शस्त्रों का सत्यापन

प्रात : किरण संवाददाता

बनियापुर । लोकसभा चुनाव को लेकर बनियापुर में शस्त्रों का सत्यापन कराया गया ।छपरा जिलाधिकारी के आदेशानुसार शस्त्र का सत्यापन 20 फरवरी से 29 फरवरी तक किया जाएगा। बनियापुर अंचलाधिकारी

ने बताया कि शांतिपूर्ण एवम निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने हेतु प्रशासन मुस्तैद है ।इसलिए शस्त्रों का सत्यापन कराया गया है ।अंचलाधिकारी ने बताया कि अभी तक करीब पच्चीस शस्त्रों का सत्यापन किया गया है ।उन्होंने कहा कि बनियापुर प्रखण्ड के सभी शस्त्रों का सत्यापन कराना होगा ।सत्यापन के दौरान लाइसेंस की जांच होगी ।लाइसेंसधारी का पूरा पता ,नाम एवम मोबाइल नम्बर दर्ज की जाएगी।

उधना से बरौनी एवं उधना से जयनगर के लिए एक-एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन का किया जायेगा परिचालन

हाजीपुर। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा उधना से बरौनी एवं उधना से जयनगर के लिए एक-एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है-

1. गाड़ी. सं. 09037/09038 उधना-बरौनी-उधना सुपरफास्ट स्पेशल (मोकामा-पटना-डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-जबलपुर के रास्ते)-गाड़ी सं. 09037 उधना-बरौनी सुपरफास्ट स्पेशल 23.02.2024 से 29.03.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को उधना से 08.35 बजे खुलकर अगले दिन शनिवार को 06.40 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं., 07.51 बजे बक्सर 08.38 बजे आरा, 09.35 बजे पटना, 10.20 बजे बख्तियारपुर, 10.36 बजे बाढ़ एवं 11.05 बजे मोकामा रूकते हुए 14.00 बजे बरौनी पहुंचेगी ।

वापसी में, गाड़ी सं. 09038 बरौनी-उधना सुपरफास्ट स्पेशल 24.02.2024 से 30.03.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को बरौनी से 17.00 बजे खुलकर 18.10 बजे मोकामा, 18.33 बजे आरा, 18.45 बजे बख्तियारपुर, 20.10 बजे पटना, 21.25 बजे आरा, 22.10 बजे बक्सर एवं 23.10 बजे पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं. रूकते हुए अगले दिन रविवार को 22.00 बजे उधना पहुंचेगी। इस स्पेशल में शयनयान श्रेणी के 18 एवं साधारण श्रेणी के 04 कोच होंगे । 2. गाड़ी. सं.09039/09040 उधना-जयनगर-उधना स्पेशल (दरभंगा-समस्तीपुर-बरौनी-पटना-डीडीयू- प्रयागराज छिवकी-जबलपुर के रास्ते)- गाड़ी सं. 09039 उधना-जयनगर स्पेशल 21.02.2024 से 13.03.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को उधना से 20.35 बजे खुलकर अगले दिन गुरूवार को 19.38 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं., 20.43 बजे बक्सर 21.34 बजे आरा, 22.25 बजे पटना तथा शुक्रवार को 01.25 बजे बरौनी, 03.10 बजे समस्तीपुर, 04.07 बजे दरभंगा, 05.15 बजे मधुबनी रूकते हुए 06.30 बजे जयनगर पहुंचेगी ।

संक्षिप्त खबरें

आग से बचाव हेतु विद्यालय में रसोईया को दी गई जानकारी

सदर मुंगेर। सदर प्रखंड अंतर्गत मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शंकरपुर पंचायत के उच्च माध्यमिक विद्यालय शंकरपुर में अग्नि विभाग के टीम द्वारा मॉक ड्रिल के माध्यम से आग से बचाव की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वही जानकारी दे रहे अग्नि विभाग के मुकेश कुमार शर्मा , विपुल कुमार, निधि कुमारी, मधु कुमारी, दिनेश राम, द्वारा बताया गया कि विभागीय निदेर्शानुसार हम लोग क्षेत्र में जाकर आग पर काबू पाने हेतु जानकारी देते। ताकि लोग आग लगने पर बचाव कर सके तथा लोगों को इसकी जानकारी दे इसी क्रम में आज उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा मध्य विद्यालय शंकरपुर में हमारे टीम द्वारा रसिया शिक्षक तथा बच्चों के बीच आज से बचाव की जानकारी दिए वही कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक दिवाकर देवांशु तथा शिक्षक रसोईया एवं बच्चे उपस्थिति रही।

दीये आवेदन पर पुलिस किया मामला दर्ज

नवगछिया (भागलपुर) । भवानीपुर ओपी थाना परिक्षेत्र अंतर्गत गनौल गांव के ग्रामीण नाथो सहनी ने अपने पड़ोस के रूपेश सहनी, सुमन सहनी, पदुम सहनी उर्फ सुजीत के विरुद्ध मारपीट कर जख्मी कर देने का आरोप लगाते हुए भवानीपुर ओपी थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिक दर्ज कराया है। वही दुसरी ओर भवानीपुर ओपी थाना परिक्षेत्र के मधुरापुर गांव के संजना खातुन ने गॉव के ही अकबर मियां, गुड्डू अली, मो. आशिक मियां, अन्नू मियां, बबली खातून, तेतरी खातुन समेत अन्य अज्ञात के विरुद्ध मारपीट व अन्य गम्भीर आरोप लगाते हुए भवानीपुर ओपी थाना में लिखित आवेदन दे प्राथमिकी दर्ज करायी है। वही उक्त दोनों मामलों की जानकारी देते हुए ओपी थानाध्यक्ष महेश कुमार ने बताया कि मामले को लेकर पुलिस जाँच में जुटी है, जॉचोपरांत संबंधित दोषियों के विरुद्ध कानूनी रूप से कार्रवाई की जाएगी।

मृतकों के परिजनों को सरकारी नौकरी की घोषणा करें सरकार: सपा

मुंगेर।लखीसराय सिकंदरा मार्ग पर हुए सड़क हादसे में जमालपुर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 35 स्थित जंहगीरा बस्ती के आठ लड़कों की मौत पर सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि हादसा शासन प्रशासन के अकर्मण्यता का बड़ा प्रमाण है जिसमें बालू माफिया की भी बड़ी भूमिका है, लखीसराय से हादसे में शिकार हुए युवकों के शव के साथ जमालपुर पहुंचे श्री यादव ने कहा की रात होते ही मुंगेर लखीसराय के सड़कों पर बालू माफिया का आतंक बोलता है ,जिसके भेंट ये सभी युवक चढ़ गए श्री यादव ने सरकार से मांग करते हुए कहा की यह सभी लड़के पढ़ाई के साथ-साथ काम करके अपने परिजनों का भरण पोषण भी करते थे।

डब्ल्यू एच ओ ने आयोजित किया स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

मुंगेर ।डब्ल्यूएच ओ द्वारा बरियारपुर प्रखंड के नया छावनी गांव के स्थानीय विद्यालय में एक जागरूकता अभियान चलाया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुंगेर एवं जमुई के डब्ल्यूएच ओ प्रभारी डॉ सतीश कुमार एस एम ओ ने किया। पीएससी बरियारपुर के पदाधिकारी मो आफताब, मो मेहिद वसीम ने सभी ग्रामीण चिकित्सक को खसरा एवं रूबेला , एकाएक लंच पूंज लकवा, गलघोटु, काली खांसी, नवजात टेटनस के लक्षण के बारे में जानकारी दी और सलाह दी की अगर ऐसे मरीज मिले तो उसे तुरंत डब्ल्यू एच ओ पदाधिकारी को जानकारी दें, क्योंकि ऐसे मरीज का जल्द से जल्द निशुल्क इलाज संस्था के माध्यम से हो सके, सरकार के द्वारा दिए जाने वाले सम्मान राशि के बारे में भी जानकारी दी, मौके पर उपस्थित डॉ महादेवानन्द, डॉ. दिवाकांत प्रसाद, डॉ. रवि कुमार मोना, डॉ ललन, डॉ अजय झा, डॉ सुनील, गौतम, राजीव रंजन, एवं अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

कृष्ण सेवा सदन सहित कई मुद्दें को भाजपा विधायक ने विधानसभा में उठाया सवाल

मुंगेर । मुंगेर के भाजपा विधायक प्रणाव कुमार ने विधानसभा सत्र के दौरान मुंगेर के कृष्ण सेवा सदन पुस्तकालय एवं बी आर एम कॉलेज एससी एसटी छात्रावास के लिए सुविधा उपलब्ध कराने की मांग रखा । वहीं उन्होंने कहा कि कृष्ण सेवा सदन पुस्तकालय की स्थिति काफी दायिनी है यहां रोज 160 से 170 छात्र छात्राएं पढ़ाई करने आते है। उचित व्यवस्था के अभाव में बच्चे सही से पढ़ाई नहीं कर पाते हैं। इसीलिए सेवा सदन का जीणोद्धार करने का मांग रखता हूं। बीआरएम कॉलेज मुंगेर तथा एससी एसटी छात्रावास की स्थिति बिल्कुल जर्जर हो गई है। इसका भी जीणोद्धार की मांग करता हूं। उन्होंने कहा कि छात्रावास वर्षों से बंद पड़ा है। वही विधायक प्रणव कुमार ने शुन्यकल के दौरान बरियारपुर प्रखंड कार्यालय के लिए अधिकृत जमीन का मुआवजा किसानों को 2013 के दर पर दिए जाने की बात से अवगत कराया।

बंजरंगबली का 4 सौ साल पुराना है भव्य मंदिर: ग्रामीण

- हिंदू मान्यता से जुड़े देश व विदेश से आते हैं श्रद्धालु भक्त
- अद्भुद विधि के साथ होती हैं पूजा अर्चना

प्रात: किरण संवाददाता, बसंत कुमार

नवगछिया (भागलपुर)। नवगछिया पुलिस जिला परिक्षेत्र के 15 किलोमीटर दूरी पर अवस्थित गोपालपुर प्रखंड परिक्षेत्र अंतर्गत सैदपुर गांव इलाके में विगत 4 सौ वर्ष पूर्व से अद्भुत बजरंगबली का मंदिर स्थापित है। यह मंदिर गंगा तट पर अवस्थित रहने के कारण यहां का नजारा अद्भुत दृश्य में देखने को मिलती है। इन मंदिर प्रांगण में महावीर बजरंगबली की पूजा अर्चना अलग तरीके की विधि से होती हैं। इस मंदिर में पूरे गांव के लोग अपने घर पर धाजा नहीं चढ़ाते हैं बल्कि पूरे ग्रामीण लोग मंदिर में ही बने एक पिंडी स्वरूप स्थल पर अपनी मनोकामना पूर्ण हेतू धाजा चढ़ाते नजर आते हैं। वही जब शक्ति स्वरूप में बने पिंडी पर धाजा की संख्या अत्यधिक मात्रा में जब भड़ जाती है तो बहरजात्रा करके पूरे गांव के ब्राह्मण के द्वारा इनकी पूजा अर्चना के साथ सभी धाजा को हटाया जाता है, साथ ही साथ सभी पंडितों को उसी पिंडी स्वरूप बने चबूतरे पर भगवान का प्रसाद के रूप में दही चूड़ा खिलाया जाता है। वही इस मंदिर को लेकर जानकार बताते हैं कि इनका इतिहास बहुत लंबे समय पूर्व से चला आ रहा है। वही ग्रामीणों के मुताबिक माने तो उनका कहना है कि पूर्वज के समय से बतायी गई एक कहानी है जिनके अनुसार बताया गया था कि इस स्थल पर करीब 4 सौ साल पूर्व एक पीपल के पेड़ पर बैठे हुए दो काला कौआ आपस में बात कर रहा था कि यह स्थान दो शक्ति पीठ का स्थान है। जहां एक तरफ बजरंगबली और दूसरी तरफ महाकाली का शक्ति पीठ है। वहीं पास से गुजर रहे नागा बाबा और डम्बर गिरी महंत ने उक्त दोनों कौआ की बात सुनकर इनदोनों महात्माओं ने दो पछियों की जबानी बात को समझ गए तभी दोनों महात्मा उक्त बात को ले आपस में बात की यही पर शक्ति पीठ है। उसी समय से दोनों महात्मा के द्वारा इस स्थल पर मंदिर की स्थापना कर पूजा विधि को सम्पन्न किया। इस मंदिर स्थल पर शहजानंद सरस्वती ने भी पहुंच कर पूजा अर्चना की थी, तभी से इस इलाके में शक्ति पीठ पिंडी पूजा का प्रचलन चलती चली आ रही हैं। इस मंदिर में पूजा अर्चना को लेकर देश ही नहीं बल्कि विदेश से भी श्राद्धालु आते हैं, जानकारों के मुताबिक इस मंदिर को लेकर इंग्लैंड, अमेरिका मोरेसियस आदि जैसे देशों में भी लोगों के बीच शक्ति पीठ के रूप में चर्चित हैं। लोगों की मान्यता के अनुसार इस मंदिर प्रांगण में जो भी भक्त श्राद्धालुओं की मन्नत मांगी जाती हैं, उन सबकी मांगी मुरादे है वो सभी पूरी होती है। इस स्थल पर पूजा अर्चना करने के हेतू भारी तादात में भक्तों की भीड़ जुटती है।

डीएम ने उद्योग विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं के चयनित लाभुकों के बीच ऋण का किया वितरण

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को संग्रहालय सभागार में उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत चयनित लाभुकों के ऋणों की स्वीकृति/वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीएमईजीपी योजना के अंतर्गत 17 लाभुकों को 111.60 लाख ऋण, पीएमएफएमआई योजना के अंतर्गत 14 लाभुकों को कुल 64.67 लाख का ऋण तथा एमएमयूवाई योजना के अंतर्गत 1 लाभुक को कुल 14 के ऋणों की स्वीकृति/वितरण किया गया। तीनो योजनाओं में कुल 182.27 लाख रुपए के ऋणों की स्वीकृति के लिए वितरण विशेष कैम्प के माध्यम से किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के लिए कई तरह की योजनाएं चलाई गई है, जिसके माध्यम से वे न सिर्फ अपनी आर्थिक स्थिति को बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे कर उन्हें भी रोजगार दे रहे हैं। कुटीर, लघु एवं गृह उद्योग लगाकर वे खुद को सबल बना रहे हैं। आप युवा अपनी योजना से संबंधित जानकारी उद्योग विभाग को उपलब्ध कराएं, उसकी जांच कर आप को विभाग द्वारा आपके योजना अनुरूप ऋण उपलब्ध कराया जाएगा जो कम से कम ब्याज दर पर निर्धारित अवधि तक चुकाना है। उन्होंने युवाओं एवं महिलाओं को अधिक से अधिक इन योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। उद्योग विभाग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में पीएमईजीपी। योजना के अंतर्गत अबतक 237 लाभुकों को कुल 1760 लाल रुपए, पीएमएफएमआई योजना के अंतर्गत अबतक 170 लाभुकों को कुल 778 लाख रुपए तथा एम एम यू वाई योजना के अंतर्गत अबतक 60 लाभुकों को कुल 101.00 लाख रुपए के ऋणों की स्वीकृति/वितरण करते हुए उनके स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए उद्योग विभाग के द्वारा प्रयास किया गया है। इस अवसर पर जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सहित सभी बैंको के प्रतिनिधि, उद्योग विभाग के पदाधिकारी एवं योजना के अंतर्गत लाभान्वित लाभुक उपस्थित थे।

वांछित व फरार कुख्यात टुन्ना चढ़ा पुलिस के हत्थे: एसडीपीओ

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओम प्रकाश ने नवगछिया थाना प्रांगण में प्रेसवार्ता आयोजित कर पत्रकारों को बताया कि विगत 24 जनवरी की देर शाम इस्माईलपुर थाना परिक्षेत्र अंतर्गत हटिया बाजार इस्माइलपुर इलाके में स्थानीय ग्रामीण मनोज मंडल पिता जगरनाथ मंडल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मृतक के परीजन के द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर सात नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध इस्माईलपुर थाना में मामला दर्ज किया गया था। वही उक्त घटना के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक नवगछिया के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवगछिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। गठित टीम द्वारा विगत 19 फरवरी को गुप्त सूचना के आधार पर खगरिया जिलांतर्गत चौथम थाना क्षेत्र के पटेल नगर इलाके में योजनाबद्ध तरीके से दबिश दे मामले के मुख्य नामजद अभियुक्त इस्माईलपुर के फुलकिया निवासी कुख्यात अपराधी टुन्ना यादव उर्फ टुनटुन उर्फ कुमार देश रत्न पिता उपेंद्र यादव को गिरफ्तार किया गया है। इस गिरफ्तारी टीम में इस्माईलपुर थानाध्यक्ष अमोद कुमार एवं सशस्त्र बलों को शामिल किया गया था। वही गिरफ्तारी को लेकर एसडीपीओ ने बताया कि हत्या मामले में फरार चल रहे अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस टीम द्वारा छापेमारी की जा रही है, जल्द ही अन्य फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वही एसडीपीओ ओमप्रकाश ने बताया कि गिरफ्तार टुन्ना यादव उर्फ टुनटुन का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। गिरफ्तार टुन्ना ने अपना अपराध स्वीकार किया कि पुरानी रंजिस में मनोज मंडल की गोली मारकर हत्या की थी। वही गिरफ्तार अपराधी टुन्ना यादव पर इस्माईलपुर थाना में हत्या, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट समेत कुल आठ बडे आपराधिक मामले पूर्व से दर्ज है। इस छापेमारी में इस्माईलपुर थानाध्यक्ष अमोद कुमार के साथ सशस्त्र बल एवं डीआईयू टीम शामिल थे। एसडीपीओ ने बताया कि इस सफलता के लिए छापेमारी दल में शामिल सभी पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को कुशल व सराहनीय कार्यों को लेकर पुरस्कृत किया जाएगा।

पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ने विधायक के दिये बयान को ले दी प्रतिक्रिया

- विधायक गोपाल मंडल के दिये बयान को लेकर घोर निंदा की

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। विगत दिनों रंगरा थाना परिक्षेत्र में हुए उपद्रव घटना को लेकर स्थानीय जदयू के बड़बोले नेता सह गोपालपुर विधायक गोपाल मंडल के दिये गए बयान को लेकर राष्ट्रीय जन जन पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे संजीव कुमार सिंह उर्फ झाबो ने वर्तमान विधायक गोपाल मंडल की घोर निंदा की है। विधायक के बयान को लेकर विधानसभा प्रत्याशी संजीव कुमार सिंह ने कहा कि विधायक ने अभी तक एक बार भी पीड़ित परिवार के किसी भी सदस्यों से मिलकर उनका हाल तक नहीं पूछा है, और ना ही कोई उसकी मदद करने की पहल की हैं, सिर्फ इस घटना को लेकर गलत राजनीति कर रहे है, और अपना राजनीतिक रोटी सेंकने का काम कर रहे हैं। वही उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय विधायक गोपाल मंडल द्वारा इस तरह से घटिया बयानबाजी कर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ना चाह रहे है, लेकिन विधायक जी को पता होना चाहिए की कानून अपना काम कर रही है। अपराधी कोई भी हो कानून की नजर से बच नहीं सकेगा। मामले को लेकर गोपालपुर विधानसभा की जनता भी अब आपको जान चुकी हैं कि जात का सहारा लेकर चुनाव जीत जाने के बाद आप अपनी जाती को भी जमीन से बेदखल करने का काम करते हैं, और अपनी ही जाति के स्थानीय लोगों को पीटने का काम भी करते है। अब आपकी जाति जाति बाला खेल गोपालपुर विधानसभा में नहीं चल पाएगा जनता सब जान चुकी है कि आप इन परिवारों के कितने हिमायती बने दिख रहे हैं।

मूर्ति स्थापना सह प्राण प्रतिष्ठा आयोजन को ले निकली भव्य कलश शोभायात्रा

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर प्रखंड के मड़वा पश्चिम पंचायत स्थित वार्ड नंबर आठ में श्री श्री 108 दक्षिणाभिमुख हनुमान मंदिर प्रांगण में प्रतिमा की स्थापना सह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर स्थानीय गंगा घाट से मंदिर परिसर तक भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस मौके पर आचार्य पंकज झा, पंडित नवीन चंद्र झा, शशि झा, नीरज मिश्रा, आशुतोष झा, अमित पाठक सहित 251 कलश धारी महिलाएं शामिल थें। वहीं नवयुवक संघ के अध्यक्ष मुकेश झा ने बताया कि कलश शोभायात्रा यात्रा में दर्जनों की तादाद में युवती, महिला व पुरुष शामिल थें। इस दौरान पूरे क्षेत्र इलाके में जय हनुमान जय श्रीराम के जयघोष से गूंजमान हो उठा था। वही उन्होंने कहा कि कलश शोभायात्रा के बाद बुधवार को प्रतिमा नगर भ्रमण कराया गया है तो वही गुरुवार को प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा पूजन कार्यक्रम के साथ साथ कार्यक्रम की संध्या बेला में सीता रामधुन का भव्य आयोजन किया जाएगा। वहीं कलश शोभायात्रा की अगुवाई रिक्की झा, विक्की मिश्रा, अंकुल झा, रुपेश झा, राहुल सिंह, मालिक सिंह, मनीष सिंह, सुरेश साह, पंडित कुमोद चंद्र झा, सच्चिदानंद चौधरी, पंडित प्रजापति झा, ललन झा, मिथिलेश ठाकुर, राजु झा, अशोक झा, नरेश झा, बौकू चौधरी, पुरुषोत्तम मिश्र, शैलेश ठाकुर, अमित, फंटूश, मुकेश झा समेत अन्य कई ग्रामीण के अलावा दर्जनों श्राद्धालुओं की मौजूदगी रही थी।

गंगा नदी में पुनर्स्थापना योजना अंतर्गतगत रिवर्स रैचिंग कार्यक्रम का आयोजन जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया

प्रात : किरण ब्यूरो

मुंगेर। मुंगेर जिले के सोझी घाट पर पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग बिहार द्वारा सात निश्चय योजना अन्तर्गत राज्य में गंगा नदी में पुनर्स्थापन योजनान्तर्गत रिवर रेंचिंग कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर संयुक्त मत्स्य निदेशक (अनुसंधान), उप मत्स्य निदेशक, जिला मत्स्य पदाधिकारी, मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड के मंत्री सहित अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा स्थानीय सोझी घाट पर इस कार्यक्रम के तहत भारतीय मूल की देशी प्रजाति की चार लाख 30 हजार चार सौ चालीस मछलियों को गंगा में संचयन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य गंगा एवं सहायक नदियों के स्थानीय मछलियों के प्रजातियों का जैव विविधता में संतुलन एवं संरक्षण, नदियों के प्रति किलोमीटर मत्स्य उत्पादन में अभिवृद्धि एवं मछुआरों का आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान करना है। नदियों में प्रदूषण एवं जल की गुणवत्ता ठीक नहीं रहने के कारण मत्स्य उत्पादन प्रभावित होने से बचाने के लिए यह योजना बहुत ही कारगर सिद्ध होगी। कार्यक्रम में सभी स्थानीय मछुआरों एवं विभागीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में रिवर रेंचिग कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

बाइक सवार दो बदमाशों ने युवक का मोबाईल छिनतई कर हुआ फरार

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। भवानीपुर ओपी थाना परिक्षेत्र अंतर्गत नवटोलिया गांव स्थित 14 नम्बर सड़क पर विगत शाम करीब साढ़े छह बजे मोटरसाइकिल सवार अज्ञात दो अपराधियों द्वारा टोटो सवार युवक के हाथ से मोबाइल छिनतई कर लिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर मिली जानकारी के अनुसार नवटोलिया के दीपक कुमार पिता मनोज चौधरी खगरिया जिला के भरतखंड अपने दोस्त के यहां से मिलकर टोटो से घर लौट रहा था। इसी क्रम में नवटोलिया काली मंदिर से आगे बढ़ने पर दीपक टोटो से उतरकर आगे बढ़ने ही वाला था तभी पीछे से तेज गति में बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियो ने उसके हाथ से रेडमी कंपनी का मोबाईल छिनतई कर नारायणपुर की ओर तेज रफ्तार में फरार होने में सफल रहे थे।

वही संबंधित घटना के बाद पीड़ित दीपक बाइक सवार अपराधियों के पीछे काफी दूर तक दौड़कर गया था, लेकिन बाइक सवार अपराधी तेज गति में सनलाइट मैदान जाने वाली सड़क होते हुए अन्यत्र कहीं फरार होने में सफल रहा था। वही कुछ देर बाद ही भवानीपुर ओपी थाना की गश्ती पुलिस नवटोलिया पहुंचकर जांच पड़ताल की। वही पीड़ित दीपक से पूछताछ के बाद भवानीपुर ओपी थाना में आवेदन देकर कांड दर्ज करने को कहा गया है।

पीएम मोदी ने वर्चुअल मोड में भवन का किया उद्घाटन

- 128 करोड़ की लागत से बना ट्रिपल आईटी भवन का हुआ शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। 50 एकड़ जमीन पर विकसित भारत मिशन के तहत 128 करोड़ की लागत से बने आधुनिक सुविधाओं से लैस एक हजार स्टूडेंट के पढ़ने और रहने के व्यवस्था के साथ ट्रिपल आईटी भवन का देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू कश्मीर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन उद्घाटन किया है। गौरतलब हो कि एक साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान अन्य 30 संस्थाओं का भी उद्घाटन किया है साथ ही नरेंद्र मोदी के साथ भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी मौजूद रहे थे। वहीं भागलपुर के ट्रिपल आईटी भवन के उद्घाटन समारोह में सांसद अजय कुमार मंडल कार्यक्रम स्थल ट्रिपल आईटी सबौर में उपस्थित रहे थे। जैसे ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईटी भवन का उद्घाटन किया।

वहीं इस भवन का स्थानीय स्तर पर विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलंकर सांसद, ट्रिपल आईटी के निदेशक व कई पदाधिकारी ने सामूहिक रूप से किया है। वही कार्यक्रम को लेकर ट्रिपल आईटी भागलपुर के निदेशक ने बताया कि यह काफी गौरव का पाल है और इस संस्थान की शुरूआत 2017 में हुई थी। जहां अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट की पढ़ाई होती है, यहां एक हजार स्टूडेंट है, जबकि इस बिल्डिंग में सारे ब्लॉक जुड़े हैं, अलग-अलग लड़के एवं लड़कियों के लिए हॉस्टल की सुविधा है, साथ ही उन्होंने बताया कि यहां छात्रों के लिए पढ़ाई के साथ-साथ अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होने के साथ अन्य मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। वर्तमान में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, मैकेनिक्स एंड ऑटोमेशन इंजीनियरिंग और गणित और कंप्यूटिंग में बीटेक कार्यक्रम चलाया जा रहा है, और 2021 से इस कॉलेज में एम टेक और पीएचडी कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है।

अखिल भारतीय किसान-मजदूर सभा द्वारा धरना आयोजित

मुजफ्फरपुर। अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा गायघाट प्रखंड कमेटी के तत्व धान में गरीब भूमिहीन किसान मजदूर एवं आम जनता के ज्वलन समस्याओं के समाधान हेतु गायघाट अंचल सह प्रखंड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना का आयोजन किया गया। इस धरना में प्रखंड के विभिन्न गांव से सैकड़ो की संख्या में किसान मजदूर महिलाएं एवं युवा शामिल हुए इस धरने की अध्यक्षता वीरेंद्र माझी ने किया और संचालन मृत्युंजय सिंह ने किया। धरने को अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा प्रांतीय अध्यक्ष रामवृक्ष राम ने संबोधित करते हुए कहा कि बिहार की नीतीश पलटू सरकार के नाम से प्रसिद्ध है। यह सरकार भी बड़ी पूंजी पतियों ,जमीदारों के साथ खड़ी है ।

मेला आयोजन को लेकर शांति समिति के साथ स्थानीय पुलिस की बैठक हुई सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर थाना प्रांगण में आगामी 25 फरवरी को होने वाले शब ए बारात व सैयदना हजरत मंगनशाह रहमतुल्ला अलैह के उर्स कार्यक्रम के आयोजन को लेकर स्थानीय शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर ने की। इस दौरान सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि आगामी 27 फरवरी को उर्स (मेला) के आसपास तीन पहिया व चार पहिया वाहन के लिए जो भी स्टैंड बनाए जाएंगे। उनसे संबंधित लोग बिहपुर थाना अध्यक्ष व उर्स इंतेजामिया कमेटी से वाहन पड़ाव को लेकर आदेश पत्र अवश्य लेंगे। वही अवैध वाहन स्टैंड संचालन के विरुद्ध कमेटी एवं थाना अध्यक्ष द्वारा कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। वही मेला आयोजन को लेकर तेतरी चौक से राघोपुर के रास्ते लतीपुर तक खरीक थाना अध्यक्ष द्वारा निगरानी की जाएगी, साथ ही भवानीपुर एवं झंडापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ओपी थाना अध्यक्ष द्वारा पुलिस प्रशासन की पैनी नजर बनी रहेगी। इस वार मेला आयोजन को लेकर कई नई जगह को चिन्हित किया गया है, जहां पुलिस प्रशासन की कड़ी निगरानी रखने की व्यवस्था के साथ तैनाती की जाएगी। इस मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर आलोक कुमार, एसआई सुजीत कुमार, राम जानकी ठाकुरबाड़ी के महंत नवल किशोर दास, उर्स इंतजामिया कमेटी के नायब सदर मो इरफान आलम, सचिव अब्दुल हसन, मुखिया मो सलाउद्दीन, मुखिया मनोज लाल, पूर्व प्रमुख अरविंद चौधरी, उप प्रमुख मो एनामुल, सरपंच सुल्तान किंग, प्रवीण कुमर, जीवन चौधरी, पंसस मो. जावेद, गुफरान रजा, उर्स इंतजामिया कमेटी कोषाध्यक्ष जैनुल अंसारी सहित इलाके के दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

फायरिंग मामले में दो अपराधी चढ़ा पुलिस के हत्थे: एसपी सिटी

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। विगत रात्रि औद्योगिक प्रक्षेत्र थाना के गंगा दियारा परिक्षेत्र इलाके में मक्का के खेती को लेकर हुई विवाद मामले में गोली फायरिंग की सूचना भागलपुर पुलिस को मिली थी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक नगर एवं स्थानीय पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंची तथा घटना की छानबीन की। इस मामले में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी, पुलिस उपाधीक्षक नगर के नेतृत्व में नाथनगर, बरारी, औद्योगिक प्रक्षेत्र, इस्माईलपुर, परबता थाना, सीआईएटी टीम एवं एसटीएफ के संयुक्त टीम के साथ छापेमारी की गई। वही छापेमारी के क्रम में दो अभियुक्तों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया है, साथ ही टीम द्वारा दियारा इलाके में लागातार छापेमारी की जा रही है। वही गिरफ्तार अभियुक्त की पूछताछ के क्रम में अभियुक्त ने अपनी पहचान गुटरंगा मंडल उर्फ सुनील मंडल पिता स्व. सितावी मंडल साकिन राघोपुर थाना परबत्ता व कुंदन मंडल पिता महेश्वर मंडल साकिन छोटी अलालपुर, थाना परबत्ता, दोनों जिला भागलपुर के रूप में पहचान बतायी गई हैं। उक्त आशय की जानकारी को लेकर एसपी सिटी के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। वही उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रतन कार्रवाई की जा रही है।

निजी अस्पताल में नवजात की मौत को लेकर परिजनों ने किया हंगामा

- अस्पताल के डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही बरते जाने का परिजनों ने लगाया आरोप
- अस्पताल में अप्रशिक्षित कम्पाउंड करते है अन्य मरीजों का इलाज

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया(भागलपुर)। जीरोमाइल स्थित जीवन ज्योति हेल्थ केयर क्लिनिक में इलाज के दौरान एक नवजात की हुई मौत के बाद उनके परिजनों व सुबचिन्तको ने जबकर हंगामा किया। वही नवजात की हुई मौत को लेकर उनके परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगते हुए कहा है कि इलाज में डॉक्टर की लापरवाही किये जाने के कारण नवजात की मौत हुई है। मृत नवजात की पहचान नवगछिया प्रखंड परिक्षेत्र के ढोलबज्जा धोबिनियाँ बासा निवासी बासुकी कुमार यादव के पुत्र के रूप में बतायी जा रही हैं। इधर घटना को लेकर अस्पताल संचालक का कहना है कि किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती गई है, मामला शॉर्ट आउट हो गया है, किसी प्रकार की लापरवाही की बात नही है। इलाज के दौरान बच्चे को सभी तरह के जीवन रक्षक दवाएं दी गई थी। मृतक के रिश्तेदार अमित कुमार यादव व नकुल कुमार ने स्थानीय मीडिया के प्रतिनिधि को बताया कि विगत 19 फरवरी की सुबह करीब 7 बजे जच्चा डिंपल कुमारी पति बासुकी कुमार यादव साकिन ढोलबज्जा धोबिनियाँ बासा को नवगछिया जिरोमाइल स्थित जीवन ज्योति हेल्थ केयर किलिनीक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वही परीजन ने कहा कि अस्पताल के चिकित्सकों ने जो कहा हमलोग सुन रहे थे। इस दौरान इलाज के नाम पर 40-45 हजार रुपए वसूले भी गए है। जच्चा को भर्ती कराया तब उसकी हालत सही थी। वहीं विगत सोमवार सुबह करीब 10 बजे नवजात का जन्म हुआ। वही उन्होंने बताया कि मंगलवार सुबह साढ़े छह बजे तक बच्चा स्वस्थ था, लेकिन अस्पताल के डॉक्टर द्वारा हम लोगों को बताया गया कि बच्चा ऑपरेशन करके हुआ है, नवजात को आईसीयू में भर्ती कराना होगा। वही परिजनों ने नवजात को सुरक्षित करने के लिए डॉक्टर के कहे अनुसार 24 घँटे आईसीयू में भर्ती कराया था, जिसके लिए 4 हजार रूपीए प्रतिदिन के हिसाब से अस्पताल कर्मचारियों ने बसूल कर लिए गए थे। वही परिजनों ने कहा कि इतने बड़े अस्पताल में अत्याधुनिक सुविधाओं की बात करते हैं लेकिन रात में डॉक्टर क्लिनिक में नही रहते है। वही उनके अप्रशिक्षित कम्पोंडर के भरोसे पर भर्ती नवजात सहित पूरा अस्पताल का भार था। सुबह साढ़े छह बजे तक बच्चा स्वस्थ था, वही सात बजे के करीब नवजात को एक कम्पोंडर ने एक इंजेक्शन दिया, जिसके बाद अगले ही पल में नवजात की मौत हो गई। वही जब नवजात की मौत के बारे में डॉक्टर से परीजन ने पूछा तो डॉक्टर ने कहा कि मेरे पास यही व्यवस्था था आप देखे तो अन्यत्र नवजात को लेकर चले जाते उक्त बात को लेकर परिजनों ने कहा कि आप समय पर रेफर करते तभी तो हम लेकर चले जाते। वही उक्त बात को लेकर डॉक्टर ने कहा कि यहां यही सिस्टम है, जहां जाना है वहां जाइए, कोई कुछ नही कर सकता है, यहां मेरा सिस्टम चलता है। वही सुबह करीब साढ़े छह बजे के बाद नवजात सीरियस हुआ तो अस्पताल संचालक ने कुछ नहीं बताया। अंतिम समय में दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह देने लगे थे।

रांची में इंग्लैंड-भारत के बीच 23 फरवरी को चौथा टेस्ट

● चौथे टेस्ट में यह हो सकती है भारत की प्लेइंग-11 ● पाटीदार को एक और मौका संभव, बुमराह की गैरहाजिरी ने मुश्किल बढ़ाई

रांची (एजेंसी)। इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में भारत 2-1 से आगे है। सीरीज का चौथा मुकाबला रांची में 23 फरवरी से खेला जाएगा। इसे जीतते ही भारत अंग्रेजों के खिलाफ लगातार तीसरी होम सीरीज जीत लेगा। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और केएल राहुल इस मुकाबले में भारतीय टीम का हिस्सा नहीं होंगे। सिलेक्टर्स ने मुकेश कुमार को टीम में शामिल किया है। सीरीज के अहम मुकाबले में जसप्रीत बुमराह की जगह कौन लेगा और भारत की प्लेइंग-11 क्या होगी, आगे जानने की कोशिश करते हैं।

बुमराह को आराम दिया, अब 2 कंडीशन-

सिलेक्टर्स ने बुमराह को आराम दिया है, तो प्लेइंग-11 में चेंज की दो कंडीशन बनती दिख रही हैं।

स्पिन पिच- सिराज के साथ 4 स्पिनर्स, अक्षर की वापसी संभव- बुमराह की गैरमौजूदगी में रांची की पिच स्पिन फ्रेंडली होने पर भारतीय टीम 4 स्पिनर और एक तेज गेंदबाज के साथ उतर सकती है। ऐसे में जडेजा, कुलदीप और अश्विन के साथ अक्षर पटेल को टीम में लाया जाएगा और मोहम्मद सिराज को पेसर के तौर पर रखा जाएगा।

सामान्य पिच - 2 पेसर उतर सकते हैं; मुकेश की वापसी या आकाश का डेब्यू भी संभव- यदि रांची की पिच दूसरे और तीसरे मुकाबले के जैसी रही, तो भारतीय टीम 2 तेज गेंदबाज के साथ उतरेगी। सिराज के साथ मुकेश कुमार तेज गेंदबाजी की कमान संभाल सकते हैं। या फिर युवा आकाश दीप को भी डेब्यू कराया जा सकता है।

पाटीदार को एक और मौका मिल सकता है

भारतीय टीम का टॉप ऑर्डर अच्छा कर रहा है। पिछले मुकाबले में कप्तान रोहित शर्मा (131 रन), यशस्वी जायसवाल (214 रन) ने धमाकेदार पारियां खेली थीं। गिल ने भी 91 रन का योगदान दिया था। मिडिल ऑर्डर में रजत पाटीदार को छोड़कर सरफराज खान ने दो अर्धशतक समेत 130 रन बनाए, जबकि रवींद्र जडेजा (112 रन) ने शतक जमाया।

इसके बावजूद रजत पाटीदार को एक और मौका मिल सकता है। रजत सीरीज के 2 मैचों में महज 46 रन ही बना सके हैं। अगर पाटीदार को बाहर किया गया तो देवदत्त पडिक्कल को मौका मिल सकता है। हालांकि, टीम से जुड़े सूत्र बता रहे हैं कि पाटीदार को एक बार फिर मौका दिया जा सकता है।

अहम मुकाबले से बुमराह को आराम क्यों?

बीसीसीआई ने कहा है कि बुमराह को रेस्ट देने का फैसला सीरीज की लंबी अवधि और पिछले कुछ दिनों में खेले गए क्रिकेट की मात्रा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। मतलब साफ है कि सिलेक्टर्स उन्हें आराम देकर आखिरी टेस्ट के लिए तरोताजा रखना चाहते हैं। साथ ही जून में टी-20 वर्ल्ड कप भी होना है। टीम मैनेजमेंट और सिलेक्टर्स नहीं चाहते कि इतने अहम टूर्नामेंट से पहले बुमराह चोटिल हों। वह चोट के कारण 2022 में ऑस्ट्रेलिया में हुए टी-20 वर्ल्ड कप का हिस्सा नहीं बन पाए थे।

बुमराह के बिना संभावित प्लेइंग-11

पिच स्पिन फ्रेंडली हुई तो...रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल और मोहम्मद सिराज।

सामान्य पिच पर...रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, रविचंद्रन अश्विन, मुकेश कुमार और मोहम्मद सिराज।

विराट-अनुष्का के घर बेटे का जन्म

5 दिन बाद सोशल मीडिया पर दी जानकारी, अकाय नाम रखा

मुंबई (एजेंसी)। विराट कोहली और अनुष्का शर्मा फिर पेरेंट्स बन गए हैं। 15 फरवरी को अनुष्का ने बेटे को जन्म दिया। उन्होंने इसकी जानकारी 20 फरवरी को इंस्टाग्राम पोस्ट पर दी। कपल ने कहा- आपकी दुआओं की दरकार है। कृपया इस वक्त हमारी प्राइवेसी का ध्यान रखें। बच्चे का जन्म कहां हुआ है यह नहीं बताया गया है। हालांकि 13 फरवरी को इंडस्ट्रियलिस्ट हर्ष गोयनका ने अपने ट्वीट में- 'टू बी बॉर्न इन लंदन' लिखा था। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि जन्म लंदन में ही हुआ है। कपल ने बेटे का नाम अकाय रखा है। इसका अर्थ निराकार या पूर्ण चंद्रमा या पूर्ण चंद्रमा की रोशनी भी होता है। इनकी पहले से एक बेटी है। जिसका नाम वामिका है। भगवान शिव और देवी पार्वती के मिले-जुले स्वरूप को वामिका कहा जाता है।

डिविलियर्स ने किया था पिता बनने की खबर का खुलासा

कुछ दिन पहले साउथ अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब लाइव स्ट्रीम में कोहली के पिता बनने की खबर का खुलासा किया था। एबी ने कहा था कि कोहली पिता बनने वाले हैं और वे परिवार के साथ हैं। इसीलिए उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से ब्रेक लिया है। बाद में डिविलियर्स ने भास्कर को दिए इंटरव्यू में कोहली की प्राइवेसी लीक करने पर माफी मांगी थी और अपने बयान को अपनी बहुत बड़ी गलती बताया था।

बेटे के जन्म के 2 दिन पहले हर्ष गोयनका ने भी दी जानकारी

इंडस्ट्रियलिस्ट हर्ष गोयनका ने 13 फरवरी को ट्विटर पर एक पोस्ट शेयर कर यह जानकारी दी थी कि अनुष्का लंदन में दूसरे बच्चे को जन्म देंगी। हर्ष गोयनका ने अपने ट्वीट में लिखा था- अगले कुछ दिनों में एक नया बेबी पैदा होगा! आशा है कि बच्चा महान क्रिकेटर पिता की तरह भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। या फिर वह अपनी मां को फॉलो करेगा और एक फिल्म स्टार बनेगा? हर्ष गोयनका ने अपने ट्वीट में 'मेड इन इंडिया' और 'टू बी बॉर्न इन लंदन' को भी टैग किया है। उनके इस ट्वीट से लोगों को यकीन हो गया था कि अनुष्का और विराट फिर से पेरेंट्स बनने वाले हैं। इसके बाद से ही फैंस विराट-अनुष्का को बधाई देने लगे थे।

जायसवाल कर सकते हैं कांबली की बराबरी

14 इनिंग्स में पूरे कर सकते हैं 1000 रन, 139 रन की और जरूरत

मुंबई (एजेंसी)। टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने राजकोट टेस्ट में दोहरा शतक लगाकर भारत की जीत में अहम योगदान दिया। 21 साल की उम्र में टेस्ट डेब्यू करने वाले जायसवाल महज 7 मैचों में 2 अर्धशतक, एक शतक और 2 दोहरे शतक लगा चुके हैं। वह टेस्ट क्रिकेट में एक हजार रन पूरे करने के भी करीब हैं। यशस्वी 7 मैचों की 13 इनिंग में 861 रन बना चुके हैं। अगर अगले मैच की पहली इनिंग में वह 139 रन बना लेते हैं तो सबसे कम इनिंग्स में हजार रन पूरे करने के मामले में विनोद कांबली के भारतीय रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे। वहीं, मैचों के लिहाज से हजार रन बनाने वाले भारत के फास्टेस्ट और दुनिया के सेकेंड फास्टेस्ट प्लेयर भी बन जाएंगे। भारत में यह रिकॉर्ड चेतेश्वर पुजारा और दुनिया में डॉन ब्रेडमैन के नाम है। ब्रेडमैन ने 7 मैचों में 1000 रन पूरा करने का कारनामा किया था।

रणजी क्वार्टर फाइनल नहीं खेलेंगे श्रेयस अय्यर

पीठ में चोट के कारण टीम से बाहर हुए; मुशीर खान मुंबई के स्क्वॉड में शामिल

मुंबई (एजेंसी)। श्रेयस अय्यर रणजी ट्रॉफी का क्वार्टर फाइनल मुकाबला नहीं खेल सकेंगे। बीसीसीआई ने पिछले दिनों रणजी ट्रॉफी नहीं खेलने वाले प्लेयर्स पर सख्ती अपनाई और उन्हें वॉर्निंग लेटर लिखा था। श्रेयस ने मुंबई के लिए रणजी के 7वें राउंड का मुकाबला नहीं खेला और अब वह इंजरी के कारण नॉकआउट मैच से बाहर हो गए हैं। अय्यर पीठ में चोट के कारण बाहर हुए हैं। वहीं टीम इंडिया के लिए टी-20 डेब्यू कर चुके शिवम दुबे भी इंजर्ड हैं। वह भी बड़ोदा के खिलाफ मुंबई से मुकाबला नहीं खेल सकेंगे। मुंबई ने नॉकआउट स्टेज के लिए 19 साल के ऑलराउंडर मुशीर खान को शामिल किया है।

श्रेयस ने इस सीजन एक रणजी मैच खेला - रणजी ट्रॉफी में एलिट ग्रुप के नॉकआउट मुकाबले 23 फरवरी से शुरू होंगे। मुंबई ने ग्रुप-बी में टॉप पर रहकर क्वालिफाई किया। श्रेयस टीम के लिए जनवरी में एक ही मुकाबला खेल सके थे। इसके बाद वह इंग्लैंड के खिलाफ टीम इंडिया से 2 टेस्ट खेलते नजर आए थे। शुरुआती 2 मुकाबलों में खराब परफॉर्मेंस के बाद उन्हें आखिरी 3 टेस्ट की टीम से बाहर कर दिया। इसके बावजूद उन्होंने 16 फरवरी से रणजी में टीम के आखिरी राउंड का मुकाबला नहीं खेला। अब वह पीठ में चोट के कारण क्वार्टर फाइनल से भी बाहर हो गए हैं।

मुंबई ने मुशीर को स्क्वॉड में शामिल किया

मुंबई ने क्वार्टर फाइनल के लिए 16 प्लेयर्स का स्क्वॉड घोषित किया। टीम में सरफराज खान के भाई और अंडर-19 टीम इंडिया स्क्वॉड के सदस्य मुशीर को शामिल किया गया है। वह अंडर-19 वर्ल्ड कप के कारण रणजी के लीग मुकाबले नहीं खेल सके।

वर्ल्ड कप में उन्होंने 2 सेंचुरी के सहारे 360 रन बनाए, लेकिन टीम को फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत दिलाने लायक योगदान नहीं दे सके। मुंबई की कप्तानी अजिंक्य रहाणे करेंगे। टीम में पृथ्वी शॉ, शार्दूल ठाकुर और धवल कुलकर्णी जैसे इंटरनेशनल प्लेयर्स भी शामिल रहेंगे।

मुंबई का स्क्वॉड

अजिंक्य रहाणे (कप्तान), पृथ्वी शॉ, भूपेन लालवानी, अमोघ भटकल, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, प्रसाद पवार (विकेटकीपर), हार्दिक तमोरे (विकेटकीपर), शार्दूल ठाकुर, शम्स मुलानी, तनुष कोटियान, आदित्य धूमल, तुषार देशपांडे, मोहित अवस्थी, धवल कुलकर्णी और रॉयस्टन डायस।

बैक इंजरी के कारण पिछले सीजन आईपीएल नहीं खेला

श्रेयस पीठ में इंजरी के कारण ही 2023 का आईपीएल सीजन भी नहीं खेल सके थे। उनकी जगह नीतीश राणा ने कोलकाता नाइट राइडर्स टीम की कमान संभाली थी। हालांकि टीम टॉप-4 में क्वालिफाई नहीं कर सकी थी। आईपीएल के बाद भी श्रेयस अगस्त तक क्रिकेट फील्ड पर वापसी नहीं कर सके। उन्हें एशिया कप के स्क्वॉड में जगह मिली, लेकिन वह 2 ही मुकाबले खेल सके। फिर वनडे वर्ल्ड कप में उन्होंने नंबर-4 की पोजिशन संभाली और 2 सेंचुरी लगाकर 530 रन बना दिए। श्रेयस ने फिर टेस्ट टीम में जगह बनाई और साउथ अफ्रीका दौरे पर दोनों मुकाबले खेले। उन्हें फिर इंग्लैंड के खिलाफ भी टेस्ट खेलने का मौका मिला, लेकिन लगातार 4 टेस्ट में एक भी फिफ्टी नहीं लगा पाने के कारण उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया।

श्रेयस को सालाना 3 करोड़ रुपए मिलते हैं

श्रेयस बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में आते हैं, उन्हें हर साल 3 करोड़ रुपए की सैलरी मिलती है। ऐसे में अगर वह फिट हैं और टीम इंडिया से नहीं खेल रहे हैं तो उन्हें अपनी घरेलू टीम से मुकाबले खेलने ही होंगे। श्रेयस ने फिट होने के बावजूद 16 फरवरी का मुकाबला नहीं खेला। अब वह चोट के कारण क्वार्टर फाइनल से बाहर ही हो गए।

स्पिन की मददगार पिच से रांची में मुकाबला बराबरी का होगा: पोप

रांची (एजेंसी)। इंग्लैंड के उप-कप्तान ओली पोप ने बुधवार को कहा कि चौथे टेस्ट में 'टर्न% लेती पिच से उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी क्योंकि मुकाबले में शुरू से ही स्पिनरों को मदद मिलने से मुकाबला बराबरी का हो जायेगा। हैदराबाद, विशाखापत्तनम और राजकोट में सभी टेस्ट में 'स्पोर्टिंग पिच' जिसमें स्पिनरों और तेज गेंदबाजों तथा बल्लेबाजों को मदद मिले) थीं जो मुख्य रूप से स्पिनरों के लिए मुफीद नहीं थी बल्कि इसमें सभी के लिए कुछ न कुछ मौजूद था।

पोप ने कहा, 'अगर यह पहली गेंद से स्पिन होती है तो इससे टॉस की भूमिका महत्वहीन हो जाएगी। इससे मैदान पर बराबरी की टक्कर होगी। उन्होंने कहा, 'काफी दफा शुरू में विकेट सपाट होता है लेकिन फिर यह खराब होने लगता है। हमने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहला टेस्ट जीता। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पिछले दो टेस्ट जीते। अगर आप थोड़े सपाट विकेट पर पहले बल्लेबाजी करते हैं तो इससे नतीजा तय नहीं होता लेकिन इससे आपको फायदा मिलता है।

हैदराबाद में इंग्लैंड के नायकों में एक पोप को लगता है कि जिस विकेट

पर अच्छा टर्न मिलेगा, इससे उन्हें विकेट झटकने के विकल्प मिल जायेंगे। उन्होंने कहा, 'हम जैसी उम्मीद लगाये हैं, अगर यह थोड़ा इसी तरह बर्ताव करेगा तो हमारा मैच में पलड़ा भारी हो जायेगा। हमारे पास कुछ युवा स्पिनर हैं, उन्होंने कुछ अच्छी पिचों पर अच्छी गेंदबाजी की है। इससे निश्चित रूप से हमें विकेट झटकने के मौके मिलेंगे। उन्होंने सपाट पिच पर भी अच्छा काम किया है।

पोप ने भारतीय स्पिनरों के असर को कम करने के लिए स्वीप शॉट का सहारा लिया था और 196 रन की पारी खेली जिससे इंग्लैंड ने श्रृंखला के शुरूआती मैच में जीत हासिल की थी। उन्होंने कहा, 'अगर पिच स्पिन करेगी तो हमें और अधिक स्वीप शॉट और नये तरह के शॉट देखने को मिलेंगे। हमने महसूस किया कि जडेजा, अश्विन और कुलदीप स्पिन लेती पिचों पर किस तरह का खतरा पैदा कर सकते हैं। पोप ने कहा, 'हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रयास उन्हें दबाव में बनाये रखना होगा जैसा हमने हैदराबाद में दूसरी पारी में किया था। अगर पिच वैसे ही स्पिन करती है तो टेस्ट से पहले हमारा काफी मनोबल बढ़ा होगा।

भारत ने जसप्रीत बुमराह को आराम देने का फैसला किया है तो पोप को लगता है कि मेजबान टीम अक्षर पटेल के रूप में चौथा स्पिनर उतार सकती है। उन्होंने कहा, 'भारत चौथे स्पिनर को लायेगा, जब वे विकेट देखेंगे और आज दोपहर इस पर ट्रेनिंग करेंगे तभी हमें पता चलेगा कि वे क्या करते हैं। वे पिच से क्या चाहते हैं, वे कुछ घास रखे रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'उन्होंने पिच पर इतना पानी दिया है कि हमें संभवत- भारत से अतिरिक्त स्पिनर की उम्मीद है। जसप्रीत नहीं है तो अक्षर पटेल निश्चित रूप से उनका विकल्प होगा।

इवो कार्लोविच ने आधिकारिक रूप से संन्यास की घोषणा की

जगरेब (क्रोएशिया) (एजेंसी)। इवो कार्लोविच ने ढाई वर्ष से कोई टूर्नामेंट नहीं खेलने के बाद बुधवार को आधिकारिक रूप से टेनिस से अपने संन्यास की घोषणा की। क्रोएशिया के इस ऊंची कद काठी के खिलाड़ी ने 'एक्स' पर लिखा, 'टेनिस खिलाड़ी के तौर पर मेरा करियर काफी संतोषजनक, अपरंपरागत और लंबा रहा है। कार्लोविच अगले हफ्ते 45 वर्ष के हो जाएंगे। उन्होंने अक्टूबर 2021 में कैलिफोर्निया में इंडियन वेल्स में दूसरे दौर में अपना अंतिम एटीपी मैच खेला था जिसमें वह हार गये थे। उनका अंतिम ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट मैच इससे छह हफ्ते पहले अमेरिकी ओपन के पहले दौर में मिली हार था।

कार्लोविच ने 25 साल के करियर में आठ एकल खिताब जीते, 371 जीत हासिल की और उन्हें 346 मैच में हार मिली। उनकी एकल में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 14 थी जो उन्होंने अगस्त 2008 में हासल की थी। ग्रैंडस्लैम में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2009 में विम्बलडन में रहा जिसमें वह क्वार्टरफाइनल तक पहुंचे थे। उन्होंने 2005 में क्रोएशिया के लिए डेविस कप जीता था जब फाइनल में टीम ने स्लोवाकिया को हराया था और देश का पहला खिताब दिलाया था। छह बार के ग्रैंडस्लैम एकल चैम्पियन बोरिस बेकर ने उन्हें 'एक्स' पर बधाई दी और उनकी सर्व को सर्वश्रेष्ठ करार दिया।

पीएसएल 2024

बाबर आजम ने बनाया विश्व रिकॉर्ड, ट्वंटी-20 फॉर्मेट में सबसे तेज 10 हजार पूरे

करांची (एजेंसी)। पाकिस्तान सुपर लीग के तहत लाहौर के मैदान पर कराची किंग्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में पेशावर जाल्मी के कप्तान बाबर आजम ने 72 रन बनाने के साथ ही ट्वंटी 20 फॉर्मेट का बडा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। बाबर अब ट्वंटी-20 फॉर्मेट में सबसे तेज 10 हजार पूरे करने वाले क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने विंडीज दिग्गज क्रिस गेल को पछाड़ा। बाबर ने कराची के खिलाफ तब बड़ी पारी खेली जब उनकी टीम ने 31 गेंदों के अंदर ही तीन विकेट गंवा लिए थे। बाबर ने 51 गेंदों पर 72 रन बनाए और रोवमैन पावेल और आसिफ अली की 23 रनों की पारी की बदौलत अपनी टीम को 154 रन तक पहुंचने में मदद की।

ट्वंटी-20 में सबसे तेज 10 हजार रन

271 पारियां - बाबर आजम, पाकिस्तान
285 पारियां - क्रिस गेल, विंडीज
299 पारियां -विराट कोहली, भारत
303 पारियां - डेविड वार्नर, ऑस्ट्रेलिया
327 पारियां - एरोन फिंच, ऑस्ट्रेलिया
350 पारियां - जोस बटलर, इंगलैंड

पीएसएल में भी लीडिंग स्कोरर बने

140 रन बाबर आजम, पेशावर जाल्मी
137 रन रिजा हेंडरिक्स, मुलतान सुलतान
119 रन साहिबजादा फरहान, लाहौर कलंदर्स
116 रन सलमान अली आघा, इसलामाबाद यूनाइटेड

114 रन सऊद शकील, क्वेटा ग्लेडिएटर्स - मुकाबले की बात करें तो पेशावर जाल्मी की शुरूआत खराब रही थी। ओपनर सैम अयुब पहली ही गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद मोहम्मद हैरिस

6 तो टॉम कोहलर 2 रन बनाकर आऊट हो गए। बाबर ने रोवमैन पावेल (39) और आसिफ अली (23) के साथ पारी आगे बढ़ाई। बाबर 51 गेंदों पर 72 रन बनाकर आऊट हो गए लेकिन टीम को 154 रन तक पहुंचा दिया। कराची किंग्स की ओर से मीर हमजा ने 28 रन देकर 3, हसन अली ने 30 रन देकर 3 तो डेनियल सेम्स ने 28 रन देकर 2 विकेट लिए।

दोनों टीमों की प्लेइंग 11

कराची किंग्स शान मसूद (कप्तान), मुहम्मद अखलाक (विकेटकीपर), जेम्स विंस, शोएब मलिक, कीरोन पोलार्ड, मोहम्मद नवाज, इरफान खान, डेनियल सैम्स, हसन अली, तबरेज शम्सी, मीर हमजा

पेशावर जाल्मी सईम अयूब, बाबर आजम (कप्तान), मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), टॉम कोहलर-कैडमोर, रोवमैन पॉवेल, आसिफ अली, आमेर जमाल, ल्यूक वुड, मोहम्मद जीशान, वकार सलामखिल, सलमान इरशाद

संक्षिप्त समाचार

छत्तीसगढ़ में पीएम आवास योजना के लाभार्थी छोटे वाहन में ले जा सकेंगे रेत

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान बनाने वाले परिवारों को राहत देते हुए उन्हें लीज वाले स्थानों से छोटे वाहनों में रेत ले जाने की छूट दे दी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को लीज वाले स्थलों से छोटी गाड़ी में योजना के तहत अपने मकान के निर्माण में इस्तेमाल हेतु रेत ले जाने की छूट प्रदान की है। उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को रेत लीज वाले स्थलों से छोटी गाड़ी में अपने आवास के निर्माण हेतु रेत ले जाने पर किसी तरह की रायल्टी नहीं देनी होगी। राज्य के वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि बीते पांच साल में प्रधानमंत्री आवास योजना के आवास नहीं बने। अब 18 लाख आवास बन रहे हैं। लाभार्थी अपने मकान का काम जल्द पूरा कर सकें। इसके लिए रेत लीज वाले स्थलों से छोटी गाड़ी से रेत ले जा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने राज्य में 18 लाख से अधिक आवास योजना के तहत स्वीकृत किये हैं। इनका निर्माण कार्य आरंभ हो गया है।

स्वामी प्रसाद मौर्य आजनई पार्टी का करेंगे ऐलान

लखनउ, एजेंसी। स्वामी प्रसाद मौर्य 22 फरवरी को अपनी नई पार्टी का ऐलान करेंगे। उन्?होंने कहा है कि अब 22 फरवरी को नई पार्टी के गठन के साथ ही आगे की दिशा तय होगी। पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक समाज की लड़ाई को आगे बढ़ाऊंगा। कहा कि मैं सपा से अब राह जुदा हो रही है, तो मेरी कोशिश रहेगी कि मैं 'इंडिया' गठबंधन में शामिल होकर या बाहर से उसका समर्थन करूंगा। बता दें कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और विधान परिषद सदस्य के पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कहा है कि मैं पद के लिए न कभी आया हूं और न गया हूं, मैंने उनका लाभ का पद भी वापस कर दिया है। पद आता जाता है लेकिन विचारधारा टिकाऊ होती है इसलिए विचारधारा से कोई समझौता नहीं। मंगलवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव को भेजे पत्र में स?वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि आपके नेतृत्व में मुझे सौहार्दपूर्ण वातावरण में काम करने का अवसर प्राप्त हुआ। आपसे 12 फरवरी को हुई वार्ता और 13 फरवरी को भेजे पत्र पर किसी भी प्रकार की वार्ता की पहल न करने के फलस्वरूप मैं सपा की प्राथमिक सदस्य से भी इस्तीफा दे रहा हूं। इसके साथ ही विधान परिषद के सभापति को पत्र भेजकर एमएलसी पद से इस्तीफा दिया है। इसमें कहा है कि मैं सपा के प्रत्याशी के रूप में विधान परिषद में निर्वाचित हुआ हूं। चूंकि मैंने सपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है, इसलिए नैतिकता के आधार पर इस पद से भी इस्तीफा दे रहा हूं। स्वामी प्रसाद ने बातचीत में कहा है कि अब 22 फरवरी को नई पार्टी के गठन के साथ ही आगे की दिशा तय होगी। पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक समाज की लड़ाई को आगे बढ़ाने के लिए मैं कदम आगे बढ़ा रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं लोकतंत्र और देश को बचाने के लिए समान विचारधारा के लोगों के साथ काम करूंगा। समाजवादी पार्टी से अब राह जुदा हो रही है, तो मेरी कोशिश रहेगी कि मैं 'इंडिया' गठबंधन में शामिल होकर या बाहर से उसका समर्थन करूंगा। अखिलेश यादव का समाजवादी सामने आ गया।

बीकेयू निकलेगा ट्रैक्टर मार्च, 23 की दिल्ली कूच को लेकर कई किसान संगठन साथ

नोएडा, एजेंसी। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में अपनी मांगों को लेकर लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे किसान 23 फरवरी को दिल्ली कूच की तैयारी कर रहे हैं। इन किसानों को अब कई अन्य किसान संगठनों का भी समर्थन मिलता दिखाई दे रहा है। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) ग्रेटर नोएडा के परी चौक से लेकर सूरजपुर कलेक्ट्रेट तक ट्रैक्टर मार्च निकलेगा। देश में हो रहे किसान आंदोलन के समर्थन में और नोएडा में किसानों की समस्याओं को लेकर यह प्रदर्शन किया जा रहा है। किसानों को मनाने के लिए मंगलवार को भी नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, डीएम और अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी की अगुआई में एक बैठक की गई।

शिबू सोरेन को दिल्ली हाईकोर्ट से झटका, जांच रुकवाने की याचिका खारिज

नई दिल्ली , एजेंसी।
दिल्ली हाईकोर्ट की डबल बेंच ने आय से अधिक संपत्ति मामले में लोकपाल की जांच से जुड़े मामले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन की याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस रेखा पल्ली और जस्टिस रजनीश भटनागर की खंडपीठ ने मंगलवार को इस मामले की सुनवाई करते हुए सिंगल बेंच के फैसले को बरकरार रखा है। अब उनके खिलाफ लोकपाल की कार्यवाही के आलोक में सीबीआई की जांच शुरू हो सकती है।

सोरेन ने भारत के लोकपाल की ओर से उनके खिलाफ शुरू की गई कार्यवाही को चुनौती देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने आय से अधिक संपत्ति को लेकर उन पर लगाए गए आरोपों को दुर्भावनापूर्ण बताया था। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की एकल पीठ ने इस पर सुनवाई के बाद बीते 22 जनवरी को उनकी इस याचिका को खारिज कर दिया था।

गौरतलब है कि झारखंड के गोड्डा क्षेत्र के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की ओर से शिबू सोरेन और उनके परिजनों के नाम पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की

शिकायत लोकपाल के समक्ष 5 अगस्त, 2020 को दायर की गई थी। इसमें कहा गया था कि सोरेन और उनके परिजनों ने झारखंड के सरकारी खजाने का दुरुपयोग और भ्रष्टाचार से अर्जित राशि से अनेक संपत्तियां बनाई हैं। इनमें कई बेनामी आवासीय और कमर्शियल परिसंपत्तियां भी हैं। इस शिकायत पर सुनवाई करते हुए लोकपाल की फुल बेंच ने 15 सितंबर, 2020 को सीबीआई को लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम, 2013 की धारा 20 (1) (ए) के तहत मामले में पीई (प्रीलिमिनरी इन्क्वायरी) दर्ज कर छह महीने में रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया था। सीबीआई ने मामले की जांच के बाद मार्च 2021 और उसके बाद 1 जुलाई 2021 को सोरेन परिवार की संपत्ति का पूरा ब्यौरा और उनके आयकर रिटर्न पर लोकपाल को रिपोर्ट सौंपी थी। इसके आधार पर लोकपाल ने शिबू सोरेन और परिवार के सदस्यों को नोटिस भेजकर उनका पक्ष मांगा था।

इसके बाद सोरेन परिवार के सदस्यों से मिले जवाब के आलोक में सीबीआई ने अंतिम पीई रिपोर्ट बीते साल 29 जून को लोकपाल के यहां दाखिल की। इसमें सीबीआई की ओर से कहा गया है कि सोरेन और परिवार के सदस्यों ने आय के ज्ञात और घोषित स्रोत से ज्यादा कई बेनामी संपत्तियां बनाई हैं। लोकपाल ने अपने आदेश में कहा था कि सीबीआई की विस्तृत रिपोर्ट के अवलोकन के आधार पर यह पाया गया है कि इस मामले में धारा 20(3) के अंतर्गत प्रोसिडिंग शुरू की जानी चाहिए। इस सिलसिले में शिबू सोरेन को लोकपाल की ओर से नोटिस जारी किया गया था।

शिक्षकों को 15 मिनट पहले स्कूल आना होगा, नीतीश कुमार बोले- केके पाठक ईमानदार अफसर

पटना, एजेंसी।
शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक को लेकर बिहार विधानसभा में बुधवार को लगातार दूसरे दिन भी हंगामा हुआ। विपक्षी सदस्यों ने केके पाठक को पद से हटाने की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। आरजेडी समेत अन्य विपक्षी दलों के नेता नीतीश कुमार मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे। इस पर मुख्यमंत्री भड़क गए। वे अपनी सीट से उठे और केके पाठक को ईमानदार अधिकारी बताते हुए विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने केके पाठक का बचाव किया और उन्हें ईमानदार अफसर बताया। नीतीश ने कहा कि स्कूल में कक्षाएं सुबह 10 बजे से ही शुरू होंगी, लेकिन शिक्षकों को 15 मिनट पहले विद्यालय पहुंचना ही होगा। दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को सदन के अंदर ऐलान किया था कि स्कूलों का समय 9 से 5 के बजाय 10 से 4 बजे तक किया जाएगा। इसके बाद एसीएस केके पाठक ने आदेश दिया कि भले ही कक्षाएं 10 से 4 के बीच चलेंगी। मगर शिक्षकों को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक स्कूल में रहना होगा। 9 से 10 के बीच फिजिकल अटेंडेंस होगी, शाम में आखिरी एक घंटे में मिशन दक्ष की कक्षाएं चलाई जाएंगी।

एक देश एक चुनाव की ओर बढ़ते कदम, जेपी नड्डा ने हाई लेवल कमेटी के सामने रखी राय

नईदिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद के नेतृत्व वाली हाई लेवल कमेटी को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जेपी नड्डा ने कहा कि देश में एक साथ चुनाव होना चाहिए। उन्होंने कहा, आज हाई लेवल कमेटी के सामने हमने एक राष्ट्र एक चुनाव पर अपनी राय दी। हम सबने स्पष्ट रूप से कहा कि जो विभिन्न स्तरों पर चुनाव होता है उससे देश और प्रदेश में कहीं न कहीं आदर्श आचार संहिता लगा रहता है। ऐसे में प्रशासन और सुशासन पर बहुत बड़ा असर पड़ता है। इसके साथ ही लोगों के हितों में काम करने की गति में रूकावट आती है। जेपी नड्डा ने कहा, अलग-अलग स्तर पर चुनाव होने से राजनीतिक दलों पर आर्थिक दबाव पड़ता है। यह स्थिति भ्रष्टाचार का कारण बनती है। इस पर विचार करने की जरूरत है। हमारी

सिक्योरिटी फोर्स की तैनाती बॉर्डर पर होती है मगर चुनाव के चलते बार-बार उन्हें राज्यों में भेजना पड़ता है। चुनाव के लिए बड़ी संख्या में टीचर्स लगाए जाते हैं जिससे शिक्षा पर असर पड़ता है। स्वास्थ्य कर्मियों को भी इलेक्शन ड्यूटी में लगाया जाता है। उन्होंने कहा कि सभी चीजों को ध्यान में रखकर हमने सिफारिस की है कि एक ही पहचान पत्र हो जो विधानसभा, लोकसभा, पंचायत चुनाव के लिए मान्य हो। एक साथ चुनाव भी होना चाहिए। हमें पूरा विश्वास है कि हाई लेवल कमेटी हमारी सिफारिस को सुनेगी। एक राष्ट्र, एक चुनाव के विचार पर मंथन करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में पिछले साल सितंबर में उच्च स्तरीय समिति बनाई गई थी। इस कमेटी ने 10 फरवरी को अबतक इस दिशा में हुई प्रगति की समीक्षा की थी। समिति ने राजनीतिक पार्टियों, पूर्व न्यायाधीशों और राज्य चुनाव आयोगों के साथ चल रहे मंथन का भी आकलन किया। बयान के मुताबिक, समिति ने अलग से द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के प्रतिनिधिमंडल से संवाद किया जिसका नेतृत्व पी. विल्सन कर रहे थे। इस दौरान पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने पार्टी के रुख से समिति को अवगत कराया। इस समिति को लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने की संभावना का आकलन करने व सिफारिशें देने की जिम्मेदारी दी गई है।

गुरुग्राम के दो युवकों ने स्विगी अकाउंट हैक कर दिए 1 लाख के ऑर्डर

नईदिल्ली, एजेंसी।
दिल्ली पुलिस ने दो ऐसे आरोपियों को पकड़ा है जिन्होंने कई स्विगी डिलिवरी अकाउंट को हैक कर मुनाफा कमाया। आरोपियों में एक का नाम अनिकेत कालरा (25) जबकि दूसरे का नाम हिमांशु कुमार (23) है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों आरोपियों ने कथित तौर पर हैक किए अकाउंट के जरिए ऑर्डर दिए और बाद में इन्हें कम कीमतों पर बेच दिया। आरोपियों ने स्विगी खातों को हैक करने के लिए एक इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम का इस्तेमाल किया। हवाले से हिन्दुस्तान टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अनिकेत कालरा पहले स्विगी और जोमैटो दोनों के लिए डिलीवरी बॉय के रूप में काम कर चुका है। डीसीपी (दक्षिण) अंकित कुमार ने सोमवार को बताया कि आरोपियों ने स्विगी खातों को हैक करने के लिए इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम का इस्तेमाल किया। आरोपियों ने इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम



के जरिए ऑर्डर के लिए सिस्टम में हेरफेर किया। दोनों गिरफ्तारियां सुल्तानपुर में एक महिला की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर की गई हैं। शिकायतकर्ता ने आरोपियों द्वारा स्विगी से जुड़े उसके लेजी पे अकाउंट से रकम निकाले जाने की सूचना दी। शिकायत में कहा गया है कि आरोपियों महिला को 97,197 रुपये की चपत लगाई। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए कॉल डिटेल और वित्तीय लेनदेन की जांच की। जांच से पता चला कि महिला को ऑटोमेटेड टेलीफोनी इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पांस (आईवीआर) सिस्टम से देर रात एक कॉल आई। इसमें उसे बताया गया कि कोई उसका अकाउंट हैक करने का प्रयास कर रहा है। इसके बाद उसके स्विगी अकाउंट के माध्यम से 97,197 रुपये के फर्जी ऑर्डर दिए गए। पुलिस ने जांच में पाया कि डिलीवरी गुड़गांव में की गई है। आरोपी फर्जी पते पर ऑर्डर ले रहे थे। इसके बाद पुलिस ने गुड़गांव में अनिकेत और हिमांशु को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, अनिकेत कालरा ने कम कीमत पर ऑर्डर बेचने के लिए ऑनलाइन छूट का इस्तेमाल किया।

डब्ल्यूएचओ ने गाजा के अस्पताल से 32 मरीजों को निकाला सुरक्षित

यरुशलम , एजेंसी। गाजा में युद्धविराम और बंधकों की रिहाई को लेकर तमाम प्रयासों के बीच इजरायल रफाह को लगातार निशाना बना रहा है। वह जमीनी लड़ाई की भी तैयारी कर रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मंगलवार को कहा कि खान यूनिस के नासिर अस्पताल से 32 गंभीर मरीजों को सुरक्षित निकाला गया है। इस तरह उसका दूसरा निकासी अभियान पूरा हुआ, लेकिन उसे अस्पताल में फंसे करीब 150 मरीजों व स्वास्थ्य कर्मियों को लेकर चिंता बनी हुई है। अस्पताल में बिजली और पानी की आपूर्ति ठप है।

बच्चों के लिए काम करने वाली यूएन एजेंसी यूनिसेफ के नेतत्व में एक अध्ययन में पाया गया है कि उत्तरी गाजा में छह बच्चों में से एक बच्चा कुपोषित है। फलस्तीन की स्वास्थ्य मंत्री माई अल-कैला ने सोमवार को कहा कि नासिर अस्पताल में सुविधाएं नष्ट होने से आठ मरीजों की जान गई है। उन्होंने इजरायल पर अंतरराष्ट्रीय दबाव की अपील की है। फलस्तीनी अधिकारियों ने कहा कि गाजा में अब तक 29,195 लोगों की जान गई है। इजरायल ने पिछले दिनों हमास आतंकियों और बंधकों की तलाश में नासिर अस्पताल में छापेमारी की थी। इजरायली बल एक हफ्ते से अस्पताल की घेराबंदी किए हुए थे, इससे वहां लोगों को परेशानियां बढ़ गई थीं। उन्हें क्षेत्र छोड़कर दूसरी जगह जाने को मजबूर किया जा रहा था। डब्ल्यूएचओ ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा है कि अस्पताल में अब भी 130 मरीज और 15 स्वास्थ्य कर्मी मौजूद हैं। दूसरी ओर, इजरायल रफाह के साथ आसपास भी अपना अभियान जारी रखे हुए है। इजरायली बलों ने लेबनान के सिडोन में हिजबुल्ला आतंकियों को निशाना बनाते हुए हमले में उनके दो गोदामों को नष्ट कर दिया है। हेग कोर्ट में दक्षिण अफ्रीका का इजरायल पर रंगभेद का आरोप फलस्तीन पर इजरायल के 57 वर्ष के कब्जे को लेकर नीदरलैंड के हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में ऐतिहासिक सुनवाई जारी है।

जेल में बंद इमरान खान के तेवर आक्रामक; बहन उज्मा ने पत्नी बुशरा बीबी के मेडिकल टेस्ट की मांग की

रावलपिंडी, एजेंसी।
पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली पर बयान दिया है। जेल के अंदर से जारी संदेश में उन्होंने कहा कि यह पाकिस्तान के इतिहास की सबसे बड़ी धोखाधड़ी है। इमरान ने कहा कि आठ फरवरी से पहले और मतदान के बाद भी बड़े पैमाने पर धांधली हुई।

गौरतलब है कि इमरान खान कई मामलों में अदियाला जेल में बंद हैं। ऐसे में अपनी बहन अलीमा खान से आज जेल में मुलाकात के बाद अपना संदेश उनके द्वारा भिजवाया। इसके बाद अलीमा ने पत्रकारों से कहा कि मतदान के बाद वास्तविक परिणामों के साथ छेड़छाड़ की गई। साथ ही इंटरनेट सेवा भी निलंबित कर रिजल्ट को छिपाने की कोशिश की गई।

इमरान खान की बहन अलीमा ने पूर्व रावलपिंडी कमिश्नर की सुरक्षा के बारे में खान की चिंताओं और समाधान की इच्छा पर जोर देते हुए कहा, अब खान साहब चाहते हैं कि यह सब खत्म हो जाए, उनकी मांग है कि जनता का असली जनादेश उन्हें सौंपा जाना चाहिए।

इमरान की बहन ने बुशरा बीबी के मेडिकल टेस्ट की याचिका लगाई: पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की बहन उज्मा खान ने

इस्लामाबाद हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर खान की पत्नी बुशरा बीबी का मेडिकल परीक्षण कराने की अपील की है। बीबी को उनके पति के घर में कैद रखा गया है, जबकि इमरान रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं। उज्मा ने कोर्ट से कहा, जेल के डॉक्टर की उपस्थिति में बुशरा बीबी की मेडिकल जांच कराई जाए। उन्हें 'एक हफ्ते पूर्व रसायन युक्त भोजन दिया गया था, जिससे उनके गले-पेट में जलन है।

सीईसी के तत्काल इस्तीफे की मांग तेज: वहीं, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) सिकंदर सुल्तान राजा के तत्काल इस्तीफे की मांग तेज कर दी है। उन्हें 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी आम चुनाव सुनिश्चित करने में कथित विफलता के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

पीटीआई का प्रतिनिधित्व कर रहे बैरिस्टर गौहर अली खान ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद इमरान खान के साथ मुलाकात के बाद पार्टी की मांग से अवगत कराते हुए कहा, निवर्तमान सीईसी सिकंदर सुल्तान राजा, चुनावी धांधली रोकने में विफल होने पर एक विवादास्पद व्यक्तित्व बन गए हैं। पीटीआई सीईसी राजा से तुरंत इस्तीफा देने की मांग कर रही है। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) पर अपनी जिम्मेदारी निभाने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए खान ने लियाकत अली चट्ठा के आरोपों और आठ फरवरी के चुनावों के संचालन की जांच की मांग की। उन्होंने दावा किया कि सीईसी राजा का इस्तीफा आठ फरवरी को रिपोर्ट की गई अनियमितताओं की गैर-विवादास्पद जांच में योगदान देगा।

बॉब की रेड मिल के संस्थापक बॉब मूर का 94 साल की उम्र में निधन

वॉशिंगटन, एजेंसी।
बॉब की रेड मिल के संस्थापक बॉब मूर का हाल ही में 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन के बाद उनकी दरियादिली की हर तरफ चर्चा है। दरअसल, मूर की प्राकृतिक खाद्य पदार्थ कंपनी अपने साबूत अनाज उत्पादों और अपने कर्मचारियों के प्रति प्यार रखने के लिए काफी प्रसिद्ध है। बॉब ने दुनिया छोड़ने से पहले ही 700 से अधिक कर्मचारियों को अपनी कंपनी सौंप दी थी।

एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मूर ने अपनी कंपनी को लेकर कुछ खास ही सोच रखा था। इसलिए एक खाद्य समूह को बेचने के बजाय उन्होंने अपने 700 कर्मचारियों को कंपनी का पूर्ण स्वामित्व दे दिया। दरअसल, उन्होंने साल 2010 में कंपनी के मालिक के रूप में हटने का फैसला ले लिया था। मूर ने अपने 81वें जन्मदिन पर अपने तत्कालीन 209 कर्मचारियों के लिए एक कर्मचारी स्टॉक स्वामित्व योजना की शुरुआत की थी। बाद में साल 2020 तक कंपनी में काम करने वालों की संख्या 700 हो गई थी। बॉब मूर के मरने से बहुत पहले ही कंपनी

पूरी तरह से कर्मचारी-स्वामित्व वाली हो गई थी।

मूर का कहना था कि वह एक परंपरा से बचना चाहते थे, जिसमें मालिक अपने कर्मचारी से ज्यादा अपने लाभ के बारे में सोचते हैं। इसलिए उन्होंने कंपनी को अपने कर्मचारियों को सौंपने का फैसला लिया। उन्होंने एक बार कहा था, मैंने लगभग 70 साल पहले सीखा कि सफलता के लिए कड़ी मेहनत और दयालुता कितनी जरूरी है। जैसे-जैसे हमारा छोटा व्यवसाय बढ़ता गया, मुझे एहसास हुआ कि मेरे पास उदारता का एक बड़ा अवसर है। मेरे पसंदीदा बाइबिल शास्त्र मैथ्यू में कहा गया है कि दूसरों के लिए वही करें जो आप चाहते हैं कि आपके साथ लोग करें। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगाता है कि हम को इसी मंत्र के साथ जीना चाहिए।

व्यापारी ने साल 2018 में कहा था कि बॉब की रेड मिल एक सपना था, जो सच हो गया था। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था कि वह कंपनी से इतना प्यार करते थे कि उन्होंने फैसला ले लिया था कि वह इसे कभी नहीं बेचेंगे और इसलिए कई बार जब कंपनी को लेकर प्रस्ताव आए तो उन्होंने इसका जमकर विरोध किया।

मूर ने आगे कहा, मैं कंपनी बेचना नहीं चाहता था इसलिए जो खरीदने आए थे उनका सोचना था कि मैं कम दिमाग वाला बेवकूफ इंसान हूं। उन्होंने कई बार बताया कि मैं कितना पागल हूं। हालांकि वे लोग वो नहीं बना सकते थे, जो मैंने बनाया।

मूर अपनी मृत्यु तक कंपनी के बोर्ड में थे, भले ही वह 2018 में सेवानिवृत्त हो गए थे। उन्होंने दावा किया कि जीवन भर के उतार-चढ़ाव के बाद उनकी सफलता की कुंजी हमेशा उनके वास्तविक उत्तर पर ध्यान केंद्रित करना था। उन्होंने कहा, मैंने पूरी दुनिया की यात्रा की है। मेरे पास एक प्यारा घर है। मैं सफल रहा हूं। मैंने अपना पैसा बर्बाद नहीं किया है। यह सब करना वाकई शानदार है। हालांकि एक चीज है कि आपके पास एक उद्देश्य होना जरूरी है।

करोड़पति ने 49 साल की उम्र में कंपनी की स्थापना की। इससे पहले, वह जेसी पेनी में एक गैस स्टेशन के मालिक और स्टोर मैनेजर थे। उन्होंने खुद को बाइबल के अध्ययन के लिए समर्पित कर दिया था। फोर्ब्स के अनुसार, 2018 तक उनकी कंपनी का राजस्व 100 मिलियन डॉलर से अधिक होने का अनुमान लगाया गया था। बॉब की रेड मिल 70 से अधिक देशों में 200 से अधिक उत्पाद बेचती है।

बॉब मूर के निधन की घोषणा करते हुए कंपनी ने कहा, बॉब का दूसरों के लिए सम्मान हमेशा रेड मिल के कर्मचारी-मालिकों को प्रेरित करेगा और हम दुनिया भर के लोगों के लिए पौष्टिक खाद्य पदार्थ लाकर उनकी विरासत को आगे बढ़ाएंगे। हम वास्तव में उनकी ऊर्जा और जीवन से बड़े व्यक्तित्व को याद करेंगे।

नवलनी की मौत पर एक्शन में अमेरिका, बाइडन ने रूस के खिलाफ लिया ये कड़ा फैसला

वाशिंगटन , एजेंसी। पुतिन के विरोधी और विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत के बाद अमेरिकी सरकार रूस पर भड़का हुआ है। नवलनी की मौत के बाद पश्चिमी देशों के नेताओं ने पुतिन को हत्यारा करार दिया है। उन्होंने कहा है कि पुतिन नवलनी की मौत के लिए जिम्मेदार हैं। हालांकि, पुतिन ने नवलनी की मौत पर कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं की है। इस बीच, राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी नेता एलेक्सी नवालनी की मौत और दो साल से यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिका शुक्रवार को रूस के खिलाफ प्रतिबंधों के एक बड़े पैकेज की घोषणा करेगा।

न्यूज एजेंसी रायटर्स के अनुसार, व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि रूस पर नवीनतम प्रतिबंधों में देश की रक्षा और औद्योगिक ठिकानों के साथ-साथ अर्थव्यवस्था के राजस्व के स्रोतों सहित कई वस्तुओं को निशाना बनाया जाएगा। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि यह पैकेज नवलनी के साथ जो हुआ उसके लिए रूस को जिम्मेदार ठहराएगा।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129